WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार
रायपुर, मंगलवार, 13 जनवरी 2026 शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 325 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वाकई डॉन बन गये हैं। गब्बर सिंह की तरह डॉयलॉग मार रहे हैं कि उनके कहर से दुनिया को कोई बचा सकता है तो वे खुद डोनाल्ड ट्रंप हैं। अब तो उन्हें अपरहण की सुपारी भी दी जाने लगी है। पाकिस्तानी रक्षामंत्री ख्वाजा अब्बास ने डोनाल्ड ट्रंप से गुजारिश की है कि वे इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को उठा लें। भारत में भी कुछ चिरकुट चाहते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उठवा लें। ये अहमक ये नहीं जानते कि भारत पर आँख उठाने वाला उठता नहीं है उठ जाता है।

ऑनलाइन धान टोकन व्यवस्था बंद, अब ऑफलाइन टोकन जारी होंगे

16.95 लाख किसानों से 93.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी, किसानों के खातों में सीधे 20,753 करोड़ रुपये का भुगतान

साय सरकार ने लिया बड़ा फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था को लेकर किसानों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने ऑनलाइन टोकन प्रक्रिया को बंद कर दिया है। अब प्रदेश के किसान धान बिक्री के लिए ऑफलाइन टोकन प्राप्त कर सकेंगे। सरकार के फैसले के अनुसार अब किसानों को धान बेचने के लिए सहकारी समिति केंद्रों से सीधे टोकन जारी किए जाएंगे। नए निर्णय के तहत किसान अपने नजदीकी उपार्जन केंद्र या सहकारी समिति में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

किसानों के खाते में पहुंचे इतने करोड़ रुपए : बता दें कि प्रदेशभर में 2,740 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से खरीदी की जा रही है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल

निगरानी में, सुव्यवस्थित और पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संचालित हो रही है। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि धान खरीदी का लाभ केवल वास्तविक किसानों तक ही पहुंचे और बिचौलियों या फर्जीवाड़े की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जिलेवार धान खरीदी (8 जनवरी तक)

महासमुंद 6,33,291 क्विंटल, बेमेतरा 5,33,482 क्विंटल, बलौदाबाजार-भाठापारा 5,15,071 क्विंटल, बालोद 4,99,074 क्विंटल, रायपुर 4,66,249 क्विंटल, धमतरी 4,43,308 क्विंटल, राजनांदगांव 4,42,473 क्विंटल, बिलासपुर 4,21,142 क्विंटल, जांजगीर-चांपा 4,18,429 क्विंटल, कवर्धा 4,12,003 क्विंटल, दुर्ग 3,60,605 क्विंटल, गरियाबंद 3,60,612 क्विंटल, मुंगेली 3,58,072 क्विंटल, रायगढ़ 3,42,528 क्विंटल, कांकेर 3,25,960 क्विंटल, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 3,14,758 क्विंटल। इसी तरह बस्तर 1,79,964 क्विंटल, बीजापुर 59,583 क्विंटल, दंतेवाड़ा 10,238 क्विंटल, कोंडागांव 1,97,106 क्विंटल, नारायणपुर 24,022 क्विंटल, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एम्स में भर्ती

नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सोमवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया। अधिकारियों के मुताबिक, वह पिछले सप्ताह दो बार बेहोश हो गए थे, जिसके बाद डॉक्टरों ने एहतियातन उन्हें अस्पताल में भर्ती कर एमआरआई समेत अन्य जांच कराने की सलाह दी। 10 जनवरी को धनखड़ को वॉशरूम जाते समय दो बार बेहोशी की हालत का सामना करना पड़ा था। सोमवार को वह नियमित जांच के लिए एम्स पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए तत्काल भर्ती करने का फैसला किया। यह पहली बार नहीं है जब धनखड़ को सार्वजनिक जीवन में ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ा हो। उपराष्ट्रपति रहते हुए भी वह कच्छ के रण, उत्तराखंड, केरल और दिल्ली में कई मौकों पर सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान अस्वस्थ होकर बेहोश हो चुके हैं।

स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर देश भर में श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (वार्ता)। उन्नीसवीं सदी के महान आध्यात्मिक गुरू और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर सोमवार को देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और जगह-जगह उनकी याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित गणमान्य हस्तियों ने देश के इतिहास के एक महत्वपूर्ण कालखंड में आध्यात्मिक चेतना और युवाओं को सामाजिक दायित्व की प्रेरणा देने में स्वामी विवेकानंद के महती योगदान को याद किया।

रायपुर में एपीडा के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

नई दिल्ली/रायपुर (वार्ता)। छत्तीसगढ़ में आयोजित दूसरे भारत अंतर्राष्ट्रीय चावल शिखर सम्मेलन के दौरान रायपुर में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई ने कहा कि एपीडा का रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय प्रदेश के किसानों को वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोडऩे का एक मिशन है। उन्होंने वैश्विक कृषि बाजारों में राज्य के किसानों, निर्यातकों और उद्यमियों की क्षमता का उल्लेख करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ उच्च मूल्य और दीर्घकालिक कृषि निर्यात में अग्रणी भूमिका निभाएगा। कार्यालय के उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

पीएम मोदी बोले- ऊर्जा क्षेत्र में हमारी प्राथमिकताएं समान

भारत-जर्मनी के बीच हुए कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर

■ **भारत-जर्मनी करीबी सहयोगी, भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां**

नई दिल्ली/वार्ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में डेलीगेशन स्तर की बातचीत की, जिसमें भारत-जर्मनी के सहयोग को और बढ़ाने पर जोर दिया गया। यह बैठक दोनों देशों के बीच 25 साल पुरानी रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करने और विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हुई। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि भारत और जर्मनी के बीच कई अहम समझौते हुए हैं। हमारा व्यापार सर्वोच्च स्तर पर है। हम मिलकर नई परियोजनाओं ओं पर काम कर रहे हैं।

आतंकवाद के मुद्दे पर भारत-जर्मनी एकमत

वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज हमने यूक्रेन और गाजा सहित कई वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। भारत सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर रहा है और इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है। हम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी के संबोधन की 5 बड़ी बातें...

- चांसलर मर्ज की ये यात्रा एक विशेष समय पर हो रही है। पिछले वर्ष हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किए और इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष भी मना रहे हैं।
- भारत-जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं के बीच करीबी सहयोग पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। रक्षा व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए मैं चांसलर मर्ज का आभार व्यक्त करता हूं।
- रक्षा और सुरक्षा में बढ़ता सहयोग हमारे आपसी भरोसे और साझी सोच का प्रतीक है। बढ़ते व्यापार और निवेश संबंधों ने हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को नई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर बोले-

भारत से जरूरी कोई देश नहीं आज होगी ट्रेड डील पर बात

■ **अगले साल भारत आ सकते हैं ट्रम्प**

नई दिल्ली। भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा जरूरी कोई देश नहीं है। उन्होंने ट्रेड डील को लेकर कहा कि कल यानी मंगलवार को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इसे लेकर फोन पर बात होने वाली है। अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती को असली बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। गोर ने उम्मीद जताई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले एक से दो साल में भारत का दौरा कर सकते हैं। अपने पहले संबोधन की शुरुआत गोर ने 'नमस्ते' के साथ की और कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गोर को ट्रम्प की टीम बनाने में जिम्मा मिला था

गोर व्हाइट हाउस में नियुक्तियों की जांच-परख में भी शामिल रहे हैं। उन्हें ट्रम्प की टीम में पर्दे के पीछे सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक माना जाता है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने गोर को प्रेसिडेंसियल पर्सनल ऑफिस का डायरेक्टर बनाया था। यह पद बहुत ताकतवर माना जाता है, क्योंकि इसके जरिए यह तय होता है कि सरकार में कौन-कौन लोग अहम पदों पर आएंगे। इस बार ट्रम्प ने सबसे ज्यादा ध्यान खुद में निष्ठा रखने वाले शख्स को चुनने पर दिया। दरअसल, पिछले टर्म में ट्रम्प की टीम में कई ऐसे लोग आ गए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोयला घोटाला: सौम्या-निखिल की 2.66 करोड़ की संपत्ति कुर्कु

■ **ईडी ने जमीन-फ्लैट समेत 8 प्रॉपर्टी अटैच की**

■ **रिश्तेदारों के नाम पर किया था इन्वेस्ट**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कोयला लेवी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सौम्या चौरसिया और निखिल चंद्राकर की 8 संपत्तियों को अटैच किया है। ईडी के रायपुर जोनल ऑफिस ने बताया कि कोल लेवी मामले में 2.66 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है। इन संपत्तियों में जमीन और आवासीय फ्लैट शामिल हैं। ईडी के अनुसार, ये संपत्तियां आरोपी सौम्या चौरसिया और निखिल चंद्राकर ने अपने रिश्तेदारों के नाम पर खरीदी थी। जांच में सामने आया है कि, इन संपत्तियों की खरीदी अवैध कोयला लेवी और अन्य उगाही गतिविधियों से अर्जित आय से की गई थी। इस केस में ईडी अब तक कुल 273 करोड़ की संपत्ति अटैच कर चुकी है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने अवैध कोयला परिवहन और व्यापार से जुड़ी गतिविधियों पर लेवी वसूली और जबरन वसूली के जरिए भारी रकम जुटाई। इसी अवैध धन को बाद में रियल एस्टेट में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्र-ईसी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से आजीवन छूट देने वाले कानून को चुनौती दी गई है। याचिका पर सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि वह इस कानून की जांच करना चाहती है।

कांग्रेस नेता जया ठाकुर की याचिका में कहा गया : यह प्रावधान मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके कामकाज से जुड़े मामलों में पूरी जिंदगी के लिए नागरिक और आपराधिक कार्रवाई से बचाव देता है। ऐसी सुरक्षा संविधान बनाने वालों ने न्यायाधीशों को भी नहीं दी थी। इसलिए संसद ऐसा संरक्षण नहीं दे सकती, जो संविधान में दूसरे बड़े पदों पर बैठे लोगों को नहीं मिला। दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएसएलवी-सी62 में प्रक्षेपण के बाद तकनीकी समस्या, इसरो चीफ बोले- जांच जारी

श्रीहरिकोटा / बंगलूरू। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज 260 टन वजनी पीएसएलवी-सी62 रॉकेट से उपग्रह अन्वेषा समेत 14 अन्य सैटेलाइट की लॉन्चिंग की, लेकिन प्रक्षेपण के तीसरे चरण में तकनीकी खराबी आ गई। यह इस साल का पहला प्रक्षेपण था। आज श्रीहरिकोटा प्रक्षेपण केंद्र से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह अन्वेषा व 14 अन्य उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया जाना था। हालांकि, प्रक्षेपण के बाद रॉकेट तय रास्ते से भटक गया और मिशन की विफलता का संकेत मिला।

लगातार दूसरी बार रास्ते से भटका पीएसएलवी रॉकेट: प्रक्षेपण के करीब पांच घंटे बाद 03:11 बजे सूत्रों के हवाले से बताया कि उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित करने का मिशन पूरा नहीं हो सका और सभी 16 उपग्रह अंतरिक्ष में खो गए।

मई 2025 में भी खराबी के कारण नाकामी

इससे पहले मई 2025 में भी पीएसएलवी रॉकेट में परेशानी आई थी। पिछले प्रयास-पीएसएलवी-सी61- ईओएस-09 के प्रक्षेपण के दौरान 'मोटर प्रेशर की समस्या हुई थी। इसी कारण मिशन सफल नहीं हो पाया था। वैज्ञानिकों के मुताबिक मोटर केस के चैंबर प्रेशर में गिरावट आई थी।

गरमा-गरमा

राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी

बालोद जिले के ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी का भव्य समापन

स्काउट एक जीवन पद्धति, जो चुनौतियों का सामना करना सिखाती है

बालोद/रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि स्काउट एक जीवन पद्धति है, जो हमें चुनौतियों का सामना करने तथा अभाव में भी जीवन जीना सीखाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्काउटिंग के दौरान व्यक्ति जो मूल्यों एवं आदर्शों को ग्रहण करता है। वो उनके भावी भविष्य के साथ-साथ राष्ट्र व समाज के नव निर्माण हेतु भी अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। मुख्यमंत्री श्री साय आज बालोद जिले के ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के समापन अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे। श्री साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से पधारे रोवर रेंजरो एवं स्काउट्स गाइड्स का भगवान श्री राम के ननिहाल एवं माता शबरी की तपोभूमि छत्तीसगढ़ में आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बालोद जिले के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

युवाओं में नेतृत्व, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण का संकल्प: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी के आयोजन हेतु छत्तीसगढ़ को चुना जाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने देशभर से आए युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा ही राज्य और राष्ट्र का भविष्य हैं। मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वित्त मंत्री 1 फरवरी को पेश करेंगी 9वां बजट

वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पहली बार रविवार को होगा पेश

नई दिल्ली। संसदीय इतिहास में पहली बार रविवार के दिन केंद्रीय बजट पेश होगा। वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट इस बार रविवार को पेश किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार, 1 फरवरी को संसद में बजट पेश करेंगी। आमतौर पर संसद की कार्यवाही सप्ताहांत पर नहीं होती है, ऐसे में रविवार के दिन बजट प्रस्तुत होना एक ऐतिहासिक क्षण होगा।

मोरारजी देसाई के किस रिकॉर्ड के करीब पहुंचीं सीतारमण?- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए यह बजट व्यक्तिगत तौर पर भी एक बड़ी उपलब्धि होगा। यह उनका लगातार नौवां बजट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

कचना धुरुवा महाविद्यालय में स्वयं सेवकों ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

छुरा /नवप्रदेश। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके युवाओं की सोच और उनकी कार्यक्षमता पर निर्भर करती है राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष व युवाओं के प्रेरणाश्रोत रहे , स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे ने कचना घुरवा महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उक्त बाते कहे। उन्होंने आगे बताया कि युवाओं को देश का भविष्य कहा जाता है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके युवाओं की सोच और उनकी कार्यक्षमता पर निर्भर करती है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनका मानना था कि युवा शक्ति ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। महाविद्यालय के प्राध्यापक व पुर्व स्वयं सेवक विनोद यादव ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की शुरुआत 1984 में हुई थी। भारत सरकार ने महसूस किया कि स्वामी विवेकानंद का दर्शन और उनके आदर्श भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत हो सकते हैं। इसलिए साल 1984 में भारत सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया , और राष्ट्रीय युवा दिवस का सबसे पहला आयोजन 12 जनवरी 1985 को किया गया। सह कार्यक्रम अधिकारी व सांस्कृतिक प्रभारी निर्मला यादव ने बताई कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो के विश्व धर्म संसद में भारत और अध्यात्म का परचम लहराया था। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे। वही क्रीड़ा अधिकारी प्राध्यापक तरुण निर्मलकर ने कहा कि हर साल इस दिवस को एक खास थीम के साथ मनाया जाता है, जो वर्तमान समय की चुनौतियों और युवाओं की भूमिका को दर्शाता है।वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की थीम युवाओं की शिक्षा और रोजगार पर आधारित है। यह थीम युवाओं के नवाचार और कौशल को विकसित करने पर जोर दे रहा है, ताकि भारत एक विकसित देश बन सके।

बिरकोनी में हुआ संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र का शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। बिरकोनी में संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का मुख्य स्तंभ बनेगा। संगवारी केंद्र का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह केंद्र केवल एक कार्यालय नहीं, बल्कि उन महिलाओं के लिए एक 'सपोर्ट सिस्टम' के रूप में कार्य करेगा जो हिंसा, भेदभाव या किसी भी प्रकार के मानसिक उत्पीड़न का सामना कर रही हैं। इस संसाधन केंद्र के माध्यम से महिलाओं को अनेक सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। जिसमें अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा पीड़ित महिलाओं को मानसिक और सामाजिक संबल देना, कानूनी अधिकारों की जानकारी और न्याय पाने में उचित सहायता, लैंगिक समानता, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना है। संकट की स्थिति में महिलाओं को तत्काल सहायता और सही दिशा निर्देश प्रदान करना। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जब महिलाएं निडर होकर समाज में अपनी बात रखेंगी, तभी वास्तविक प्रगति संभव है। संगवारी केंद्र महिलाओं के कौशल विकास और सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने में भी सेतु का कार्य करेगा, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

शासकीय पीजी कॉलेज बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी ए अंतिम वर्ष भूगोल विषय के विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन में विभाग अध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार बढाई द्वारा भूगोल अध्ययन को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से बारनवापारा अभ्यारण, शिवरीनारायण, खरौद, सोनाखान, गिरौदपुरी जैसे प्राकृतिक व ऐतिहासिक स्थलों का भौगोलिक भ्रमण कराया गया। सब से पहले बारनवापारा अभ्यारण में पहुंचकर वन पारिस्थितिकी, वनस्पति व वन्य जीवों के रहवास तथा मिट्टी के प्रकार एवं संरक्षण संबंधी भौगोलिक तथ्यों का अध्ययन कर जैव विविधता संरक्षण पर परिचर्चा किया गया तत्पश्चात शिवरीनारायण में महानदी शिवनाथ नदी जोक नदी के संगम तथा दसवीं शताब्दी में निर्मित शिवरीनारायण मंदिर का अवलोकन किया गया और नदी प्रणाली व धार्मिक, सांस्कृतिक भू दृश्य को अवलोकन कर मानव व पर्यावरण के अत: क्रिया को समझने का प्रयास किया गया छत्तीसगढ़ की काशी खरौद जाकर प्राचीन शिव मंदिर का दर्शन किया गया व ऐतिहासिक महत्व को समझा तत्पश्चात गिरौदपुरी के पठार स्थलाकृति का अध्ययन करते हुए बाबा गुरु घासीदास जन्म भूमि स्थल का दर्शन किए तथा सोनाखान पहुँचकर वीर नारायण सिंह की विरासत सहित स्वतंत्रता संग्राम काल के ऐतिहासिक स्थलों को अवलोकन किया गया तथा ग्रामीण संस्कृति से छात्रों को परिचित कराया गया। इस प्रकार भौगोलिक भ्रमण विषय के सैद्धांतिक तथ्यों को व्यवहारिक तथ्यों के साथ जोड़कर विद्यार्थियों के समझ को विकसित किया। इस भ्रमण आयोजन को सफल करने में प्रोफेसर राजेश्वरी सोनी, केसर कश्यप, कुंदन देवांगन, ललित लोधी, प्रदीप बंजारे, सुश्री लक्ष्वंतीन जांगड़े, मोनू कन्नौजे व संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का योगदान रहा।

टोल टैक्स नाके पर दस्तावेज होने के बावजूद जबरन चालान, वाहन मालिकों की बढ़ी परेशानी!

ई-चालान प्रणाली कटघरे में जनता में बढ़ता असंतोष।

कोरिया/सरगुजा नवप्रदेश। प्रदेश में स्थापित टोल टैक्स नाको पर यातायात व्यवस्था को आधुनिक और डिजिटल बनाने के नाम पर लगाए गए अदृश्य ट्रैफिक कैमरे अब आम जनता के लिए राहत नहीं,बल्कि परेशानी और आक्रोश का कारण बनते जा रहे हैं,सड़कों पर बिना जानकारी लगाए गए इन कैमरों के जरिए वाहन के दस्तावेज होने के बावजूद भी इन कैमरों से ऑनलाइन ई-चालान काटे जा रहे हैं और वाहन मालिकों के मोबाइल पर सीधे एसएमएस भेज दिया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या हर चालान सही है और यदि चालान गलत है तो न्याय कहां मिलेगा जिसका टोल प्लाजा सूरजपुर जिला के ग्राम पचिरा व एमसीबी जिले के बरबसपुर टोल प्लाजा के कर्मचारियों व जिले के यातायात विभाग के पास कोई सही जवाब नही है।

जिसका नुकसान वाहन मालिकों को उठाना पड़ रहा जबकि डिजिटल तकनीक का उद्देश्य जनता को सुविधा देना है,न कि उसे डर और भ्रम में डालना, यदि ई-चालान व्यवस्था पारदर्शी,जवाबदेह और न्यायसंगत नहीं बनी, तो यह जनविश्वास को तोड़ने का काम करेगी, अब बड़ा सवाल यही है कि ऑनलाइन ई-चालान जनता की सुविधा है,या अदृश्य कैमरों के जरिए जबरन वसूली का नया हथियार!

चालान कट गया एसएमएस आया

वाहन मालिकों का कहना है कि अचानक मोबाइल पर चालान कटने का मैसेज आ जाता है, मैसेज में केवल चालान नंबर और भुगतान का निर्देश होता है, लेकिन यह नहीं बताया जाता कि चालान क्यों कटा,सबूत क्या है,और यदि चालान गलत है तो उसकी शिकायत या अपील कहां करें,अधिकांश लोगों को यह भी नहीं पता कि गलत चालान होने पर वे किस विभाग, किस अधिकारी या किस कार्यालय से संपर्क करें। ऐसे में आम नागरिक खुद को लाचार और ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

परिवहन विभाग से सीधे सवाल

अब जनता सीधे परिवहन विभाग और शासन से जवाब चाहती है क्या गलत ई-चालान कटने से तकनीकी गड़बड़ी की जिम्मेदारी कौन लेगा ! गलत चालान होने पर सरल, सुलभ और त्वरित अपील व्यवस्था क्यों नहीं !

जनता में बढ़ता आक्रोश

पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया,चाय दुकानों,और आम बातचीत में ई-चालान को लेकर गुस्सा और असंतोष साफ दिखाई दे रहा है, लोगों का कहना है कि वे नियमों के पालन के खिलाफनहीं हैं,चालान से भी परहेज नहीं, लेकिन गलत चालान और अपील की व्यवस्था न होना उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान कर रहा है।

दस्तावेज पूरे, फिर भी चालान

कई वाहन मालिकों का दावा है कि उनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस,आरसी, बीमा,और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट पूरी तरह मौजूद हैं, इसके बावजूद 'दस्तावेज नहीं होने' के नाम पर ई-चालान काट दिया गया,लोगों का कहना है कि यदि सर्वर डाउन है, डाटा अपडेट नहीं है,या किसी तकनीकी कारण से दस्तावेज सिस्टम में नहीं दिख रहे, तो इसकी जिम्मेदारी वाहन मालिक को कैसे हो सकती है!

डिजिटल सुविधा या वसूली

अब जब जबरन चालान एसएमएस से दस्तावेज होने के बाद भी मिल रहा तो जिले में यह चरचा का विषय बना हुआ है कि क्या यह सच में ऑनलाइन सुविधा है, या फिर सरकारी खजाना भरने का नया तरीका ! आरोप लग रहे हैं कि अदृश्य कैमरों की मॉनिटरिंग करने वाले कर्मचारी बिना मानवीय सत्यापन के,बेवजह चालान काट रहे है।

व्यवस्था पूरी तरह नदारद

सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू यह है कि ई-चालान के एसएमएस में कोई हेल्पलाइन नंबर नहीं, कोई शिकायत पोर्टल का लिंक नहीं,और न ही यह जानकारी कि गलत चालान पर कहां और कैसे अपील की जाए,ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए यह व्यवस्था और भी मुश्किल है,जहां डिजिटल जानकारी सीमित है।

जनता की मांग–सुधार जरूरी

वाहन मालिकों की मांग है कि गलत ई-चालान के लिए स्पष्ट शिकायत और अपील प्रणाली बनाई जाए। हर चालान एसएमएस में हेल्पलाइन नंबर, वेबसाइट और संपर्क अधिकारी की जानकारी हो। तकनीकी कारणों से कटे चालानों को तुरंत निरस्त किया जाए। डिजिटल व्यवस्था के साथ मानवीय विवेक और जवाबदेही भी तय की जाए। डिजिटल व्यवस्था को लागू करना समय की आवश्यकता है, लेकिन डिजिटल सुविधा यदि जनता के लिए परेशानी बन जाए, तो उस पर सुधार भी उतना ही जरूरी है,ई-चालान और अदृश्य कैमरों की व्यवस्था को लेकर सामने आ रही शिकायतें बताती हैं कि प्रणाली में तकनीकी के साथ-साथ मानवीय संवेदनशीलता का अभाव है।

हर जिले में ऑफलाइन सहायता केंद्र की मांग

आज भी सरगुजा संभाग में बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं जो ऑनलाइन प्रक्रिया से दूर हैं, स्मार्टफोन या इंटरनेट की सुविधा नहीं रखते,या डिजिटल प्रक्रिया समझने में असमर्थ हैं, ऐसे लोगों के लिए प्रत्येक जिले में एक समर्पित ई-चालान सहायता केंद्र होना चाहिए,जहां वे अपने दस्तावेज दिखाकर गलत चालान के निरस्तीकरण के लिए आवेदन कर सकें।

तकनीकी गलती की सजा जनता को न मिले खबर का निष्कर्ष परेशानी नहीं समाधान

ई-चालान व्यवस्था कानून पालन के लिए है, आम नागरिक को डराने या परेशान करने के लिए नहीं, यदि परिवहन विभाग उपरोक्त सुझावों पर अमल करता है,तो जनता का भरोसा बढ़ेगा, अनावश्यक विवाद कम होंगे,और डिजिटल व्यवस्था वास्तव में सुविधा का माध्यम बन सकेगी, साथ ही तकनीक का उपयोग तब सफल होता है,जब वह आम आदमी के पक्ष में खड़ी दिखाई दे,न कि उसके खिलाफ़अब उम्मीद है कि परिवहन विभाग जनभावनाओं को समझते हुए आवश्यक सुधारों पर गंभीरता से विचार कर गलत ई चालान का बोझ वाहन मालिकों पर न डाले।

मुख्य मार्ग मे चेकपोस्ट और बेरियर

खैरागढ़/नवप्रदेश धान खरीदी के दौरान जिले मे मप्र और महाराष्ट के अवैध धान को खपाने की शिकायतें लगातार बढ़ रही है । मुख्य मार्गो मे चेकपोस्ट और जांच बेरियर बनाए जाने के बाद भी कोचिए जंगल के अंदरूनी और कच्चे रास्तो का इस्तेमाल कर लगभग रोजाना बड़ी मात्रा मे बाहरी धान खपाने मे जूटे है । जिले के सरहदी इलाको मे साल्हेवारा, गातापार जंगल जैसे इलाको मे रोजाना बड़े की बजाय छोटे वाहनो, डीआई और अन्य मालवाहको मे हजारो का धान पहुँचने की शिकायत है । प्रति एकड़ किसानो से 21 क्विंटल धान की खरीदी मे इलाके के कई कोचिए जमकर फायदा उठा रहे है । महाराष्ट का धान भी डोंगरगढ़ के रास्ते इलाके मे पहुँच रहा है ।

मुख्य सडको की बजाय अंदरूनी सडको का इस्तेमाल

अवैध धान का परिवहन रोकने प्रशासन द्वारा मप्र ओर महाराष्ट की सीमाओ पर चेकपोस्ट और बेरियर बनाकर निगरानी की जा रही है । इन चेकपोस्ट पर बड़े वाहनो से आ रहे धान की जांच तो हो रही है लेकिन छोटे मालवाहको मे चेकपोस्ट मार्ग की बजाय अंदरूनी इलाको के कच्चे सडको मे आवाजाही वाले वाहनो की जांच नही हो रही है। इलाके के कोचिए इसका बड़ा फायदा उठा रहे है । साल्हेवारा इलाके मे रेंगाखार, बकरकटटा, भाजीडोंगरी जेसे इलाको के अंदरूनी रास्तो का प्रयोग अवैध धान परिवहन के लिए किया जा रहा है तो गातापार जंगल इलाके के लिमऊटोला, सांकरी, भावे इलाके से मप्र की ओर जाने वाली अंदरूनी सडको से छोटे मालवाहको मे बड़ी मात्रा मे धान मंगाकर उन्ही इलाको के किसानो के पास पहुँचाए जाने की शिकायत है । डोंगरगढ़ की ओर से मुख्य मार्ग की बजाय अंदरूनी मार्गो से महाराष्ट का धान भी बड़ी मात्रा मे जिले मे पहुँचाए जाने की सूचना है।

आदिवासी बालक आश्रम के निरीक्षण में पहुचे विधायक

गरियाबंद/नवप्रदेश। सरकार द्वारा गरियाबंद जिले के आदिवासी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में ग्रामीण आदिवासी बच्चो को अच्छे वातावरण में बेहतर शिक्षा के लिए लाखो करोड़ो रूपये किया जा रहा है लेकिन आश्रमों के संचालन के लिए भेजी जा रही राशि और बच्चों के निवाले पर अधीक्षक व संबधित विभाग के अफसरों द्वारा डाका डाला जा रहा है, यह बाते आश्रम निरीक्षण करने के बाद बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहीं।

मैनपुर क्षेत्र के आश्रम छात्रावासों में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर बच्चों के पालको द्वारा विधायक जनक ध्रुव को अवगत कराने के बाद आज रविवार सुबह 09 बजे ही विधायक जनक ध्रुव मैनपुर से 03 किलोमीटर दुर भाठीगढ़ स्थित आदिवासी बालक आश्रम का निरीक्षण करने पहुचे इस आश्रम में 100 से ज्यादा बच्चों का नाम रजिस्टर में दर्ज है विधायक जनक ध्रुव ने अचानक आश्रम में पहुचकर बच्चों से मुलाकात किया तो आदिवासी बच्चों ने बताया कि 30-35 किलोमीटर दुर घर को छोड़कर यहा पढाई करने आए हुए है, उन्हे मीनु के अनुसार भोजन नही दिया जाता इस पर विधायक ने स्वंय निरीक्षण करने मेस पहुचे तो मीनु के अनुसार आज सुबह पुरी,आलू,चना रस वाली सब्जी, खीर एंव सलाद बच्चों को देना था लेकिन सुबह 10 बजे तक बच्चों को भोजन नही मिला था और सिर्फ चावल और मटर आलू की सब्जी बना था मटर आलू की सब्जी एकदम गुणवत्ताहीन पनिहर था जिसे विधायक ने स्वंय देखा और जमकर नराजगी जताई।

पालिका प्रशासन की बड़ी लापरवाही

शहर के तीन किमी फोरलेन निर्माण नगरपालिका के स्टीमेट बिना अटका

खैरागढ़ /नवप्रदेश। शहर मे यातायात व्यवस्था को सुधारने प्रदेश सरकार के बजट मे शामिल बस स्टैण्ड से पिपरिया तक के तीन किमी सडक़ के चौडीकरण किए जाने के लोकनिर्माण विभाग के फोरलेन प्रस्ताव को नगरपालिका की लापरवाही भारी पड़ रही है । समय पर फोरलेन निर्माण मे मांगे गए प्रस्ताव की जानकारी नही देने से फोरलेन किए जाने की स्वीकृति रायपूर मे अटकी पड़ी है।

लोकनिर्माण विभाग संभाग ने खैरागढ़ शहर सहित गंडई मे लगभग 6 किमी के सडक़ को फोरलेन किए जाने 59 करोड़ 44 लाख रू का प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेज दिया है । इस प्रस्ताव मे लोनिवि को वनविभाग, विद्यूत विभाग और नगरीय निकाय से सडक़ की जद मे आने वाले पेड़ों, बिजली पोल, तारो, नगरीय निकाय के पाइपलाइन, नालियों की जानकारी भी देनी थी। लोनिवि ने प्रस्ताव तैयार करने से पहले तीनो विभाग प्रमुखो को पत्र लिखकर इसकी जानकारी मांगी थी ताकि समय पर प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा सके । वनविभाग, बिजली विभाग ने तो अपना स्टीमेट पूरा तैयार कर लोनिवि को दे दिया । लेकिन मामले मे नगरपालिका ने लापरवाही बरती और कईबार पत्र के बाद भी इसकी विस्तृत जानकारी नही दी । बजट मे शामिल प्रस्ताव को समय पर पूरा कराने लोनिवि ने नगरपालिका की आधी अधूरी जानकारी के साथ ही प्रस्ताव राजधानी भेज दिया । अब उक्त फोरलेन की स्वीकृति नगरपालिका के विस्तृत स्टीमेट नही मिलने के कारण दो माह से अटकी पड़ी है ।

सडक़ चौड़ीकरण से मिलेगी राहत

शहर के बस स्टेण्ड से पिपरिया बांसागार तक बनने वाले इस फोरलेन सउक़ से शहर मे यातायात का दबाव कम होने की संभावना है । बस स्टैण्ड से कलेक्टर बंगले तक की सडक़ की चौड़ाई फिलहाल अच्छी है लेकिन कलेक्टर बंगले से पिपरिया तक की सात मीटर चौड़ी सडक़ मे यातायात का जबर्दस्त दबाव है । मार्ग मे कई बड़े स्कूल, महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, एसपी कार्यालय सहित शासकीय कार्यालय और कई गांवो को जोडऩे वाली सडक़ है।

> कई बार पत्र लिखने के बाद भी पालिका प्रशासन ने विस्तृत जानकारी नही दी । अलग अलग जानकारी मिली थी जिसे भेजने के बाद रायपूर से डिटेल मांगे जाने के आदेश है फिर से पालिका प्रशासन को पत्र लिखा गया है । इसके बाद भी इसकी स्वीकृति मिल सकेगी।
>
> **स्मारिका तिवारी,** उपअभियंता लोनिवि खैरागढ़

> पहले मांगी गई जानकारी लोनिवि को भेज दी गई थी । फिर से अलग डिटेल दिए जाने का पत्र मिला है एक दो दिन मे डिटेल जानकारी लोनिवि को दे दी जाएगी।
>
> **दीपाली तंबोली,** उपअभियंता नगरपालिका खैरागढ़

फतेह मैदान मे 5 हजार से अधिक भक्त करेगें 1008 पार्थिव शिवलिंग का महारूद्राभिषेक

■ **शिवभक्ति मे डुबेगी संगीत नगरी**

खैरागढ़ /नवप्रदेश। शिवभक्ति में संगीतनगरी फिर से सराबोर होगी। शहर की समाजसेवी संस्था श्रीराम गौसेवा समिति श्री जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान, राजपरिवार दुर्गोत्सव समिति एवं गोपीनाथ मंदिर समिति के तत्वाधान मे इसवर्ष भी शहर के फतेह मैदान मे 7 फरवरी को आयोजित होने वाले 1008 पार्थिव शिवलिंग के राजशाही रूद्राभिषेक मे 5 हजार से अधिक शिवभक्त हिस्सा लेंगें । शहर के फतेह मैदान मे लगातार चौथे साल महारूद्राभिषेक का आयोजन 7 फरवरी शनिवार को आयोजित है। 1008 पार्थिव शिवलिंग के इस महारूद्राभिषेक मे शहर सहित छूईखदान ,गंडई, राजनांदगांव, दुर्ग , रायपूर , बिलासपूर के शिवभक्त भी अपने परिजनो के साथ पार्थिव शिवलिंग के महारूद्राभिषेक मे शामिल होंगे । इस भव्य आयोजन के लिए फतेह मैदान मे तैयारी शुरू हो चुकी है।

फतेह मैदान मे होने वाल महारूद्राभिषेक के लिए एक हजार से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण छुईखदान शहर के कुम्हार परिवारो द्वारा जारी है । पिछले कई सालो से शहर मे होने वाले महारूद्राभिषेक के लिए उक्त परिवार ही पार्थिव शिवलिंग का निर्माण लगातार कर रहे है । इस बार भी फतेह मैदान मे होने वाले इस महारूद्राभिषेक मे रिकार्ड शिवभक्त शामिल होकर पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक करेंगे । महारूद्राभिषेक कार्यक्रम बिलासपूर मे प्रसिद्ध पंडित सृजन महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन मे उनके द्वारा ही कराया जाएगा । पिछले तीन वर्षो मे फतेह मैदान मे आयोजित होने वाले इस महारूद्राभिषेक ने काफी सूर्खिया बटोरी है । इसके लिए शिवभक्तों का यहाँ मेला लगेगा । कार्यक्रम मे निर्धारित राशि जमा करने के बाद आयोजन समिति द्वारा ही शिव महारूद्राभिषेक की व्यवस्था पूरी तरह बनाई गई है ।

फिजूलखर्ची के बजाय जन सेवा कर जयंत ने मनाया जन्मदिन

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के ग्राम नर्रा के रहने वाले रेलवे में पदस्थ समाजसेवी बेनूराम साहू के बेटे जयंत कुमार साहू भी अपने पिता के नक्शे कदम पर चलने लगे हैं। उन्होंने बीते दिनों अपना 18वा जन्मदिन जन सेवा करते हुए मनाया। 12वीं कक्षा में अध्यनरत जयंत कुमार साहू ने रायपुर एम्स अस्पताल के पास संचालित ए मां भोजन समिति के जरिए मंदिर प्रांगण में जरूरतमंदों को भोजन कराया। करीब 800 लोगों को जयंत और उनके परिवार ने भोजन बनवाकर स्वयं परोसा। लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए खूब आशीर्वाद दिया। जन्मदिन पर किसी भी तरह के फिजूल खर्ची से बचते हुए जयंत कुमार साहू ने एक मिसाल पेश की।

■ न्यूज गैलरी

चाइनीज मांझे के खिलाफबड़ी कार्रवाई: निगम और पर्यावरण मंडल ने मारा छापा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफनगर निगम और प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सोमवार को नगर निगम जोन-1 और जोन-5 की टीमों ने छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के साथ मिलकर शहर की पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांझा जब्त कर दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर यह संयुक्त टीम मैदान में उतरी। गुढ़ियारी और आमापारा जैसे व्यस्त इलाकों में पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। नगर निगम जोन-1 के बाल गंगाधर तिलक वार्ड (क्र. 18) अंतर्गत प्रयास हॉस्टल, गुढ़ियारी के पास टीम ने दो पतंग दुकानों पर दबिश दी। वार्ड पार्षद सोहन साहू और जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमराज देवांगन की मौजूदगी में हुई इस जांच में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद हुआ। दोनों दुकान संचालकों से 5-5 हजार रुपये (कुल 10 हजार रुपये) का जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों ने सख्त लहजे में कहा कि यदि दोबारा मांझा मिला, तो दुकान सील करने जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मामूली विवाद के दौरान ब्लेड से हमला, दो चचेरे भाई घायल

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा क्षेत्र में मामूली विवाद के दौरान ब्लेड से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना मोवा स्वास्थ्य केंद्र के पीछे की है, जहां दो चचेरे भाई बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान तीन युवक वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू हो गया। पुलिस के अनुसार, रात करीब 9.20 बजे सूरज अपने चचेरे भाई किशन साहू के साथ बैठा था, तभी पंकज साहू उर्फ पिंटू साहू, दीपक पटेल और मोहित पटेल वहां पहुंचे और किशन साहू के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी और अपने पास रखे ब्लेड से किशन साहू के गले पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए सूरज को भी ब्लेड से घायल कर दिया गया। घटना के बाद दोनों घायलों को आनन-फानन में मोवा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

फर्शी खदानों में चल रहा अवैध खनन, एक बार भी कड़ी कार्रवाई नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के आरंग में महानदी के किनारे निसदा में अवैध खनन लगातार जारी है। यहां नियमों को ताक पर रखकर फर्शी खदानों का संचालन किया जा रहा है। खदान संचालकों को किसी का खौफनहीं है। यही वजह है कि यहां महानदी के किनारे तक तक पाट दिए गए हैं। गांव वालों ने लगातार शिकायत की तो खनिज विभाग वालों ने संचालकों को नोटिस जारी कर अपना काम पूरा कर लिया। फर्शी खदानों के अवैध खनन की वजह से पिछले साल सभी फर्शी खदानों के लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया था। लेकिन बाद में फिर सभी को राहत दे दी गई। दोबारा अवैध खनन होने के बावजूद लाइसेंस निरस्त करने के बजाय नोटिस देकर खानापूर्ति की जा रही है।

ब्लैकमेलिंग से परेशान युवक ने खुदकुशी की, 5 पर एफआईआर

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ब्लैकमेलिंग से परेशान एक युवक के छत से कूदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मर्ग जांच के दौरान ब्लैकमेलिंग की पुष्टि होने पर पुलिस ने 5 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, 21 अक्टूबर 2025 को सुदर्शन अपने घर की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिए डीकेएस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर सिविल लाइन थाना में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट से मौत होने की पुष्टि हुई है। जांच के दौरान मृतक के परिजन और अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए गए। बयानों के अनुसार, मृतक के परिचित लक्ष्मी नायक उर्फ पाम्पलेट, बीरू उर्फ बीरेन्द्र हरपाल, संजू सैनी, सुजल और जिया निहाल उसे अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर रुपये की मांग कर रहे थे, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था।

पुरानी रंजिश में चाकूबाजी, नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा में नशे की हालत में पुरानी रंजिश के चलते चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। शनिवार देर रात बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद युवक गली में दौड़कर छिप गया, जिससे उसकी जान बच सकी। शिकायत पर पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित का नाम मोहम्मद अली असगर है। आरोपियों में अयान कुरैशी उर्फ बीटी, मोहम्मद फरहान कुरैशी, अब्दुल नवाज आमिर उर्फ भोंदा और एक नाबालिग शामिल है।

ताजा मामला कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू का है, दागी जनप्रतिनिधियों की बढ़ती सूची चर्चा का विषय

21 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले, दो साल में चार नए केस

■ देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर दर्ज हैं मामले

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 21 विधायकों पर विभिन्न अदालतों में मुकदमे लंबित हैं, जबकि पिछले दो वर्षों में चार विधायकों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआइआर दर्ज की गई है। ताजा मामला जांजगीर-चांपा के जैजैपुर से कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू का है, जिन्हें किसान से 42.78 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

वहीं, पूर्व मंत्री व कोंटा विधायक कवासी लखमा भ्रष्टाचार के मामले में घिरे हैं और वर्तमान में जेल में हैं। सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े पर भड़काऊ भाषण और जशपुर की भाजपा विधायक रायमुनी भगत पर धार्मिक टिप्पणी के जरिए भावनाएं आहत करने का आरोप है। दागी जनप्रतिनिधियों की यह बढ़ती सूची सूबे की सियासत में चर्चा का विषय बनी हुई है।

क्या कहते हैं पार्टीवार आंकड़े

पार्टीवार आंकड़ों के अनुसार, राज्य में भाजपा के 54 विजेता उम्मीदवारों में से 12 और कांग्रेस के 35 विजेता उम्मीदवारों में से पांच ने अपने हलफनामों में स्वयं के खिलाफ आपराधिक मामलों को घोषित किया है। वहीं, गंभीर आपराधिक मामलों के मामले में भाजपा के चार और कांग्रेस के दो विजेता विधायकों ने ऐसी जानकारी अपने शपथपत्रों में दी है।

विधानसभा चुनाव के दौरान जीते थे इतने दागी

विधानसभा चुनाव 2023 में जीत हासिल करने वाले 90 विधायकों में से 17 विधायकों ने अपने खिलाफआपराधिक मामलों की जानकारी दी थी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) और छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच ने सभी विजेता उम्मीदवारों के स्व-शपथ पत्रों के विश्लेषण में यह तथ्य पेश किया था।

क्या कहती है रिपोर्ट

रिपोर्ट के मुताबिक कुल 90 विजेता उम्मीदवारों में से 17 यानी लगभग 19 प्रतिशत ने अपने खिलाफआपराधिक मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि इनमें से केवल छह विजेता उम्मीदवारों ने अपने खिलाफगंभीर आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। तुलना करें तो वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 24 विधायकों ने अपने खिलाफआपराधिक मामले घोषित किए थे, जिनमें से 13 विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे।

इनके खिलाफ केस

2023 के विधानसभा चुनाव के समय की स्थिति में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (पाटन), देवेंद्र यादव (भिलाई नगर) और अटल श्रीवास्तव (कोटा) कांग्रेस के उन विजेताओं में शामिल हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज थे। इसी तरह पूर्व मंत्री राजेश मूणत (रायपुर शहर पश्चिम) और दयालदास बघेल (नवागढ़), शकुंतला सिंह पोर्ते (प्रतापपुर), उधेश्वरी पैकरा (सामरी), ओपी चौधरी (रायगढ़) विजय शर्मा (कवर्धा सीट), विनायक गोयल (चित्रकोट-एसटी) और आशाराम नेताम (कांकेर-एसटी) भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों में से हैं, जिन पर रिपोर्ट के अनुसार आपराधिक मामले दर्ज थे। 2018 के चुनाव में ऐसे विधायकों की संख्या 24 थी और 2013 के विधानसभा चुनाव में जीते 14 विधायकों पर आपराधिक केस दर्ज थे।

चिल्फी घाटी में बाघिन ने किया गाय शिकार, ग्रामीणों में बना दहशत

रायपुर/कवर्धा। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे चिल्फी घाटी में वन्यजीवों की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। वनांचल ग्राम बेंदा से लगे जंगल क्षेत्र में बाघिन द्वारा एक गाय का शिकार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने दी, इस घटना के बाद से आसपास के ग्रामीण इलाकों में भय का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते कुछ दिनों पहले इसी क्षेत्र में बाघिन को उसके दो शावकों के साथ विचरण करते हुए देखा गया था। ग्रामीणों का कहना है कि बाघिन अक्सर जंगल से सटे खेतों में चराई क्षेत्र के आसपास दिखाई दे रही थी। आशंका जताई जा रही है कि शावकों के लिए भोजन की तलाश में बाघिन ने जंगल में चराई कर रही गाय को अपना शिकार बनाया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जंगल के भीतर गाय क्षत-विक्षत अवस्था में मिली जिसे बाघिन द्वारा शिकार की पुष्टि की जा रही है । ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही देखी जाती रही है, लेकिन बाघिन के साथ शावकों की मौजूदगी से खतरा और बढ़ गया है। लोग अब जंगल जाने और मवेशियों को चराने से बच रहे हैं।

इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निगरानी नहीं बढ़ाई गई तो भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। खासकर बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण चिंतित हैं। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। उम्मीद की जा रही है कि वन विभाग की टीम जल्द ही मौके पर पहुंचकर जांच करेगी और क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी।

सहकारी बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड लोन घोटाला, 150 करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी हुई उजागर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सहकारी बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन के नाम पर बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। अब तक की जांच में 150 करोड़ रुपए से अधिक के गबन की पुष्टि हुई है, जबकि यह आंकड़ा 200 करोड़ रुपए के पार जाने की आशंका जताई जा रही है। समितियों ने किसानों के नाम पर फर्जी लोन स्वीकृत कराए और बैंक अफसरों की मिलीभगत से लोन की राशि को बचत खातों में ट्रांसफर किया गया। इसके बाद राशि को म्यूल खातों में भेज दिया गया और फिर फर्जी बाउचर के जरिए नकद निकाल लिया गया। भिलाई और सारंगढ़ की ब्रांच में ऐसे कई मामले पकड़े जा चुके हैं। वहीं अंबिकापुर शाखा में भी लगभग 50 करोड़ रुपए के घोटाले की शिकायत सामने आई है।

सहकारी बैंकों में केसीसी लोन, किसानों को खेती और उससे जुड़ी जरूरतों जैसे बीज, खाद, सिंचाई, फसल कटाई के बाद के खर्चे, पशुपालन, मछलीपालन और उपकरण खरीद के लिए सस्ती ब्याज दर पर आसानी से और समय पर कर्ज उपलब्ध कराने वाली सरकारी योजना है, जो क्रेडिट कार्ड के रूप में मिलती है, जिससे किसान अपनी जरूरत के अनुसार पैसे निकाल सकते हैं और समय पर चुकाने पर ब्याज में छूट मिलती है।

जो किसान लोन नहीं लेते थे या अनपढ़ थे, समिति के लोगों ने उन्हें ही निशाना बनाया। ऐसे किसानों की पहचान की गई जिनके मोबाइल नंबर बदल चुके थे ताकि उनसे संपर्क न हो सके। इसके बाद समिति ने किसानों की जानकारी और उनकी ऋण पुस्तिका का उपयोग करते हुए उनके नाम से फर्जी तरीके से लोन का आवेदन खुद ही तैयार कर बैंक में जमा किया। लोन स्वीकृत होने पर उसकी राशि पहले समिति के खाते में आई, फिर उसे औपचारिक रूप से किसान के केसीसी खाते में ट्रांसफर किया गया। इसके बाद बैंक अधिकारियों से मिलीभगत कर राशि केसीसी खाते से किसान के बचत खाते में भेजी गई। पूरे लेन-देन को वैध दिखाने के लिए फर्जी बाउचर तैयार किए गए और अंत में इस राशि को डीसीएमआर खाते में ट्रांसफर कर वहां से नकद निकाल लिया गया।

ऐसे पकड़ में आया मामला: अपेक्स बैंक के हेड ऑफिस को बरमकेला ब्लॉक ब्रांच में गड़बड़ियों की शिकायत मिलने के बाद बड़ा घोटाला सामने आया है। बैंक प्रबंधन ने 1 अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक के रिकॉर्ड की जांच के लिए तीन अधिकारियों की टीम ब्रांच भेजी थी, जिन्होंने पहले ही दिन दो संदिग्ध ट्रांजेक्शन पकड़े, जिनमें दो किसानों के खातों से 50-50 हजार रुपये एसबीआई खाते में ट्रांसफर किए गए थे।

जांच में सामने आया कि महज दो दिनों में इसी तरह करीब 56 लाख रुपये निकाले गए और जब किसानों से पूछताछ की गई तो उन्होंने लोन लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद बरमकेला ब्रांच से जुड़ी समितियों की जांच में बड़े नवापारा, बरमकेला, बोंदा, दुलोपाली, लंध्रा सहित कुल 17 समितियों में गड़बड़ी पाई गई। मामला और गंभीर तब हो गया जब दिसंबर 2025 में अपेक्स बैंक अध्यक्ष ने खुलासा किया कि विभिन्न ब्रांचों के 887 खातों से करीब 10 करोड़ रुपये अधिकारियों की मिलीभगत से निकाले गए, जिसके बाद बैंक ने पूरे मामले में तीन साल के रिकॉर्ड की विस्तृत जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

होटल के कमरे से हिरासत में

रायपुर में आईबी का छापा: बिना वीजा दिल्ली से फ्लाइट लेकर रायपुर पहुंचीं 2 उज्बेकी युवतियां

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में विदेशी युवतियों की संदिग्ध आवाजाही ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। इंटेलीजेंस ब्यूरो ने तेलीबांधा इलाके के एक नामी होटल में दबिश देकर उज्बेकिस्तान की दो युवतियों को हिरासत में लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से एक के पास पासपोर्ट तक नहीं है, वहीं दूसरी का टूरिस्ट वीजा 8 महीने पहले ही खत्म हो चुका है। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर बिना वैध दस्तावेजों के ये युवतियां दिल्ली से फ्लाइट लेकर रायपुर तक कैसे पहुंच गईं?

मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों युवतियां 8 जनवरी को दिल्ली से फ्लाइट लेकर रायपुर पहुंची थीं। तेलीबांधा स्थित 'होटल अरीना बुटिक' में इनके लिए दो दिनों का कमरा बुक था। 9 जनवरी को ढ्क्क की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ होटल में छापेमारी की और इन्हें धर दबोचा। फिलहाल ये युवतियां तेलीबांधा पुलिस की अभिरक्षा में हैं।

जांच में कई संदिग्ध बातें सामने आई हैं युवतियां सामान्य वॉइस कॉल के बजाय मोबाइल एप्स के जरिए बातचीत करती थीं, ताकि कॉल रिकॉर्ड्स न मिल सकें। एक युवती का कहना है कि उसका पासपोर्ट दिल्ली में खो गया है, जबकि दूसरी का वीजा महीनों पहले एक्सपायर हो चुका है।

बिना वीजा और पासपोर्ट के होटल में कमरा मिलना और एयरपोर्ट की सुरक्षा से पार पा लेना कई विभागों की लापरवाही को उजागर कर रहा है। इस कार्रवाई ने फरवरी 2025 की उस घटना की यादें ताजा कर दी हैं, जब वीआईपी रोड पर एक सड़क हादसे के बाद उज्बेकिस्तानी युवती और वकील भावेश आचार्य पकड़े गए थे। उस मामले में पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था, जिसमें दर्जनों दलाल और होटल संचालक जेल गए थे। आशंका जताई जा रही है कि ये दोनों युवतियां भी उसी सिंडिकेट का हिस्सा हो सकती हैं, जिन्हें काम का लालच देकर भारत लाया गया है। सूत्रों की मानें तो पुलिस और आईबी इन युवतियों के मोबाइल खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि रायपुर में वे किसके संपर्क में थीं। संभावना है कि कुछ सफेदपोशों और स्थानीय एजेंटों के नाम जल्द ही सामने आ सकते हैं।

> आईबी की जांच जारी है। सोमवार को स्पष्ट होगा कि इनके खिलाफ रायपुर में एफआईआर होगी या इन्हें उज्बेकी दूतावास के सुपुर्द किया जाएगा। फिलहाल इनके मोबाइल की तकनीकी जांच की जा रही है।
>
> **अविनाश सिंह,** टीआई, तेलीबांधा

निगम की सख्त कार्रवाई, नीलकंठ डेयरी पर 10 हजार का ई-जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। गंदगी और सड़क पर पशुओं को छोड़ने संबंधी जनशिकायत सही पाए जाने पर रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 के स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 अंतर्गत भाठागांव क्षेत्र में संचालित नीलकंठ डेयरी के संचालक पर 10 हजार रुपये का ई-जुर्माना लगाया है। साथ ही डेयरी संचालक को नोटिस जारी कर कड़ी चेतावनी दी गई है।

नगर निगम स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त शिकायत को आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार तत्काल संज्ञान में लिया गया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही एवं जोन 5 जोन आयुक्त खीरसागर नायक के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक प्रेम मानिकपुरी एवं दिलीप साहू भी उपस्थित रहे।

औचक निरीक्षण में डेयरी परिसर में गंदगी और प्रदूषण पाया गया। साथ ही डेयरी की भैंसों को सड़कों पर छोड़े जाने से आए दिन सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर की गई शिकायत सही पाई गई।

रेल मदद शील्ड का रायपुर स्टेशन पर भव्य स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। यात्री शिकायत निवारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को रेल मदद शील्ड से सम्मानित किया गया है। भारतीय रेलवे के रेल मदद डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से दर्ज यात्रियों की शिकायतों के त्वरित, प्रभावी और संतोषजनक निपटान में उत्कृष्ट कार्य के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देशभर के सभी रेलवे जोनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा यह शील्ड दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पांडेय को प्रदान की गई। रेल मदद शील्ड नई दिल्ली से बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस के माध्यम से रायपुर लाई गई, जिसका रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 05 पर वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पांडेय ने रायपुर रेल मंडल सहित पूरे जोन के कर्मचारियों को रेल मदद में शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और यात्रियों की सहायता के लिए भविष्य में भी इसी तरह सतत प्रयास जारी रखने का आह्वान किया। स्वागत कार्यक्रम में बिलासपुर जोन एवं रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारी, स्टेशन पर कार्यरत स्टाफ, टिकट चेकिंग स्टाफ, स्काउट-गाइड, वाणिज्य एवं प्रचार निरीक्षक, पुलिस बैंड सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेल मदद प्लेटफॉर्म पर मिली इस सफलता में रायपुर, नागपुर एवं बिलासपुर मंडलों के संयुक्त प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी द्वारा की गई सतत मॉनिटरिंग और वाणिज्य कंट्रोल विभाग की सक्रिय टीम के कार्य को सराहना मिली है। यह उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की यात्री-केंद्रित सोच और डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग को दर्शाती है। रेल मदद भारतीय रेलवे का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से यात्री स्वच्छता, सुरक्षा, चिकित्सा सहायता, खानपान एवं अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

हाउसिंग बोर्ड का बड़ा फैसला

31 मार्च तक आरडब्ल्यूए को हैंडओवर होंगी 32 कॉलोनियां

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों के बेहतर प्रबंधन और संधारण को लेकर सोमवार को एक अहम फैसला लिया गया। बोर्ड मुख्यालय में आयुक्त अवनीश कुमार शरण की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश की 32 कॉलोनियों को 31 मार्च 2026 तक 'रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन' को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

आरडब्ल्यूए का गठन अब अनिवाय: बैठक में आयुक्त अवनीश शरण ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित ऐसी सभी कॉलोनियां, जिनका अब तक नगर निगम या स्थानीय निकायों को

हस्तांतरण नहीं हुआ है, वहां रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि रहवासियों की सक्रिय भागीदारी से ही कॉलोनियों का बेहतर रख-रखाव और विकास संभव है।

यहां रहे पूरा फोकस: समय सीमा: 31 मार्च 2026 तक हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य। अधिकारियों को जिम्मेदारी: उपायुक्त और कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे रहवासियों के साथ बैठक करें और उन्हें आरडब्ल्यूए गठन के लिए प्रोत्साहित व मार्गदर्शन दें। नियमों का पालन: यह निर्णय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अधिनियम और रेरा के प्रावधानों के तहत लिया गया है, जिसमें प्रोजेक्ट पूर्ण होने के बाद संधारण के लिए एसोसिएशन का गठन आवश्यक है।

क्यों लिया गया यह फैसला?

बोर्ड का मानना है कि इस कदम से नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा और स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सकेगा। प्रथम चरण में उन कॉलोनियों को प्राथमिकता दी जा रही है जिनका संधारण वर्तमान में हाउसिंग बोर्ड खुद कर रहा है।

> हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध होनी चाहिए। इससे कॉलोनी के निवासियों को अपने परिसर के संचालन और विकास में सीधे भागीदारी मिलेगी।
>
> **अवनीश कुमार शरण,** आयुक्त, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड

सुविचार

आपके किरदार से आपकी जिंदगी खूबसूरत बनती है क्योंकि चेहरे की चमक तो वक्त के साथ फीकी पड़ जाती है लेकिन चरित्र की रौशनी हमेशा बरकरार रहती है

ईरान में तख्तापलट की साजिश

अमेरिका के आँखों की किरकिरी बना ईरान गृहयुद्ध की आग में झुलस रहा है। पिछले 15 दिनों से ईरान में खामेनेई सरकार के खिलाफ वहां की जनता सड़को पर उतर आई है और हिंसक प्रदर्शन कर रही है। ईरान के 180 शहरों में लगातार उग्र प्रदर्शन हो रहा है। लगभग 20 लाख ईरानी सड़को पर हंगामा कर रहे हैं। शासकीय इमारतों में आग लगा रहे हैं। इन प्रदर्शनकारियों के आंदोलन को कुचलने के लिए ईरान सरकार भी सख्ती बरत रही है। जिसकी वजह से सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच जगह जगह झड़प हो रही है औश्र पुलिस की गोली से लगभग दो सौ लोग मारे जा चुके हैं। वहीं 10 हजार से अधिक प्रदर्शकारियों को हिरासत में लिया गया है। ईरान में हो रहे इस प्रदर्शन के बीच अमेरिका ने खामेनेई सरकार का तख्तापलटने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि उन्हें अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहे ईरानी प्रदर्शनकारियों पर दमनचक्र चलाना बंद नहीं किया तो अमेरिका चुप नहीं बैठेगा। वहीं दूसरी ओर इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी ईरान के प्रदर्शनकारियों की हौसला अफजाई करते हुए यह बयान दिया है कि ईरान के बहादुर लोगों तुम अपनी आजादी के लिए संघर्ष करो। इजराइल इस संघर्ष में आप के साथ है। जाहिर है अमेरिका और इजराइल दोनों ही ईरान में चल रहे उग्र आंदोलन की आग में घी डालने का काम कर रहे हैं ताकि उन्हें एक बार फिर ईरान पर हमला करने का मौका मिल सके। गौरतलब है कि पिछले साल जून माह में भी ईरान और इजराइल के बीच जंग चली थी और इसमें अमेरिका भी शामिल हो गया था और अमेरिका ने ईरान के प्रस्तावित परमाणु संयत्र पर बमबारी की थी। बाद में इस्लामिक देशों के दबाव में संघर्ष विराम हो गया था। किन्तु अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर ईरान पर हमला करके वहां के सुप्रीम लीडर खामेनेई को सत्ता से हटाना चाहते हैं। ताकि वहां फिर से अमेरिका की पिट्ठू सरकार बन सके और अमेरिका ईरान के तेल व प्राकृतिक गैस का दोहन कर सके। इसीलिए अमेरिका इजराइल को भी ईरान के खिलाफ मोहरे के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। क्योंकि पाकिस्तान ने इस मामले में अमेरिका की मदद करने से इंकार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा अब्बास ने स्पष्ट कहा है कि ईरान के खिलाफ हमले में पाकिस्तान अमेरिका का साथ नहीं देगा। ऐसे में अमेरिका को इजराइल की ही मदद लेनी पड़ रही है। अमेरिका के ईरादों को भांप कर ईरान में उसे दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि ईरान पर हमला किया गया तो ईरान अमेरिका और इजराइल दोनों को कड़ा सबक सिखाएगा।

वरिष्ठ साहित्यकार का अपमान घोर निंदनीय कृत्य

गुरू घासीदास विश्व विद्यालय बिलासपुर में साहित्य अकादमी नई दिल्ली तथा सीयू के हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में वहां के कुलपति आलोक चंद्र वाल द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार मनोज रूपड़ा का अपमान वाकई घोर निंदनीय कृत्य है। जिसकी साहित्य विरादरी कड़ी भरतसना कर रही है। जनसंस्कृति मंच ने तो उक्त कुलपति को हटाने की भी मांग की है। सम्मेलन के दौरान कुलपति ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान सामने बैठे साहित्यकार मनोज रूपड़ा से यह पूछ लिया था कि आप मेरे भाषण से बोर तो नहीं हो रहे हैं तो मनोज रूपड़ा ने सिर्फ इतना कहा था कि आप विषय पर बात करें। बस इतनी सी बात पर कुलपति भड़क गये और उन्होंने वरिष्ठ साहित्यकार मनोज रूपड़ा को खरी खोटी सुनाना शुरू कर दिया कि आप को कुलपति से बात करने की तमीज नहीं है और उन्हें कार्यक्रम से बाहर जाने के लिए कह दिया। मनोज रूपड़ा चुपचाप उठकर चले गये। कुलपति का यह अहंकार और व्यवहार सिर्फ एक वरिष्ठ साहित्यकार का ही नहीं बल्कि पूरी साहित्यिक बिरादरी का अपमान है। मनोज रूपड़ा जिन्हें अपमान का कड़वा घुट पीना पड़ा। वे बधाई के पात्र हैं जिन्होंने बिना लाग लपेट के सच कहने की हिम्मत की। उन्होंने कुछ गलत नहीं था कि कुलपति विषयांतर न करें और वह भी उन्होंने इसलिए कहा था क्योंकि कुलपति ने ही उनसे बोर होने की बात कहर थी। कायदे से तो एक साहित्याकार के अपमान पर वहां उपस्थित सभी साहित्यकारों को उक्त कार्यक्रम का बहिष्कार कर देना चाहिए था। जिस साहित्यिक कार्यक्रम में साहित्य का अपमान हो वहां साहित्यकारों को जाना ही नहीं चाहिए।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ बड़ा खेद होता है रूटीन विद्या से, रूटीन पूजा, रूटीन प्रवचन, रुटीन नाम, रुटीन कार्य, रूटीन सेवा क्योंकि ईश्वर जितने प्राचीन है उतने ही नवनवायमान है, उनसे सनातन कोई नहीं और उनसे नया कोई नहीं है। हर पल नए !

◆ साथ चलो, वहाँ पूर्ण सुरक्षा है, मुस्कुराहट है, फूल बरसेंगे और जब बह बुद्ध मुस्कुरायेंगे तो फूल गिरेंगे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1889- असम के युवाओं ने अपनी साहित्यिक पत्रिका 'जोनाकी' का प्रकाशन शुरू किया। 1910 - न्यूयॉर्क शहर में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण प्रारम्भ हुआ। 1948- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिये आमरण अनशन शुरू किया। 1988 - चीन के राष्ट्रपति चिंग चियांग कुमो का निधन। 1993 - अमेरिका और उसके सहयोगियों ने दक्षिणी इराक़ में नो फ़्लाई ज़ोन लागू करने के लिए इराक पर हवाई हमले किए। 1995 - बेलारूस नाटो का 24वाँ सदस्य देश बना। 1999 - नूर सुल्तान नजरवायेव पुनः कजाकिस्तान के राष्ट्रपति चुने गए। 2002 - पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ के संदेश को भारत ने सकारात्मक बताया, चीनी प्रधानमंत्री झू रोंगजी 6 दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे। 2006 - परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान पर सैन्य आक्रमण से ब्रिटेन ने इन्कार किया। 2007 - महिलाओं के प्रति भेदभाव दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का 37वाँ अधिवेशन न्यूयार्क में शुरू।

चुनावी जीत का नकद फार्मूला और राज्यों की बिगड़ती अर्थव्यवस्था

अशोक कुमार साहू

पिछले दो दशक में राज्य में जिस तेजी से विकास कार्य हुए उन पर लगभग लगाम लगती जा रही है।राज्य के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी स्वीकारते है कि मुफ्त एवं रियायत पर खर्च हो रही राशि का दबाव रहता है लेकिन उन्होने यह भी कहा कि लोकतंत्र में सरकार को जनता की तकलीफदूर करने के लिए वेलफेयर का काम करना पड़ता है। सीधे नकद हस्तांतरण और मुफ्त योजनाओं पर बहस वर्षों से जारी है, लेकिन राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनती नहीं दिख रही। उलटे यह प्रवृत्ति और मजबूत होती जा रही है। चुनाव जीतने का यह एक आजमाया हुआ फार्मूला बन चुका है। संसद की लोक लेखा समिति के सौ वर्ष पूरा होने पर 2021 में तत्कालीन उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने विकास की बजाय मुफ्त में दान देने वाली घोषणाओं पर व्यापक बहस की आवश्यकता जताई थी। उच्चतम न्यायालय ने भी चुनाव आयोग से कहा था कि वह राजनीतिक दलों की ओर से की जाने वाली घोषणाओं के मामले में दिशा निर्देश जारी करें,लेकिन आज तक इस दिशा में कुछ ठोस नही हो पाया।

पिछले कुछ वर्षों से चुनावों के दौरान मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए राज्यों द्वारा की जा रही लोकलुभावन घोषणाओं और उनके कारण राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहे भारी बोझ को लेकर देश-व्यापी बहस चल रही है। इसी बहस के बीच चुनावी राज्य असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 37 लाख महिलाओं को आठ हजार रुपये नगद देने की घोषणा कर यह साफ संकेत दे दिया है कि मतदाताओं को रिझाने का यह अब तक सफल रहा सिलसिला फिलहाल थमने वाला नहीं है।

दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में चुनावों के समय मुफ्त योजनाओं की परंपरा काफी पुरानी है। इसकी शुरुआत 1960 के दशक में स्कूली बच्चों को मुफ्त भोजन देने से हुई थी। बाद के वर्षों में यह दायरा बढ़ता गया और साड़ी-धोती, रंगीन टीवी, लैपटॉप और वाशिंग मशीन तक बांटी जाने लगीं। दक्षिण से शुरू हुई यह परंपरा अब उत्तर और मध्य भारत तक पहुंच चुकी है और इसका स्वरूप भी बदल गया है। वर्तमान समय में लोकलुभावन घोषणाएं सीधे नकद हस्तांतरण (Direct Cash Transfer) पर केंद्रित हो गई हैं।

उत्तर भारत में आम आदमी पार्टी (आप) ने इस मॉडल का सफल प्रयोग किया। इसके बल पर वह दिल्ली में लगातार दो बार सत्ता में आई और पंजाब में भी सरकार बनाने में सफल रही। यह भी माना जाता है कि गुजरात विधानसभा चुनाव में आप की इसी रणनीति ने कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में छह गारंटियों की घोषणा कर सत्ता में वापसी की। तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में भी नकद हस्तांतरण आधारित घोषणाओं ने कांग्रेस की जीत में अहम भूमिका निभाई। कभी इस तरह की घोषणाओं की मुखर विरोधी रही भारतीय जनता पार्टी भी अब चुनावी सफलता के लिए नकद हस्तांतरण की रणनीति में सबसे आगे नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक मंचों से मुफ्त में ÷रेवड़ी बांटने÷ की संस्कृति के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन राज्यों में उनकी पार्टी और सहयोगी दल सत्ता हासिल करने या बचाए रखने के लिए इसी नीति का सहारा ले रहे हैं। स्पष्ट है कि लगभग सभी राजनीतिक दल बजट पर पड़ने वाले दबाव, शिक्षा-स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के लिए धन की कमी की चिंता से अधिक सत्ता प्राप्ति पर जोर दे रहे हैं।

नकद हस्तांतरण योजनाओं के चुनावी असर का अंदाजा मध्यप्रदेश से लगाया जा सकता है। जून 2023 में सत्ता-विरोधी लहर से जूझ रही शिवराज सिंह चौहान सरकार

ने लाड़ली बहना योजना के तहत 1.29 करोड़ महिलाओं को 1250 रुपये प्रतिमाह देना शुरू किया और दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में शानदार वापसी की। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए महतारी वंदन योजना को इस तरह प्रचारित किया कि मजबूत मानी जा रही भूपेश बघेल सरकार सत्ता से बाहर हो गई। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में पिछड़ने के बाद भाजपा-महायुति सरकार ने लाड़ली बहिन योजना शुरू की और विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से वापसी की।

झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने विधानसभा चुनाव से कुछ माह पहले मइया सम्मान योजना शुरू की और भाजपा की पूरी ताकत झोंकने के बावजूद सत्ता में बनी रही। पंजाब में आप ने एक हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा कर सरकार बनाई। हरियाणा में भाजपा ने 2100 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा कर सत्ता में वापसी की, जबकि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार गृह लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को दो हजार रुपये प्रतिमाह दे रही है।

हाल ही में संपन्न बिहार विधानसभा चुनावों में भी चुनाव से ठीक पहले करोड़ों लाभार्थियों, विशेषकर महिलाओं, के खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर किए गए। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लगभग 1.41 करोड़ महिलाओं को 10 हजार रुपये की सहायता डीबीटी के माध्यम से दी गई, जिसे एनडीए की जीत का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

अब असम में विधानसभा चुनाव से चार माह पहले मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अरुणोदय योजना के तहत 37 लाख महिलाओं को बिहू उपहार के रूप में आठ हजार रुपये देने की घोषणा कर दी है। 20 फरवरी को यह राशि एक साथ उनके खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इस वर्ष असम के साथ-साथ केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि सत्ता में बने रहने या सत्ता हासिल करने के लिए वहां किस तरह की नकद हस्तांतरण घोषणाएं की जाती हैं।

चुनावी वर्षों में ऐसी घोषणाओं का सीधा असर राज्यों की वित्तीय सेहत पर पड़ रहा है। पिछले दो दशकों में जिन 20 राज्यों में चुनाव हुए, वहां चुनावी वर्ष में राजकोषीय घाटा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले औसतन 0.5 प्रतिशत अधिक रहा। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्यप्रदेश, ओडिशा, आंध्रप्रदेश और झारखंड में यह स्थिति और गंभीर रही है। राज्यों द्वारा कर्ज लेने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिसमें बीते वर्ष 8 से 10 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

रिजर्व बैंक, पीआरएस और अन्य वित्तीय एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार तेलंगाना में छह गारंटियों पर 56 हजार करोड़, कर्नाटक में विभिन्न योजनाओं पर 48 हजार करोड़, महाराष्ट्र में लाड़ली बहिन योजना पर 45 हजार करोड़, उत्तर प्रदेश में मुफ्त राशन पर 20 हजार करोड़ और मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना पर करीब 19,350 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। बिहार में वित्त वर्ष 2024-25 में टैक्स से 54 हजार करोड़ रुपये की आय हुई, जबकि चुनावी घोषणाओं को पूरा करने में इसकी 62 प्रतिशत से अधिक राशि खर्च हो जाएगी। छत्तीसगढ़ के बजट पर भी लोकलुभावन योजनाओं का भारी दबाव है, जिससे विकास कार्यों के लिए उपलब्ध राशि लगातार घटती जा रही है।राज्य का चालू वित्त वर्ष का बजट एक लाख 65 हजार करोड़ का है.जिसमें 53 हजार करोड़ रूपए मुफ्त एवं रियायत पर तथा 55 हजार करोड़ रूपए वेतन पेंशन पर खर्च हो रही है। इसके साथ ही बड़ी राशि कर्जों की अदायगी और ब्याज चुकाने में जा रही है।इसका सीधा असर विकास कार्यों पर पड़ रहा है। विकास कार्यों के लिए राशि लगातार कम होती जा रही है।

बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी का कड़ा रुख

नीरज मनजीत

1991 में जब दक्षिण अफ्रीका ने अपनी रंगभेदी नीतियों को बदला, तब जाकर यह बंदिश हटाई गई थी। 2003 में एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप के दौरान भी ऐसी घटनाएं हुई थीं। यह विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, ज़िम्बाब्वे और केन्या की संयुक्त मेजबानी में खेला गया था। इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने मेज़बान देशों में खेलने से इनकार कर दिया था। इंग्लैंड ने ब्रिटेन सरकार ज़िम्बाब्वे के राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे की नीतियों के चलते हरारे में मैच खेलने से इनकार कर दिया था। जबकि न्यूज़ीलैंड ने केन्या की राजधानी नैरोबी में सुरक्षा कारणों से खेलने से मना कर दिया था। दरअसल कुछ महीने पहले मोम्बासा में बम विस्फोट हुआ था। दोनों टीमों ने मैचों की जगह बदलने की मांग की थी, पर आईसीसी ने इनकार कर दिया। नतीजतन ज़िम्बाब्वे और केन्या को वॉकओवर दे दिया गया था।

बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफ़िज़ुर रहमान को रिलीज करने के मामले के बाद आईसीसी ने भी बांग्लादेश के ख़िलाफ़ कड़ा रुख अपना लिया है। हम पिछले एक साल से देख रहे हैं कि बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों को निर्ममता से मारा जा रहा है। उनके घरों को जलाया जा रहा है और मंदिरों पर क्रूर हमले किए जा रहे हैं। इस बात को लेकर भारत का बहुसंख्यक समुदाय आंदोलित, आक्रोशित और बेहद फ़िक्रमंद है। आईपीएल के इस सीजन के लिए मुस्तफ़िज़ुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स ने ख़रीदा था। बहुसंख्यक समुदाय के ज़्यादातर लोगों को यह बात खटक रही थी कि उनके निर्दोष हिन्दू भाई वहाँ मारे जा रहे हैं और उनका कोई क्रिकेटर यहाँ से इतनी मोटी रकम ले जा रहा है। बहुसंख्यक समुदाय के विरोध और गुस्से को देखते हुए, उनके जज़्बात का ख़याल रखते हुए बीसीसीआई ने कोलकाता राइडर्स के मालिकान से कहा कि वे फ़ौरन मुस्तफ़िज़ुर को फ्रेंचाइजी से बाहर कर दें।

ज़ाहिर था कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर इसकी प्रतिक्रिया होना ही थी। बीसीबी ने इसकी ख़िलाफ़त करते हुए कहा कि वे फरवरी में भारत की धरती पर खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप में तभी खेलेंगे, जब उनके सारे मैच श्रीलंका में स्थानांतरित किए जाएँ। बांग्लादेश बोर्ड के इस फ़ैसले पर आईसीसी ने बहुत ही कड़ा रुख अपनाया है। आईसीसी ने साफ़तौर पर कहा है कि वर्ल्ड कप के सारे मैच जारी शेड्यूल के हिसाब से ही होंगे और बांग्लादेश की टीम को कोलकाता और मुंबई में पूर्व निर्धारित मैच खेलने होंगे। यदि बांग्लादेश की टीम भारत नहीं आती है, तो उन्हें अंक गँवाने होंगे। बांग्लादेश को अपने चारों ग्रुप मैच ईडन गार्डन और वानखेड़े स्टेडियम में खेलने हैं। फ़िलहाल ये पूरा मामला अटका हुआ है और आईसीसी एवं बीसीबी के बीच बातचीत जारी है। मुस्तफ़िज़ुर रहमान को रिलीज करने को हमारे अपने कुछ प्रबुद्ध उदारवादियों ने ग़लत ठहराया है। उनका कहना है

कि खेलों और खिलाड़ियों को राजनीति से दूर रखना चाहिए। उनकी बात से इत्तफ़ाक किया जा सकता है, बशर्ते कि हालात सामान्य हों। बांग्लादेश में तो परिस्थितियां असाधारण हैं। वहाँ हिंदुओं से अवांछित घृणा करनेवाले हिंसक चरमपंथियों का सत्ता पर कब्ज़ा है। इन प्रबुद्धजनों से पूछा जाना चाहिए कि दुनिया में ऐसा कौन सा इलाक़ा बचा है, जो राजनीति से अछूता है। खेद और आश्चर्य है कि ये उदारवादी प्रबुद्धजन हिंदुओं पर हो रहे क्रूर अत्याचार पर बड़ी ही चालाक किस्म की ख़ामोशी अख़्तियार कर लेते हैं और जैसे ही कोई कड़ा क़दम उठाया जाता है, ये ख़िलाफ़त पर उतर आते हैं। हम इन्हें तथाकथित नहीं कहेंगे, क्योंकि इनमें अधिकांश लोग मानवीय संवेदना से भरे प्रबुद्धजन हैं। मगर कहीं-न-कहीं इनकी मानवीय संवेदनाओं पर राजनीति अथवा विचारधारा की कट्टरता हावी हो जाती है।

उदारवाद का चोला पहने कुछ लोग तो वाकई ऐसे तथाकथित प्रबुद्धजन हैं, जो एक खास एजेंडे के तहत हिंदुओं पर बरती जा रही क्रूरता को जस्टिफाई करने लगते हैं। न्यूयॉर्क के नए नवेले मेयर जोहरान ममदानी को ही देख लीजिए, जो दिल्ली दंगों के आरोपियों उमर खालिद और शरजील इमाम की रिहाई के लिए कुछ सीनेटरों से मिलकर अमेरिका से अपना एजेंडा चला रहे हैं। खुद को लिबरल कहने वाले इन हृदयहीन लीडरों के पास दंगों में मारे जाने वाले निर्दोष लोगों के लिए एक शब्द भी नहीं है। ऐसे में इनका उदारवाद हमारे किस काम का है। मुस्तफ़िज़ुर को कोलकाता राइडर्स से बाहर किया जाना बांग्लादेश की अमानवीय घटनाओं की ख़िलाफ़त करने का एक प्रतीकात्मक क़दम है। इस मामले में बांग्लादेश की प्रतिक्रिया के बाद एक बार फिर दुनिया का ध्यान अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की तरफ़ गया है। यही इस पूरे एपिसोड का उद्देश्य भी है। खेलों में राजनीति की दखलंदाजी कोई पहली बार नहीं हो रही है। यह तो मात्र छोटा सा मामला है। 1980 में जब दुनिया में शीत युद्ध चरम पर था, तब अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के कहने पर 65 देशों ने मॉस्को ओलंपिक का बहिष्कार कर दिया था। उस वक़्त अफ़ग़ानिस्तान में सोवियत संघ की आर्मी मौजूद थी। सोवियत आर्मी की दखलंदाजी के विरोध में अमेरिकी ब्लॉक के देश मॉस्को ओलंपिक में नहीं गए थे। इसके जवाब में 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में सोवियत संघ के ब्लॉक के देश शामिल नहीं हुए थे। खेलों में राजनीति के दख़ल के ये सबसे बड़े मामले थे। इनके अलावा क्रिकेट में भी कई ऐसे दृश्य देखे गए हैं। 1970 में दक्षिण अफ्रीका की रंगभेद नीतियों की वजह से आईसीसी ने उस पर अतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की बंदिश लगा दी थी। यह बंदिश पूरे 21 साल तक चली थी।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आधी जिंदगी

आधी जिंदगी पढ़ाई पर लगाने के बाद जब बच्चे देखते है फूहड़ रील बनाने वाले लाखों कमा रहे है तो क्या चलता होगा मन मे। बच्चों को भटकने से बचाने के लिए हमें भी ये बेहूदा dopamine अफीम की तरह काम करने वाले रील का बायकॉट करके इनकी reech कम करनी होगी, यहाँ कोई सेंसर नहीं तो खुद ही रिपोर्ट करे यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है नहीं तो ये कैंसर की तरह एक जैनरेशन को खा जायेगा। जनहित में एक अपील।

- इन्दु वत्स

कहानी नहीं जो

कहानी नहीं जो सुनाई गयी है, फसाना नहीं जो बनाया गया है । सुनी दास्तान दर्द गम की थी जो उलट कर उसे ही दिखाया गया है । सफल नहीं वो जो दिखते रहे हैं, उन्हें खास कर के जताया गया है । छुप कर के करते हैं जो कुकृत्य सारे , रहनुमा ही उनको बताया गया है। जागते तो समझते सभी उलझनों को, व्यंग उनपे ही कैसे बनाया गया है। हुए हास्य शो भी उन्ही दास्तां पर , सत्य से झूठ जिनका निभाया गया है।

- मधुलिका शुक्ला

सुबह को भरपूर जी लेना चाहिए, यहीं

सुबह को भरपूर जी लेना चाहिए, यहीं से सोच जन्म लेती है- क्योंकि वह आपकी व आपकी भावनाओं की सुबह होती है जो विचार बनकर चल पड़ती है, और दिन का रूप तय कर देती है। **- सीमा नागर तुली**

हाल ही में मध्यप्रदेश में एक कद्दावर मंत्री

हाल ही में मध्यप्रदेश में एक कद्दावर मंत्री का अहंकार समक्ष में आया था जो एक वरिष्ठ पत्रकार के विरूद्ध था। अब छत्तीसगढ़ में एक कुलपति का अहंकार समक्ष में आया है जो एक प्रतिष्ठित साहित्यकार के विरुद्ध था। यह दोनों घटनाएं क्षुब्धकारी हैं। क्या पत्रकार और साहित्यकार सत्ता की दृष्टि में कोई महत्व नहीं रखते। **- कमल मेहर**

हिंदी मेरे देश की, मोहक मधुर

हिंदी मेरे देश की, मोहक मधुर जुबान। इसका होना चाहिए, दुनिया में उत्थान।। हिंदी के हर शब्द में, छिपा हुआ है ज्ञान। इसका होना चाहिए, दुनिया में सम्मान।। होती हिंदुस्तान की,हिंदी से पहचान। इसका होना चाहिए, सबको ही अभिमान।। **- रमेश शर्मा वशिष्ट**

सच है - अगर आप किसी कारण

सच है - अगर आप किसी कारण वश समाज से कुछ दिन दूर हो जाते है तो वही समाज आप की काबिलियत पर प्रश्न चिन्ह लगा देता आप को पुनःअपनी योग्यता साबित करनी पड़ती है!आप कुछ करे या न करे चर्चा में बने जरूर रहे दुनिया इसी की है। **- अजय श्री**

आई थी मेरी बीवी, रांझा के हीर की तरह

आई थी मेरी बीवी, रांझा के हीर की तरह, लगतीं थी कुछ महीने, मीठी खीर की तरह?। इक साल में ही बीवी, चुभे जैसे कोई तीर, घुमता है संजय आजकल, फकीर की तरह..।

- संजय सिंह भव्य

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके व्यवहार कुशलता से सामाजिक व्यक्तित्त्व निखरेगा जिसका प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष लाभ शीघ्र ही देखने को मिलेगा।

वृषः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज दिन के पूर्वार्ध में प्रत्येक कार्य उत्साह से करेंगे धन संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति भी समय से होने पर कार्य करने में दिलचस्पी बढ़ेगी।

मिथुनः आज के दिन आपका स्वभाव अटपटा रहेगा कहेंगे कुछ करेंगे उसके विपरीत। शारीरिक चुस्ती दिन भर बनी रहेगी फिर भी बिना स्वार्थ के किसी कार्य को करने के लिये तैयार नही होंगे।

कर्कः आज का दिन आपको प्रतिकूल फल देगा। आज आपका अथवा किसी परिजन का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ने से मानसिक चिंता बढ़ेगी।

सिंहः आज का दिन आपको धन लाभ कराएगा। आज दिन भर स्वास्थ्य उत्तम रहने से कार्यो को ज्यादा गंभीर होकर करेंगे।

कन्याः आज के दिन आपका संतोषि स्वभाव केवल दिखावा मात्र ही रहेगा अंदर ही अंदर उथल पुथल लगी रहेगी। आज अधिकांश कार्य बेमन से ही करेंगे जिसके फलस्वरूप परिणाम भी उसी अनुसार मिलेंगे।

तुलाः आज का दिन शुभफल प्रदान करने वाला रहेगा। आज आपको अपने आस पास के लोगो से अति महत्त्वपूर्ण बाते सीखने को मिलेंगी लेकिन स्वभाव में जल्दबाजी रहने के कारण कम समय मे अधिक ज्ञान पाने के चक्कर मे प्राप्त किया ज्ञान भी भूल सकते है।

वृश्चिकः आज का दिन भी आपके प्रतिकूल रहने वाला है प्रत्येक कार्य में सावधानी बरतें हानि आज किसी न किसी रूप में अवश्य होगी।

धनुः आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा बीते दिनों से जिस कार्य को लेकर भागदौड़ कर रहे थे आज उसके पूर्ण होने की संभावना है।

मकरः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपने कुशल व्यवहार से हानि को भी लाभ में बदलने की क्षमता रखेंगे परन्तु आज आपका दिमाग आर्थिक विषयो में अधिक भटकने के कारण सार्वजनिक क्षेत्र पर सम्मान में कमी भी आ सकती है।

कुंभः आज के दिन के कुछ भाग को छोड़कर शेष शांति से बिताएंगे रहेगा। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक एवं गूढ़ रहस्यों को जानने के लिये प्रेरित होगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए अशुभ रहेगा। प्रातः काल से ही शरीर अस्वस्थ रहने से आलस्य छाया रहेगा अति क्रोध एवं पेट की समस्याओं से ग्रसित रहेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) सिलिकोसिस रोग मुख्य रूप से किस पदार्थ के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होता है?

2) किस संगठन ने फ्यूचर ऑफजॉब्स रिपोर्ट 2025 जारी की?

3) कालिदास ने किस ग्रंथ में सती प्रथा का उल्लेख किया था?

4) पगड़ी संभाल जट्टा आंदोलन 1907 में किस भारतीय क्रांतिकारी ने शुरू किया था?

5) हाल ही में दिवंगत के. एस. मणिलाल किस क्षेत्र से संबंधित थे?

उत्तरमाला- (1) सिलिका डस्ट (2) वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (3) कुमारसंभव (4) अजीत सिंह (5) चित्रकला

पहेली

शब्द सामर्थ्य -284

[illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 283 का हल

26 ड्राइवरों को दी गई चश्मा लगाने की सलाह

65 स्कूल बसों में मिली खामियां: वसूला 50 हजार का जुर्माना

भिलाई/नवप्रदेश। ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने रविवार को संयुक्त रूप से स्कूल बसों की जांच की। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार पुलिस ग्राउंड, सेक्टर 6 भिलाई में 21 शैक्षणिक संस्थानों की कुल 230 स्कूल बसों की जांच की गई। 65 स्कूल बसों में अलग-अलग प्रकार की खामियां मिली है। इन बसों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 50900 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। अफसरों ने कहा कि स्कूल प्रबंधन से सभी खामियों को दूर करने के बाद ही बसों का संचालन करने कहा गया है। अभियान के

दौरान ड्राइवर-कंडक्टर के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। आंखों की जांच में 26 ड्राइवरों में दृष्टि संबंधी समस्या पाए जाने पर चश्मा लगाने या चश्मे का नंबर बढ़वाने की सलाह दी गई। परिवहन विभाग की टीम ने दस्तावेजों की गहन जांच करते हुए वाहन का रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स और चालक का लाइसेंस चेक किया।

बसों की मैकेनिकल फिटनेस की जांच भी की गई। हेडलाइट, ब्रेक लाइट, पार्किंग लाइट, इंडिकेटर, बैक लाइट, मीटर, स्टीयरिंग, टायर, क्लच, एक्सीलेटर, सीट, हॉर्न, वाइपर और आगे-पीछे रिफ्लेक्टर की स्थिति परखी गई।

सुप्रीम कोर्ट से निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप बसों में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गवर्नर, प्रेशर हॉर्न, आपातकालीन खिड़की, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाइल नंबर, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और आगे-पीछे स्कूल बस लिखा होना अनिवार्य रूप से जांचा गया।

यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने बताया कि जांच शिविर में जो बसें नहीं आ पाई हैं, उन्हें सड़क पर परिवहन के दौरान रोककर जांचा जाएगा। अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन से बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता न करने की अपील की है। यातायात सुरक्षा से जुड़े सभी नियमों का पालन करने कहा गया है।

बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस-4 ने 11 को हॉट मेटल उत्पादन में रचा नया कीर्तिमान

भिलाई/ नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 4 में 11 जनवरी को हॉट मेटल उत्पादन का अब तक का सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया गया। फर्नेस ने 3,152 टन हॉट मेटल का उत्पादन दर्ज किया। यह 1 दिसंबर 2025 को बनाए गए 3,101 टन के अपने पूर्वतम सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रिकॉर्ड को पार कर गया। यह उपलब्धि ब्लास्ट फर्नेस 4 की परिचालन क्षमता, समन्वय और निरंतर सुधार की दिशा में हो रहे प्रयासों का प्रमाण है। उत्पादन का नया कीर्तिमान बनने पर ब्लास्ट फर्नेस 4 एफएफसीआर में केक

काटकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (गुणवत्ता) राहुल श्रीवास्तव व कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्रीनिवास गुज्जू सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

ढाबा सील करने पहुंची निगम की टीम

संचालक ने आनन-फानन में जमा किया पौने दो लाख का बकाया टैक्स

दुर्ग/ नवप्रदेश। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने संपत्ति कर और ट्रेड लाइसेंस की बकाया वसूली का अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को जीई रोड स्थित चर्च के सामने संचालित 'सांझा चूल्हा फैमिली ढाबा' के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की तैयारी की गई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार होटल संचालक पर कुल 1 लाख 75 हजार 458 रुपये का संपत्ति कर काफी समय से बकाया था।

निगम द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस जारी करने पर भी ढाबा संचालक ने बकाया कर जमा नहीं किया। अंतिम नोटिस के बाद भी भुगतान न होने पर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम होटल को सील करने पहुंची। सीलिंग की कार्रवाई के डर से होटल संचालक ने फौरन बकाया टैक्स की राशि नगद जमा कर दी। इसके बाद सीलिंग की कार्रवाई रोक दी गई। कार्रवाई के दौरान उप राजस्व निरीक्षक निशांत यादव, संजय मिश्रा, राम खिलावन शर्मा, पवन नायक, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार, बाजार सहायक ईश्वर वर्मा, तिलक नवरंग, विजेंद्र पटेल सहित राजस्व और अतिक्रमण अमला उपस्थित रहा। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि बकाया संपत्ति कर जमा न करने पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सील बंद की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

टैक्स वसूलने काटे गए नल कनेक्शन विच्छेदन

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड 9 में बकाया टैक्स जमा न करने पर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की। राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड 9 में वकील सौरभ चौबे, एसपी चौबे के मकान का बकाया टैक्स 59,013 रुपये जमा न करने पर दो नल कनेक्शन काट दिए गए। लाल चंद्रा जौहरे के मकान का बकाया टैक्स 66,626 रुपये जमा न करने पर नल कनेक्शन काट दिया गया। कई करदाताओं ने नल कनेक्शन काटने पहुंची टीम के सामने ही बकाया टैक्स जमा कर दिया। वार्ड 9 के व्यासनारायण श्रीवास्तव ने 20,215 रुपये, राधा मंगला/एसपी चतुर्वेदी ने 15,920 रुपये का भुगतान किया। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंग यादव, उप-राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा, राजस्व उप निरीक्षक निशांत यादव, राजस्व उप निरीक्षक राम खिलावन शर्मा के नेतृत्व में की गई।

कुम्हारी में मिला अर्धनग्न युवक का शव

कुम्हारी/ नवप्रदेश। जियो पेट्रोल पंप के पीछे रविवार को देर रात अज्ञात युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में हत्या या किसी अन्य आपराधिक घटना से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत सामान्य हार्ट अटैक से होने की आशंका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। युवक की उम्र करीब 27 से 30 वर्ष के बीच है। युवक के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं।

सामान्य सभा की बैठक 19 जनवरी को

दुर्ग/ नवप्रदेश। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 19 जनवरी को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में धान खरीदी की समीक्षा, खाद्य विभाग के कार्यों, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों, समाज कल्याण विभाग के कार्यों, खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

नाली में मलबा डालकर पाटने पर निगम ने वसूला जुर्माना

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 30 और 53 में आज सुबह महापौर अलका बाघमार के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पार्षद सविता साहू, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, गौतम साहू, अतिक्रमण विभाग चंदन शर्मा उपस्थित रहे।

महापौर व आयुक्त ने इंदिरा मार्केट पहुंचकर साफ सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा सफाई व्यवस्था दुरुस्त किए जाने के बाद दुकानदार अगर दुकान का कचरा इधर-उधर या सड़कों पर फेंकते हुए पाए जाने पर जुर्माना वसूल किया जाएगा। इंदिरा मार्केट स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स के नीचे जलाराम चाट सेंटर के संचालक को कचरा न फेंकने की समझाईश दी गई।

सुलभ शौचालय के पीछे टू-व्हीलर पार्किंग सुनिश्चित करने और शौचालय के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए गए। महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 53, सड़क नंबर 6 का निरीक्षण भी किया। यहां मिली शिकायत के आधार पर महापौर ने नाली पाटकर मकान का मलबा नाली में डालने के कारण मकान मालिक से 5,000 रुपये जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए।सुपरवाइजर को नियमित रूप से नाली की सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि सुबह की सफाई सबसे महत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिन वार्डों से सफाई को लेकर ज्यादा शिकायतें मिल रही है, वहां विशेष निगरानी रखी जाए।

आयुक्त ने निर्माणाधीन व प्रस्तावित कार्यों का किया निरीक्षण

भिलाई/ नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई जोन-1 नेहरू नगर के अंतर्गत रिक्त भूमि, उद्यान, नाली, निर्माणाधीन पुलिया सहित सीवरेज चेंबर का अवलोकन आयुक्त राजीव पाण्डेय ने किया। इस दौरान जोन आयुक्त अजय राजपूत भी मौजूद थे। नेहरू नगर अंतर्गत विद्यानगर कालोनी में रिक्त भूमि का अवलोकन करने के साथ ही उद्यान परिसर में भवन निर्माण का अवलोकन किया गया। सिवरेज पाइपलाइन की सुरक्षा के लिये नाली का संधारण कराने उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किया गया।

राधिका नगर में नाला के ऊपर नवीन पुलिया निर्माण का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्य समयावधि में बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। सुपेला थाना के बगल में राधिका नगर रोड में पूर्व निर्मित पुलिया संकरा होने के कारण आवागमन की सुविधा बेहतर बनाने पुलिया विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिये गए।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, सुपरवाइजर क्रिस्टोफर पॉल, विजेंद्र सोनी उपस्थित रहे।

पीएम सूर्यघर में लेटलतीफी करने वाले वेंडरों के खिलाफ होगी एफआईआर

दुर्ग/ नवप्रदेश। बिजली कंपनी के डायरेक्टर राम अवतार पाठक ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रगति पर दुर्ग रीजन के अन्तर्गत दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के सोलर एजेन्सियों के संचालकों और मैदानी अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की।

उन्होंने सोलर एजेंसियों के संचालको को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल पर पंजीकृत उपभोक्ताओं के घरों में जाकर योजना का अधिकाधिक लाभ दिलाने सभी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल, पीएम सूर्य घर योजना के स्टेट नोडल अधिकारी नार्गाजुन बिम्बसार, अधीक्षण अभियंता जे. जगन्नाथ प्रसाद और आरके मिश्रा सहित दुर्ग, बालोद व बेमेतरा जिले के सभी कार्यपालन अभियंता व सोलर एजेन्सियों के संचालक उपस्थित हुए। डायरेक्टर राम अवतार पाठक ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बैंकों में लोन सहित सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद भी वेन्डरों द्वारा उपभोक्ताओं के रूफटॉप लगाने में लेटलतीफी की शिकायतें मिल रही है।

ऐसे वेन्डरों को ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। उन्होने निधारित समयसीमा पर काम पूरा न करने वाले दुर्ग क्षेत्र के सोलर एजेन्सियों के संचालकों को फटकार लगाते हुए कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पीएम सूर्य घर योजना के तहत लोन स्वीकृत होने के बाद भी दो-तीन महीनों से सोलर सयंत्र स्थापित न करने वाले वेन्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। संचालकों के पंजीयन रद्द कर जमा राशि को जब्त किया जाएगा। मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बकाया राजस्व वसूली के साथ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं के घरों के छतों पर सौर संयंत्र स्थापित करने कहा। सभी जोन व वितरण केन्द्र स्तर पर 300 से अधिक यूनिट बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की लिस्ट बनाकर उन्हें योजना का लाभ दिलाने भरसक प्रयास करने के निर्देश दिये गए।

बाइक से आ रहे मां-बेटे की सड़क हादसे में मौत, बाप-बेटे बाल-बाल बचे

दुर्ग/ नवप्रदेश। दो बाइक पर एक परिवार के चार सदस्य पुणे से लौट रहे थे। करीब 1033 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद घर से 27 किलोमीटर दूर एक्सीडेंट होने के कारण मां-बेटे की मौत हो गई। उनके पीछे बाइक से आ रहे बाप-बेटे की जान बाल-बाल बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मां-बेटे की बाइक सड़क किनारे खड़े हाईवा से टकरा गई। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजू साहू का परिवार पुणे में मजदूरी का काम करते थे। 9 जनवरी की शाम करीब 4 बजे वे पुणे से अपने पैतृक गांव बेमेतरा जिले के जामगांव के लिए रवाना हुए। पुणे से जामगांव की कुल दूरी लगभग 1,060 किलोमीटर है। परिवार के चारों सदस्य दो दोपहिया वाहनों से यात्रा कर रहे थे। 1033 किलोमीटर का सफर तय कर वे पथरिया तक पहुंच चुके थे। 10 जनवरी की रात करीब 10:45 बजे धमधा मेन रोड पर हाईवा ब्रेकडाउन कंडीशन खड़ी थी। इसी दौरान मां-बेटे की बाइक हाईवा से जा टकराई।

सूचना मिलने पर 112 एम्बुलेंस के माध्यम से दोनों घायलों को शासकीय अस्पताल अहिवारा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मालती साहू (35) और उनके बेटे राजेंद्र साहू (22) के रूप में हुई है। हादसे में राजेंद्र के पिता राजू साहू (40) घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार का छोटा बेटा जागेश्वर साहू सुरक्षित है। पत्नी और बेटे की मौत के बाद घायल राजू साहू ने हाईवा ड्राइवर के खिलाफ नंदिनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एफआईआर में कहा गया है कि ड्राइवर ने वाहन को सड़क पर लापरवाहीपूर्वक खड़ा किया था। वाहन में इंडिकेटर चालू नहीं था। रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेत भी नहीं लगाए गए थे। अंधेरा होने के कारण बाइक सवार वाहन को समय पर नहीं देख सके जिसके कारण हादसा हो गया।

उपार्जन केन्द्रों से 1,45,118.52 मे. टन धान का उठाव

दुर्ग/ नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी और उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव में तेजी आई है। जिले में अब तक 90,556.49 लाख रुपए की लागत से 3,81,992.64 मे. टन धान की खरीदी हो चुकी है। समय पर भुगतान राशि मिलने पर 69995 किसान लाभान्वित हुए हैं। उपार्जन केन्द्रों से धान की उठाव भी तेजी से होने लगी है। उठाव के लिये 2,31,011.74 मे. टन धान का डीओ जारी हुआ है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 1,45,118.52 मे. टन धान का उठाव किया जा चुका है।

किसान धान बेचने के बाद रकबा समर्पण करने आगे आ रहे हैं। जिसके कारण बिचौलियों को अपनी धान खपाने का अवसर नहीं मिला है। जिले में अब तक धान बेच चुके 39377 कृषकों ने 982.01 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर दिया है। उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किया गया है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके तहत केन्द्रों में 28,43,883 बारदाने उपलब्ध है।

ड्राइंग-पेंटिंग में 1200 प्रतिभागियों ने दिया जनजागरुकता का संदेश

भिलाई/ नवप्रदेश। सेल-बीएसपी द्वारा सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग ने सेक्टर 8 भिलाई स्थित सुनीति उद्यान में वार्षिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) डी. सतपथी ने की। इस अवसर पर सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल, महाप्रबंधक एस. सुनोव, पीएम राजेन्द्र कुमार, बीआर पांडा, यूवी सुभद्रा, जेटी दासन, एसके महतो, एसआर शिंदे भी उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के

स्कूली बच्चों, विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों और अभिभावकों/पालकों सहित लगभग 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ड्राइंग व पेंटिंग के विषय एक्सटेम्पोर (तत्काल) प्रकृति के रहे, जिन्हें स्थल पर ही घोषित किया गया, जिससे प्रतिभागियों की मौलिक सोच, रचनात्मकता और सहज अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन मिला।

प्रतिभागियों ने सामान्य सुरक्षा, अग्नि व गृह सुरक्षा, रेल व सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रंगों के माध्यम से प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। चयनित ड्राइंग व पेंटिंग्स का प्रदर्शन 19 जनवरी से 23 जनवरी तक इंदिरा प्लेस स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में किया जाएगा। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

काशी विश्वनाथ की झांकी के साथ नजर आएगा रिखी के साथ छत्तीसगढ़िया समूह

भिलाई/ नवप्रदेश। अंचल के जाने माने लोकवाद्य संग्राहक और लोक कलाकार रिखी क्षत्रिय के साथ छत्तीसगढ़िया कलाकारों का समूह इस बार नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में काशी विश्वनाथ मंदिर की झांकी के साथ नजर आएगा। रिखी क्षत्रिय अपने मूल प्रदेश छत्तीसगढ़ के बजाए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। रिखी और उनका समूह सोमवार को नई दिल्ली इस राष्ट्रीय समारोह के लिए रवाना हो गया। रिखी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन जनसंपर्क विभाग की ओर से तैयार हो रही झांकी में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किए जाने को दर्शाया गया है। लोकमाता के इस कार्य के बाद आदिवासी समुदाय द्वारा उत्सव मना कर उनका आभार जताने का उल्लेख विशेष रूप से किया जाएगा। इस झांकी में उनके साथ कलाकारों का समूह आदिवासी लोकनृत्य करते हुए आगे बढ़ेगा। रिखी क्षत्रिय के साथ जाने वाले कलाकारों में प्रदीप कुमार, संजीव कुमार बैस, पारस रजक, सुनील कुमार, भीमेश सतनामी, वेदप्रकाश देवांगन और प्रमोद शामिल हैं।

नेशनल जंबूरी में भ्रष्टाचार के विरोध में युवा कांग्रेस-एनएसयूआई ने निकाली रैली

दुर्ग/ नवप्रदेश। बालोद जिले में आयोजित नेशनल जंबूरी में भ्रष्टाचार के विरोध में आज युवा कांग्रेस व एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस महासचिव मोहित वालदे के नेतृत्व में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने इंदिरा मार्केट से पैदल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन में किये गए 10 करोड़ के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि बिना टेंडर के निजी कंपनी को काम दिया गया है। नियमों की अनदेखी कर राशि का हस्तांतरण किया गया है। केंद्रीय स्तर पर आयोजन स्थल नवा रायपुर तय किया गया था। इसे बदल कर चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाया गया है। युवा कांग्रेस ने मांग करते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाए। आयोजन में नियमों के विरुद्ध भ्रष्टाचार करते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। रैली के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पाली, कांग्रेस नेता आनंद कपूर ताम्रकार, सुमित घोष, एनी पीटर, आदित्य नारंग, अभिषेक जांगड़े, अली असगर, केडी देवांगन, तुषार कुमार, रोहन ताम्रकार, अमन सिंह, राहुल यादव, वेदांत शर्मा, ओम लहरी, यश ठाकुर, जय राणा, ऋषभ शुक्ला, कान्हा सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

सिल्हाटी में 1.52 करोड़ की लागत से 50 सीटर आदिवासी बालक छात्रावास का भूमिपूजन

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा के प्रयासों से सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम सिल्हाटी में 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत 50 सीटर प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के निर्माण कार्य का आज विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। निर्माणाधीन छात्रावास से आसपास के आदिवासी विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 10वीं तक निःशुल्क आवासीय तथा भोजन सुविधा प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए परिसर में स्वास्थ्य सुविधा, खेल मैदान, मनोरंजन हेतु खेल सामग्री, लाइब्रेरी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी। यह छात्रावास ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए सुरक्षित और उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति लगातार तेज हो रही है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के मंशानुरूप स्वीकृत कार्यों का निरंतर भूमिपूजन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी ढाँचे का सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की प्राथमिकता आदिवासी अंचलों में शिक्षा का प्रसार, युवाओं को अवसर उपलब्ध कराना एवं उनके भविष्य को सशक्त बनाना है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, आदिवासी विकास, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

आमदनी और सिंगारघाट पंचायत मे 37 लाख के विकासकार्यो का सांसद पांडे करेंगे भूमिपूजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के आमदनी और सिंगारघाट पंचायत मे 37 लाख रू से अधिक के विकास कार्यो की स्वीकृति के बाद आज भूमिपूजन कार्यक्रम सांसद संतोष पांडे की उपस्थिति मे संपन्न होगा । कार्यक्रम जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जनपद अध्यक्ष डा राजेश्री त्रिपाठी, उपाध्यक्ष लखन साहू, जिपंसभापति दिनेश वर्मा, पूर्व सभापति घम्मन साहू, भाजपाजिलाध्यक्ष बिशेसर साहू, जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा , गोरेलाल वर्मा भागवत शरण सिंह उपस्थित रहेंगें । आमदनी सरपंच पूर्णिमा दिनेश सिंह ने बताया कि पंचायत मे स्वीकृत कार्यो मे भोरमपूर मे दस लाख रू की लागत से बनने वाले सीसी सडक़, 5 लाख से तालाब पचरीकरण, आमदनी मे 5 लाख की लागत से तालाब पचरीकरण, और एकलाख 80 हजार रू से बनने वाले नाली निर्माण का भूमिपूजन होगा ।

एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 8 जनवरी से प्रारंभ

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश प्राक्कयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाना है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एकलव्य विद्यालयों की विभागीय वेबसाइट के माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे हैं। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन 01 मार्च 2026 रविवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि 08 जनवरी 2026 से 07 फरवरी 2026 तक निर्धारित है, जबकि ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 08 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक रहेगी।

प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी का किया गया भव्य एवं रंगारंग समापन

■ उमड़ा विशाल जन सैलाब, भारतीय कला, संस्कृति के बेहतरीन समागम से सराबोर रहा संपूर्ण आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। सीएम श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि स्काउट एक जीवन पद्धति है, जो हमें चुनौतियों का सामना करने तथा अभाव में भी जीवन जीना सीखाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्काउटिंग के दौरान व्यक्ति जो मूल्यों एवं आदर्शों को ग्रहण करता है। वो उनके भावी भविष्य के साथ-साथ राष्ट्र व समाज के नव निर्माण हेतु भी अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। मुख्यमंत्री श्री साय बालोद जिले के ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के समापन अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे। श्री साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से पधारे रोवर रेंजरो एवं स्काउट्स गाइड्स का भगवान श्री राम के ननिहाल एवं माता शबरी की तपोभूमि छत्तीसगढ़ में आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बालोद जिले के समीपस्थ ग्राम दुधली में 09 से 13 जनवरी तक आयोजित 05 दिवसीय इस प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के समापन अवसर पर प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग, भारत स्काउट गाइड के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त श्री के के खण्डेलवाल, राष्ट्रीय महासचिव श्री पीजीआर सिंधिया, भारत स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त श्री इंदरजीत सिंह खालसा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त श्री राकेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तोमन साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री चेमन देशमुख, श्री सौरभ लुनिया, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, दुर्ग संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर श्री अजय किशोर लकरा, ग्राम पंचायत दुधली की सरपंच श्रीमती पिलेश्वरी नेताम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक तथा देश के विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजर, स्काउट गाइड्स एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से उपस्थित रोवर रेंजरों द्वारा अपने-अपने राज्यों के कला एवं संस्कृति पर आधारित सुमधुर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के माध्यम से 05 दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का भव्य एवं रंगारंग समापन किया गया।

करोड़ों की वित्तीय अनियमितता का आरोप सरपंच-पंच पर कार्रवाई की मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत राजदमाय अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकुलदैहान में भारी वित्तीय अनियमितताओं का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत राजदमाय को दिनांक 09 जनवरी 2026 को लिखित शिकायत सौंपते हुए सरपंच सरस्वती चंद्रवंशी एवं पंच कृष्णा खरे सहित संबंधित इंजीनियर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बिना शासन की अनुमति एवं पंचायत प्रस्ताव पारित कराए बाजार स्थित दुर्गा मंच को तोड़ा गया, जो नियमों के विरुद्ध है। इसके अलावा 24 मार्च 2025 को की गई बाजार नीलामी की राशि 2 लाख 4 हजार रुपये को निर्धारित समय पर पंचायत खाते में जमा न कर निजी उपयोग में लिया गया और बाद में अलग-अलग तिथियों में जमा किया गया, जो वित्तीय नियमों का उल्लंघन है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि बिना टैक्सी परमिट के फर्जी बिल लगाकर 4 हजार रुपये का आहरण किया गया। साथ ही बिना जीएसटी एवं रॉयल्टी पर्ची के 17 बिलों के माध्यम से 6 लाख 64 हजार 237 रुपये निकाले गए। बीते दिनांक के बिल लगाकर 27 हजार 90 रुपये का आहरण तथा मुरुम-रेती की ढुलाई में रॉयल्टी पर्ची के बिना अधिक लोड दिखाकर भुगतान लेने का भी आरोप है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि स्वयं के ट्रैक्टर से पानी की ढुलाई कर कला राम साहू के नाम पर फर्जी बिल लगाकर बिना जीएसटी के 4 लाख 56 हजार रुपये का भुगतान कराया गया, जो पूरी तरह वसूली योग्य है। इसके अलावा पाइपलाइन नाली निर्माण में तकनीकी खामियों के कारण घरों का पानी घरों में ही भर रहा है तथा तिरंगा चौक से भूमियार चौक तक किए गए कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए हैं।

ग्रामीणों ने पूरे मामले की बिंदुवार जांच कर दोषी सरपंच, पंच एवं संबंधित इंजीनियर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, पदमुक्ति तथा अवैध रूप से निकाली गई राशि की वसूली की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम एवं विधायक को भी भेजी गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर क्या कदम उठाता है।

थलसेना अग्निवीर भर्ती 2025-26 : शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के लिए ठहरने की व्यवस्था

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक स्थान बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब, धमतरी में आयोजित है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में कबीरधाम जिले के लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 14, 20 एवं 21 जनवरी 2026 तिथि निर्धारित है। अभ्यर्थियों के ठहरने के लिए धमतरी नगर के सोनकर भवन, रामबाग, विंध्यवासिनी वार्ड (व्यवस्थापक श्री अश्वनी पाटकर, व्याख्याता शिक्षक, 8103350625), रैनबसेरा, जिला अस्पताल के पास (व्यवस्थापक श्री राजकुमार सिन्हा, व्याख्याता शिक्षक, 9827974636), सामुदायिक भवन, मराठा मंगल भवन के पास, मराठा पारा (व्यवस्थापक श्री गिरीश गजपाल, व्याख्याता शिक्षक, 7898388835) एवं राखेचा भवन, साल्हेवार पारा रोड, धमतरी (व्यवस्थापक श्री चेतन साहू, व्याख्याता शिक्षक, 7398734489) में किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी अपने साथ दैनिक सामग्रियों, सूखा नाश्ता, पानी बॉटल, बिछाने व ओढ़ने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के साथ जावें। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम या कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07741-299344 से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

राजनांदगांव जिला झेरिया रजक समाज की बैठक संपन्न

■ 23 फरवरी को संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला झेरिया रजक समाज की जिला स्तरीय बैठक शहर के दीनदयाल नगर स्थित सामाजिक भवन में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान शिव एवं स्वच्छता के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज के तैलचित्र की विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सामाजिक बंधुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 23 फरवरी को संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती राजनांदगांव में भव्य एवं धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान, तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

बैठक में सामाजिक समरसता से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। डॉ. निर्मलकर ने बताया कि पूर्व में झेरिया रजक (धोबी) समाज एवं कन्नौजिया धोबी समाज के बीच वैवाहिक संबंध नहीं होते थे, किंतु बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि दोनों परिवारों की आपसी सहमति हो, तो वैवाहिक संबंध स्थापित किए जा सकते हैं।

पिपरिया जोन में FLN प्रशिक्षण का प्रथम चरण संपन्न हुआ

कवर्धा//नवप्रदेश। विकासखंड स्तरीय FLN आधारित प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन जो की कवर्धा ब्लॉक को 3 जोन में विभक्त कर क्रमशः कवर्धा, पिपरिया इंदौरी में किया जा रहा है प्रशिक्षण ब्लैंडेड मोड (तीन दिवस ऑनलाइन व पाँच दिवस ऑफलाइन) मोड में संपन्न हुआ।

5 जनवरी से 9 जनवरी तक श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोना में आयोजित स्नस्ह के प्रथम चरण ऑफलाइन प्रशिक्षण में पिपरिया जोन के पहली से तीसरी कक्षा पढ़ाने वाले प्राथमिक शिक्षकों को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधारभूत संरचनाओं से संबंधित जानकारी साझा की गई। प्रशिक्षण का मुख्य विषय शिक्षक संदर्शिका ,पाठ्य पुस्तक व अभ्यास पुस्तिका को मिलाते हुए कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान हेतु दैनिक साप्ताहिक वार्षिक योजना के अनुरूप कार्य करते हुए, बच्चों के आकलन का रोड मैप भी डिजाइन किया गया है।

नाबालिग से यौन शोषण के बाद जन्मे बच्चे को अवैध रूप से अपनाने वाले दंपत्ति गिरफ्तार

■ कृष्णा हॉस्पिटल कुमुद हॉस्पिटल संदेह के दायरे में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नाबालिग बालिका के यौन शोषण से जन्मे नवजात को अवैध रूप से अपना बच्चा बताकर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में पुलिस ने एक दंपत्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। साथ ही बच्चे को बरामद कर विधिक संरक्षक के निर्णय हेतु बाल विकास समिति, राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

मामला इस प्रकार है कि पीड़िता की मां ने चौकी चिचोला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव के ही एक लड़के ने बहला-फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाया, जिससे वह गर्भवती हो गई। लोकलाज के भय से तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई और बच्ची को रिश्तेदार के घर छोड़ दिया गया। डिलीवरी के बाद पीड़िता के चाचा-चाची ने नवजात को किसी अन्य जरूरतमंद दंपत्ति को दे दिया।

पूर्व में पीड़िता के साथ यौन शोषण करने वाले विधि से संघर्षरत बालक को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। अग्रिम विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि पीड़िता के परिजन बच्चे को अपने पास नहीं रखना चाहते थे। जन्म के तत्काल बाद बच्चे को एक दंपत्ति को सौंप दिया गया, जिन्होंने कुमुद मोहबे मेमोरियल अस्पताल, राजनांदगांव में उसे अपना बच्चा बताकर भर्ती कराया। अस्पताल स्टाफ की जानकारी के बावजूद नगर निगम को गलत सूचना देकर जन्म प्रमाण पत्र भी बनवाया गया।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में कुमुद मेमोरियल अस्पताल से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। प्रकरण में धारा 62(1), 337, 338, 339 बीएनएस, 21 पॉक्सो एक्ट एवं 80 किशोर न्याय अधिनियम जोड़ी गई है। पूछताछ में आरोपी दंपत्ति ने जुर्म स्वीकार किया, जिनके कब्जे से जन्म प्रमाण पत्र व नोटरी शपथ पत्र जप्त किए गए हैं। मामले में अन्य आरोपियों पर भी विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

> ■ जो भी दोषी पाए जा रहे हैं उनको गिरफ्तार किया जा रहा है और आगे भी इस पर विधिवत कार्रवाई जारी है गिरफ्तारी होगी
>
> **अविनाश जी, टीआई बोरतलाब, राजनांदगांव**

पेज 1 का शेष

ऑनलाइन धान टोकन व्यवस्था ...

कोई गुंजाइश न रहे। अब तक प्रदेश में धान खरीदी केंद्रों की मदद से प्रदेश के 16.95 लाख से अधिक पंजीकृत किसानों से 93.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। सरकार ने समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत किसानों को अब तक 20 हजार 753 करोड़ रुपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया है।

जिलेवार धान खरीदी ...

सुकमा 47,617 क्विंटल, गौरेला-पेण्ड्रा-मारवाही 87,870 क्विंटल, कोरबा 1,56,983 क्विंटल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई 2,77,071 क्विंटल, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी 1,41,353 क्विंटल, बलरामपुर 1,57,708 क्विंटल, जशपुर 1,68,264 क्विंटल, कोरिया 76,648 क्विंटल, सरगुजा 2,02,951 क्विंटल, सूरजपुर 2,29,359 क्विंटल, सक्ती 2,70,468 क्विंटल और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर 56,855 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

आतंकवाद के मुद्दे पर...

एकमत हैं कि आतंकवाद पूरी मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है। भारत और जर्मनी इसके विरुद्ध एकजुट होकर पूरी दृढ़ता से लड़ाई जारी रखेंगे। भारत और जर्मनी सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए जी4 के माध्यम से हमारा संयुक्त प्रयास इसी सोच का प्रमाण है।

पीएम मोदी के ...

ऊर्जा दी है।

ठ भारत सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर रहा है। भारत और जर्मनी सहमत हैं कि ग्लोबल चुनौतियों से निपटने के लिए ग्लोबल इंस्टीट्यूशन में सुधार बहुत जरूरी है।

ठ आज हायर एजुकेशन पर बना रोडमैप शिक्षा के क्षेत्र में हमारी साझेदारी को नई दिशा देगा। मैं जर्मन विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने का आमंत्रण देता हूं।

भारत से जरूरी कोई ...

भारत में अमेरिकी राजदूत होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने भारत को एक असाधारण राष्ट्र बताया और यहां काम करने को सम्मान की बात कहा। गोर ने कहा-यह दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का संगम है।

गोर को भारत का राजदूत चुनने में ट्रम्प ने 7 महीने लिए

जनवरी 2025 में राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने कई देशों के लिए राजदूत की नियुक्ति की थी लेकिन भारत के लिए गोर को राजदूत पद पर चुनने के लिए उन्होंने 7 महीने लगा दिए। ट्रम्प ने अगस्त 2025 में गोर को भारत का राजदूत चुना था। वे ट्रम्प के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कट्टर समर्थक हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रम्प के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी।

जूनियर ट्रम्प के दोस्त हैं गोर

गोर, ट्रम्प के बेटे ट्रम्प जूनियर के दोस्त हैं। दोनों ने मिलकर 'विनिंग टीम पब्लिशिंग' नाम की कंपनी शुरू की थी, जो ट्रम्प की किताबें प्रकाशित करती है। इस कंपनी की किताबें महंगी मानी जाती है। सबसे सस्ती किताब की कीमत भी करीब 6500 रुपए है। इसी कंपनी के जरिए ट्रम्प ने अब तक तीन किताबें छपवाई हैं, जिनमें एक किताब में उनकी वह मशहूर तस्वीर है जब पेनसिल्वेनिया में रैली के दौरान उन पर जानलेवा हमला हुआ था और खून से लथपथ हालत में उन्होंने मुट्ठी बांधकर ताकत दिखाने वाला पोज दिया था।

गोर ने मस्क के करीबी शख्स को मिलने वाली जिम्मेदारी छीनी

मार्च 2025 में व्हाइट हाउस की एक कैबिनेट मीटिंग के दौरान मस्क और गोर के बीच बहस हो गई थी। मस्क ने कहा था कि गोर जिस तरह से लोगों को व्हाइट हाउस में नौकरी पर ला रहे हैं, वह ठीक नहीं है। यह बात सुनकर गोर नाराज हो गए और उन्होंने गुस्से में कहा कि वे मस्क से बदला लेंगे। इसके बाद मस्क ने साफकह दिया कि वे गोर के साथ व्हाइट हाउस में काम नहीं करेंगे।

गोर को ट्रम्प की टीम ...

थे जो उनके हिसाब से वफादार नहीं थे और बाद में यही उनकी सबसे बड़ी गलती मानी गई। ट्रम्प ने इस बार यह गलती नहीं की।

उन्होंने अपनी टीम के लिए जरूरी पदों को चुनने के लिए सर्जियो गोर को चुना जो उनके 'दाएं हाथ' कहे जाते हैं।

कोयला घोटालाः सौम्या...

निवेश किया गया। ईडी ने इन संपत्तियों को 'प्रोसीड्स ऑफक्राइम' मानते हुए कुर्क किया है।

25 रुपए प्रति टन के हिसाब से वसूली

ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि, कारोबारियों के साथ मिलकर कांग्रेस सरकार के दौरान नेता और अधिकारियों की मिलीभगत से जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच कोयला परिवहन करने वालों से प्रति टन 25 रुपए के हिसाब से अवैध वसूली की गई। इस अवधि में करीब 540 करोड़ रुपए की अवैध राशि वसूली गई। ईडी के मुताबिक, इस नकदी का इस्तेमाल सरकारी अधिकारियों और नेताओं को रिश्वत देने, चुनावी खर्चों की फंडिंग और चल-अचल संपत्तियों की खरीद में किया गया।

केंद्र-ईसी को सुप्रीम...

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून को लेकर विपक्ष का विरोध है। इनमें एक प्रावधान जोड़ा गया था, जिसके तहत। 'अगर चुनाव कराते समय या उससे जुड़े किसी फैसले में कोई गलती या विवाद होता है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों पर निजी तौर पर केस नहीं किया जा सकेगा। यह सुरक्षा उनके पूरे जीवन तक लागू रहेगी, भले ही वे पद पर न हों।'

नया कानून सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन

कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि धारा 7 और 8 स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांत का उल्लंघन है क्योंकि यह चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए स्वतंत्र तंत्र प्रदान नहीं करता है। याचिका में यह कहा भी गया है कि यह कानून सुप्रीम कोर्ट के मार्च 2023 के फैसले को पलटने के लिए बनाया गया, जिसने सीईसी और ईसी को एकतरफा नियुक्त करने की केंद्र सरकार की शक्तियां छीन ली थीं। यह वो प्रथा है जो देश की आजादी के बाद से चली आ रही है।

स्काउट एक जीवन पद्धति...

समीपस्थ ग्राम दुधली में 09 से 13 जनवरी तक आयोजित 05 दिवसीय इस प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के समापन अवसर पर प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग, भारत स्काउट गाइड के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त श्री के के खण्डेलवाल, राष्ट्रीय महासचिव श्री पीजीआर सिंधिया, भारत स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त श्री इंदरजीत सिंह खालसा, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक तथा देश के विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजर, स्काउट गाइड्स एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

युवाओं में नेतृत्व, सेवा ...

वाक्य ÷उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए÷ का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जंबूरी के दौरान रोवर-रेंजरों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव का विकास होता है।

वित्त वर्ष 2025-26 का ..

होगा। इसके साथ ही, वह देश के पूर्व वित्त मंत्री मोरारजी देसाई की ओर से स्थापित सर्वाधिक बजट पेश करने के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच जाएंगी। पूर्व पीएम मोरारजी देसाई ने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कुल 10 बजट पेश किए थे, और निर्मला सीतारमण अब उस ऐतिहासिक आंकड़े से महज एक कदम दूर हैं।

13 फरवरी से 9 मार्च के बीच क्या होगा?: संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पहले ही साफकिया था कि बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय प्रक्रियाओं और बजट प्रस्तावों की बारीकी से जांच सुनिश्चित करने के लिए सत्र को दो चरणों में विभाजित किया गया है-

पहला चरणः 28 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा। अवकाशः 13 फरवरी के बाद सत्र स्थगित रहेगा और 9 मार्च को दोबारा शुरू होगा। इस अंतराल का उपयोग संसदीय समितियों द्वारा विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों और बजट प्रस्तावों की जांच के लिए किया जाएगा।

दूसरा चरणः 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलने की उम्मीद है।1 फरवरी को सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर 'बजट के दिन' के रूप में नामित किया गया है।

हार्डवेयर दुकान से सवा लाख के सामानों की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा थाना अंतर्गत शहर के चंद्राकर मोटर वाइंडिंग एवं हार्डवेयर शॉप से अज्ञात चोरों ने नई-पुरानी तांबा तार व पीतल के बुश सहित करीब सवा लाख रुपये मूल्य के सामान पार कर दिए । दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरी का सामान ले जाते समय चोरों की तस्वीरें कैद हुई हैं।

फुटेज के अनुसार चार चोरों ने अपने चेहरे कपड़े से ढ़क रखे थे और वे बोरे में भरकर भारी सामान ले जाते नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी में दर्ज समय रात्रि लगभग 2 बजे का है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरों ने 1 से 2 बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया। दुकान संचालक ऋषि चंद्राकर ने बताया कि अज्ञात चोर गली तरफ लगे छोटे शटर को उठाकर दुकान के भीतर घुसे और अंदर रखी मोटर वाइंडिंग में प्रयुक्त नई-पुरानी तांबा तार तथा डिब्बों में रखे पीतल के बुश चोरी कर ले गए।

उन्होंने बताया कि दुकान के बगल स्थित गोदाम का ताला भी चोरों ने तोड़ा, लेकिन वहां से कोई सामान नहीं ले गए। पीतल के बुश हाल ही में मंगाए गए थे, जिन्हें चोरों ने डिब्बे खोल-खोलकर चुनिंदा तरीके से निकाला।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह भी सामने आया है कि चोरी के बाद चोर गणेश पारा स्थित दुर्गा मसाला दुकान के सामने की गली से होते हुए द्वारिका प्रोविजन के बगल से मुख्य सड़क की ओर फरार हुए। इसके आगे उनका रास्ता और ठिकाना पुलिस की जांच के दायरे में है। फिलहाल, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान व गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

खेल जीवन में अनुशासन और जुझारूपन की सीख देते हैं: स्वप्निल

पिथौरा/नवप्रदेश। यंग क्रिकेट क्लब द्वारा शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित ञ्ज-20 ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन का आगाज़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में कलम के सिपाहियों ने खेल और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए समाज में खेलों की महत्ता को रेखांकित किया।

अतिथियों का स्वागत

प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मनोहर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र सिन्हा, परमीत सिंह माटा, विजय गुप्ता, मनराखान ठाकुर राजेश बंसल, राजेश मिश्रा, ऋषिकेश शुक्ला मुन्नू पांडे प्रमोद सिन्हा सहित पत्रकार जगत के अन्य साथी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया।

अपने ओजस्वी संबोधन में स्वप्निल तिवारी ने कहा कि खेल हमें जीत और हार दोनों को स्वीकार करना सिखाते हैं। उन्होंने युवाओं को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनके व्यक्तित्व की सरलता और सामाजिक कार्यों के प्रति उनका समर्पण आयोजन में चर्चा का विषय रहा।

पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले मनोहर साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैदान पर बिताया गया समय अनुशासन की सबसे बड़ी पाठशाला है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर बताया।

अपनी बेबाक कार्यशैली और सामाजिक सरोकारों के लिए पहचाने जाने वाले परमीत सिंह माटा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखना ही एक सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। अतिथियों द्वारा टॉस कराकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथियों ने खेल का आनंद लिया और खिलाड़ियों को ऊर्जा के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का एक बेहतरीन मंच मिल रहा है।

मारपीट, दो के विरूद्ध अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। साराडीह निवासी चंद्रहास गायकवाड़ ने पुलिस को बताया कि 9 जनवरी की रात 9 बजे पंचायत चौक से वह अपने घर जा रहा था भानू कोठारी के किराना स्टोर के पास गांव के भानू कोठारी एवं करू निराला मिले , भानू कोठारी ने गाली- गलौज किए थे कहकर गाली - गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए नुकीली वस्तु से सिर में वार कर दिया तथा पास में खड़े करू निराला ने भी मारपीट की । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

महुआ शराब जब्त, युवक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने ग्राम धनोरा में परसाभदेल मार्ग में एक युवक से 6 लीटर महुआ शराब जब्त की है। मामले में आरोपी सराईपाली थाना तेंदूकोना निवासी विवेक कुमार गुप्ता (25) के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

कार से प्लेन व व्हिस्की शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा पुलिस ने एक कार में देशी प्लेन व व्हिस्की ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ग्राम लोहराकोट एनएच - 53 राहुल टी स्टाल के पास एक कार से गोवा व्हिस्की शराब 10 पौवा एवं शोले देशी प्लेन शराब 30 पौवा कुल (कीमत 3900 रुपए) तथा एक नीली बलेनो कार बरामद की। मामले में सपोस थाना सांकरा निवासी राहुल टंडन (27) के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

होलीफेथ स्कूल में हुई वार्षिक खेल प्रतियोगिता

महासमुंद/नवप्रदेश। द न्यू होली फेथ स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। जहां स्लो सायकल रेस, डॉज बॉल एवं कबड्डी क्रीड़ा स्पर्धा हुई। संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा ने खेल प्रारंभ पूर्व टॉस किया। प्राचार्य ने खिलाड़ियों का मैदान में शानदार प्रदर्शन के लिए मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य कविता पींचा, नंदनी चतुर्वेदी, पीयूष लूनिया, किशोर शुक्ला, दिलीप बोथरा मौजूद रहे। विद्यालय के खेल प्रभारी शिक्षिका डायना, जगदीश धीवर, मैनेजमेंट टीचर्स पूजा कामदार, आरती झा, आकांक्षा मिश्रा, रुचि साहू, दीपिका साहू, अनिशा यदु, लवीन चंद्राकर आदि का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय शालेय क्रीडा स्पर्धा गतका में तुसदा के खिलाड़ी का चयन

महासमुंद/नवप्रदेश। 69वें राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता गतका बालक बालिका 19 वर्ष जो कि पंजाब लुधियाना में 6 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित की गई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ टीम के प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुसदा बागबाहरा से छत्रपाल साहू का चयन किया गया था। छत्रपाल के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गतका में सिंगल सूती टीम में चयनित हुआ, जिसने पंजाब में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी छत्तीसगढ़ की टीम को चौथा स्थान प्रदान करने में सफल रहा। छत्रपाल की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला सहायक क्रिया अधिकारी अंजली बरमल, जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुसदा प्राचार्य महेंद्र सिंह मरकाम समेत शाला के समस्त शिक्षक स्टॉप एवं शाला के व्यायाम शिक्षक अंजू प्रजापति ने हर्ष जताया है।

54 हजार से ज्यादा किसान नहीं बेच पाए हैं धान, सता रहीं चिंता बिक पाएगा या नहीं!

खरीदी के लिए अब बचे महज 13 दिन

महासमुंद। जिले में सरकारी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अब महज 13 दिन शेष रह गया है, और अभी भी 54 हजार से ज्यादा किसान धान नहीं बेच पाए हैं। ऐसे में किसानों द्वारा लिमिट बढ़ाने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तारीख और आगे बढ़ाने की मांग भी की जाने लगी है। जिले में अब तक 658816.48 टन धान की खरीदी हो चुकी है।

बता दें कि 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हुई। अब तक 57 दिन गुजर चुका है। जिसमें से गत शुक्रवार (9 जनवरी) तक 40 कार्यदिवस में जिले के 1 लाख 58 हजार 983 किसानों में से 1 लाख 04 हजार 707 किसानों से 658816.48 टन धान खरीदी हो चुकी है। यानि कुल पंजीकृत किसानों में से अब तक 65.8 प्रतिशत किसानों से धान खरीदा जा चुका है। 31 जनवरी तक धान की खरीदी होनी है। जिसमें शनिवार-रविवार, मकर संक्रांति और 26 जनवरी के अवकाश को छोड़ महज 13 दिन ही धान खरीदी होनी है। इन 13 दिनों में अभी जिले के कुल 54 हजार 276 किसानों से धान खरीदा जाना मुश्किल लग रहा है। ऐसे में किसान धान विक्रय को लेकर चिंता में हैं कि उनका धान निर्धारित समय में खरीदा जा सकेगा या नहीं ?

लिमिट व समय बढ़ाने की मांग

धान खरीदी के 57 कार्य दिवसों में पंजीकृत किसानों से लगभग 65 प्रतिशत किसानों का धान खरीदा गया है। लेकिन अगले 13 दिनों में 34.2 प्रतिशत (54276 किसानों) से धान खरीदा जाना है। इतने कम समय में इतने किसानों से धान खरीदी चिंता का विषय बनता जा रहा है। ऐसे में किसान अब धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने व खरीदी समय आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि किसान हित में धान खरीदी की लिमिट और खरीदी का समय भी बढ़ाई जाए।

32.9 प्रतिशत ही उठाव

जो किसान अभी तक समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाए हैं, उन्हें निर्धारित समय में धान बेचने की चिंता सताने लगी है। वहीं समिति प्रबंधक उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव को लेकर चिंता में हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के इन 57 दिनों में अब तक कुल 27236.05 टन (32.9 प्रतिशत) धान का उठाव हो पाया है, और अभी भी उपार्जन केन्द्रों में 441580.43 टन धान डंप है। कई उपार्जन केन्द्रों में बंफर लिमिट से अधिक की धान खरीदी हो चुकी है। अब उनके पास धान रखने की जगह तक नहीं है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि धान तो खरीदना ही पड़ेगा, लेकिन उठाव की स्थिति ने चिंता में डाल दिया है। यदि समय पर उठाव नहीं होता है तो धान रखने की अलग से व्यवस्था करनी पडेगी जो हमारा अतिरिक्त खर्च बढ़ाएगा।

धान का उठाव तेजी करने राईस मिलर्स की कलेक्टर ने ली बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत इस खरीफ सीजन में अभी तक पूरे राज्य में सर्वाधिक धान की खरीदी हुई है। धान खरीदी का सिलसिला 31 जनवरी 2026 तक निरंतर जारी रहेगा। कलेक्टर विनय लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राइस मिलर्स की बैठक लेकर तेजी से उठाव के निर्देश दिए, इसके अलावा कुल खरीदी और उठाव की जानकारी ली एवं उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी का कार्य अपने अंतिम पड़ाव की ओर है इस दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जारी किए गए टोकन के अनुसार उठाव करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान राईस मिलर्स ने शॉर्टेज, मिलर्स टैगिंग एवं अन्य तकनीकी समस्याओं को अवगत कराया जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप अतिशीघ्र धान उठाव कर लिया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, खाद्य अधिकारी अजय यादव, जिला विपणन अधिकारी आशुतोष डड़सेना, उपायुक्त सहकारिता द्वारिकानाथ एवं जिले के राइस मिलर्स मौजूद रहे।

राष्ट्रीय जंबूरी में बच्चों का मनोबल बढ़ाने पहुँचे पदाधिकारी

बागबाहरा/नवप्रदेश। भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में देशभर से आए रोवर-रेंजर्स उत्साह, उमंग और ऊर्जा के साथ विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। जंबूरी स्थल पर सुबह से ही एडवेंचर हार्ड बैलून, बैलेंसिंग अनलॉक, लेडर क्लाइंबिंग, टायर टनल, मड गेम्स सहित अनेक साहसिक एवं कौशलवर्धक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

महासमुंद जिले के रोवर-रेंजर्स का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से स्काउट गाइड संघ बागबाहरा के अध्यक्ष पंकज हरपाल, जिला उपाध्यक्ष द्वय जय पवार एवं अशोक अग्रवाल, सहायक जिला आयुक्त (गाइड) पूरी हरपाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेश सोनी, स्थानीय संघ सचिव शेष नारायण साहू, व्यास नारायण बंजारे, वीणा साहू, डिगेश साहू, मनोज दिवान सहित अन्य पदाधिकारी जंबूरी स्थल पहुँचे। पदाधिकारियों ने बच्चों से रूबरू होकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली और उत्साहवर्धन किया।

जंबूरी में विभिन्न राज्यों से आए रोवर-रेंजर्स के साथ संवाद करते हुए पदाधिकारियों ने उनके अनुभवों को जाना। इस दौरान अन्य प्रांतों से आए बच्चों द्वारा अपनी-अपनी राज्य की कला-संस्कृति, सेवा भावना, कौशल प्रदर्शन, लोक नृत्य एवं पारंपरिक वेशभूषा का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया।

महासमुंद जिले के रोवर द्वारा निर्मित जिला प्रवेश द्वार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। वरिष्ठ स्काउटर संतोष साहू, राजीव तिवारी एवं गिरीश पाढ़ी ने विभिन्न राज्यों की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पदाधिकारियों ने एरिना, एनएचक्यू, ऑफिस, एसएचक्यू ऑफिस, कंट्रोल रूम एवं सेल्फी पॉइंट का भ्रमण भी किया।

राष्ट्रीय जंबूरी में सहभागिता से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना एवं सांस्कृतिक समन्वय को नई दिशा मिल रही है।

वक्ता मंच के वार्षिक समारोह में 100 बाल प्रतिभाएं सम्मानित

- बच्चों के हौसलों को मिली नई उड़ान, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। प्रदेश की अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच के वार्षिक समारोह के अवसर पर 100 बाल प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इन बच्चों को खेल, कला, संस्कृति, पढ़ाई, समाज सेवा, साहित्य एवं विज्ञान के क्षेत्र में जारी विशिष्ट प्रयासों हेतु अभिनंदित किया गया। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि इनमें से अधिकांश बच्चे जिला, राज्य व अखिल भारतीय स्तर तक की स्पर्धाओं में प्रतिनिधित्व कर चुके है। समारोह के मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त महादेव कांवरे थे। अध्यक्षता प्रख्यात संगीतज्ञ डॉ एम श्री राम मूर्ति ने की। विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ फिरोज खान, समाज सेवी डॉ धर्मवीर बघेल व नेहा टंडन शर्मा, कमिश्नर दिलीप वासनीकर तथा वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार धर द्विवेदी, पी के तिवारी एवं खेमेश्वर पुरी गोस्वामी सुशोभित थे। समारोह के दौरान बच्चों ने धुंआधार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का आयोजन बच्चों के आत्म सम्मान एवं देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। यह सम्मान बच्चों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा को मान्यता देता है जिससे वे और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित होते है। यह समारोह बच्चों की प्रतिभा को सामने लाता है और बच्चों के संपूर्ण विकास और समाज के प्रति उनके योगदान को स्वीकार करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर बच्चों को सम्मानित किया गया।

इन बच्चों का हुआ सम्मान

अनुष्का शर्मा- कचिपुड़ी नृत्य, सिद्धार्थ शर्मा -साहित्य, नीलांश मानिकपुरी - बैडमिंटन, खिलेश्वर गोयल - हॉकी, उन्नति शर्मा - कत्थक नृत्य, सुकृति शर्मा - शतरंज, लक्ष्मण देवांगन -विज्ञान प्रदर्शनी, अश्विका शर्मा -कत्थक, शाश्वती बैनर्जी - नृत्य, शालू सूर्या एवं भव्या सूर्या - बाल कवयित्री, अपेक्षा संघी -कत्थक, अवि कुमार साहू -कराते, खनक रघुटा - भरतनाट्यम, विजया श्री स्वामी - समाज सेवा, नय जैन - बास्केटबाल, कृदय होलधर - पुस्तक लेखन, अबीर लूथरा - तैराकी, अराध्या साहू -गायन सहित 100 बच्चों का सम्मान किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अभिभावकों ने कहा कि इससे बच्चों के हौसलों को नए पंख लग जाएंगे और वे सफलता की नई उड़ान भरने स्वयं को तैयार करेंगे।

UCMAS एबेकस में स्काई इंटरनेशनल स्कूल की शानदार उपलब्धि

धमधा/नवप्रदेशा। स्काई इंटरनेशनल स्कूल, धमधा के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आयोजित ष्ट्रक्रस्न एबेकस प्रतियोगिता में इंटरनेशनल, नेशनल एवं स्टेट लेवल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

स्टेट लेवल प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 900 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें स्काई इंटरनेशनल स्कूल के 48 विद्यार्थियों ने भाग लेकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। कक्षा ङ्कढ्ढ-क्क के टेकेंद्र साहू ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस का खिताब अपने नाम किया, जबकि कक्षा III-क्क के वेदांत राजपूत एवं गुंजन रावत ने चैंपियन स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

सफल विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. माया भट्टाचार्य, अध्यक्ष श्रीमती सुनीता जैन एवं निदेशक संकेत जैन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय है कि धमधा क्षेत्र में स्काई इंटरनेशनल स्कूल द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास से जुड़े विभिन्न आयोजन किए जाते हैं, जिससे विद्यालय ने क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान और ख्याति स्थापित की है।

समापन शटल उत्सव गरियाबंद में विशाखापट्टनम चैंपियन

स्मैश, संघर्ष और जश्न : हजारों दर्शकों के बीच रोमांचक समापन

गरियाबंद/नवप्रदेश। खेल और उत्साह से सराबोर गरियाबंद शहर में शनिवार को शटल उत्सव - गरियाबंद पुरुष डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य और यादगार समापन हुआ। दो दिवसीय इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट ने न केवल खेलप्रेमियों को रोमांचित किया, बल्कि गरियाबंद को अंतरराज्यीय खेल मानचित्र पर एक नई पहचान भी दी। इंडोर स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले को देखने सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने हर स्मैश और हर रैली पर तालियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

गरियाबंद बैडमिंटन क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में विशाखापट्टनम की जोड़ी पारस और तनय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की टीम डीबीएस चंद्र कुमार और के. जगदीश को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं ओडिशा की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के विजेताओं को नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई

-प्रथमविजेता विशाखापट्टनम को 15,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी,

-द्वितीय विजेता हरियाणा को 10,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी, तथा तृतीय स्थान पर रही ओडिशा की टीम को 5,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फूमेमन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव एवं आर.आई. सनत ठाकुर मंचासीन रहे। उद्घाटन को खास बनाते हुए गफ्फू मेमन ने स्वयं एक मैत्री मैच खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, जिस पर पूरा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि गफ्फू मेमन ने अपने उद्बोधन में कहा, गरियाबंद में इस स्तर का बैडमिंटन टूर्नामेंट यह साबित करता है कि हमारा जिला खेल प्रतिभाओं से भरा हुआ है। खेल युवाओं को अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा देता है। ऐसे आयोजनों से न सिर्फ खिलाड़ियों को मंच मिलता है।

मैचों का विवरण

फाइनल मुकाबला पारस एवं तनय (विशाखापट्टनम) और डीबीएस चंद्र कुमार एवं के. जगदीश (हरियाणा) के बीच खेला गया। सेमीफाइनल-1 में पारस एवं तनय ने चिन्मय और प्रतीक को हराया। सेमीफाइनल-2 में डीबीएस चंद्र कुमार एवं के. जगदीश ने सरोज और मोहम्मद इरफान पर जीत दर्ज की।

भगवान शिव का पार्थिव शिवलिंग पूजन करोड़ों यज्ञों के समान पुण्यदायी : पं. पंकज तिवारी

महासमुंद/नवप्रदेश। भगवान शिव का पार्थिव शिवलिंग पूजन करोड़ों यज्ञों के समान पुण्य फल देने वाला है। जो साधक मोक्ष की कामना करता है, उसे एक करोड़ पार्थिव शिवलिंगों का श्रद्धा-भाव से पूजन करना चाहिए। इससे न केवल समस्त मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं, बल्कि कष्ट, भय और पाप का नाश होकर प्राणी सुखमय जीवन जीते हुए मोक्ष को प्राप्त करता है। स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के दौरान व्यासपीठ से प्रवचन करते हुए आचार्य पं. पंकज तिवारी ने पार्थिव शिवलिंग पूजा की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक बार श्रद्धा और विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंग पूजन अवश्य करना चाहिए। पं. तिवारी ने पूजन विधि की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि भस्म भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है, अत: शिवलिंग पूजन में भस्म का प्रयोग कर शिवलिंग पर अर्पित करने के साथ-साथ अपने मस्तक पर भी धारण करना चाहिए।

उन्होंने अतुल धन-संपदा की प्राप्ति हेतु 10 लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन,देवताओं के समान ऐश्वर्य एवं पुत्री प्राप्ति के लिए 10 हजार शिवलिंग, पुत्र प्राप्ति के लिए 55 हजार शिवलिंग,भूत-प्रेत, डाकिनी-शाकिनी एवं पिशाचिनी भय निवारण हेतु 7 हजार शिवलिंग,सभी कामनाओं की सिद्धि एवं कारागार से मुक्ति के लिए 10 हजार शिवलिंग, दरिद्रता निवारण हेतु 5 हजार शिवलिंग, चोर भय से मुक्ति के लिए 200 शिवलिंग, तीर्थाटन व भ्रमण की इच्छा पूर्ति हेतु 2 हजार शिवलिंग, पुत्र कामना एवं बंधन से मुक्ति के लिए 1500 शिवलिंग, विद्या प्राप्ति एवं भूमि संबंधी कामना के लिए 1000 पार्थिव शिवलिंग का पूजन करना चाहिए ।

शास. विद्यालय देवरी में वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में जनपद पंचायत भाटापारा के कौशल विकास एवं उन्नयन विभाग के सभापति नरेश साहू, ,शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य टेकराम घृतलहरे,ग्राम पंचायत देवरी के पंच गण शोभित यादव, संजय वर्मा,कैलाश साहू तथा सावंत साहू के आथित्य में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 8एवं9जनवरी को विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन व स्पोर्ट्स शिक्षक चंद्रकांत बागडे के निर्देशन में आयोजित किया गया।विद्यालय के विद्यार्थियों को रेड ,बल्यू, ग्रीन तथा यलो हाउस में विभाजित कर उन हाउसों के मेंटर शिक्षक शिक्षिकाओं एच एल साहू,एस के दीवान, ए के खरे, प्रीति शाह, रेणू शर्मा,मृणालिनी शुक्ला,रूकमणी साहू,सुभा शर्मा,आर के वर्मा,जी एस तिवारी , जी के साहू,टिकेश्वरी तथा हुलसी के सहयोग से विभिन्न खेल कैरम, शतरंज, स्लो सायकल रेस, रस्साकशी,खो खो ,बैडमिंटन एवं वॉलीवाल छात्र एवं छात्राओं के वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में किशोर राव,संदीप ठाकुर, पुष्पलता अग्रवाल, जानकी ,गिरवर कक्षा नवमीं से बारहवीं के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ दिवस पर खेले गये मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने 17 वर्ष आयु वर्ग में नवोदय विद्यालय को एकतरफा मुकाबलें में 26-2 अंकों से पराजित किया। इसके अलावा अन्य मैचों में बालक व बालिकाओं ने मैच जीते। दिग्विजय स्टेडियम के बास्केटबॉल इण्डोर एवं आउटडोर मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बास्केटबॉल बालिका 17 वर्ष के पहले मैच में हिमाचल प्रदेश ने पंजाब को 70-51 अंकों से, उड़िसा ने विद्याभारती को 34-10 अंकों से, झारखण्ड ने पुडूचेरी को 33-28 अंकों से, सीबीएसडब्लूएसओ ने आंध्रप्रदेश को 29-25 से, सीबीएसई ने केन्द्रीय विद्यालय को 50-23 अंकों से हराया। वहीं बालक वर्ग में गुजरात ने उड़िसा को 67-40 अंकों से, तेलंगाना ने आंध्रप्रदेश को 46-41 अंकों से, सीबीएसई ने बिहार को 22-15 अंकों से, सीबीएसडब्लूएसओ ने देव कॉलेज को 27-12 अंकों से, लीग राउंड में हराकर 2-2 अंक प्राप्त किए।

डॉ. रमन चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में हुए शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आयोजित चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 100 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 100 हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में 498 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है। उन्होंने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत लागू यूनिवर्सल पीडीएस, डिजिटलीकरण और वन नेशन वन राशन कार्ड के संबंध में जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत 1 से 7 तारीख तक सभी हितग्राहियों को चावल दिया जा रहा है। खाद्यान्न सुरक्षा योजना नागरिकों के लिए है, जिसका लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र हितग्राहियों को दिया जाना है। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन राशन कार्ड के तहत एक देश में एक राशन कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके तहत हितग्राही देश के किसी भी राज्य में आधार प्रमाणीकरण बाद शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त कर सकते है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि सीधे बैंक खाते के माध्यम से दिया जा रहा है।

नगरी में भव्य विश्व हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

■ **बड़ी संख्या में महिला पुरुष हिंदू संगठन, दिया सनातन एकता का संदेश**

नगरी/नवप्रदेश। सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं समाज में एकता के उद्देश्य से नगरी नगर में विश्व हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन शुक्रवार को राजाबाड़ा, नगरी में किया गया। आयोजन समिति के अनुसार यह सम्मेलन समाज को संगठित कर एक समर्थ, सशक्त एवं संस्कारवान भारत के निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करने हेतु आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि कोटेश्वरधाम नगरी के सत्यनारायण बाबा, मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा (प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख), विशिष्ट अतिथि निशा साहू (व्याख्याता), मुरलीबाबा श्रृंगी ऋषि आश्रम, सरभंग ऋषि आश्रम, गौतम ऋषि आश्रम आदि के संतजन, साहू समाज, गोंड़ समाज, हलवा समाज, मरार समाज, कलार समाज, कुम्हार समाज, धोबी समाज, जैन समाज, यादव समाज, ब्राम्हण समाज, राजपूत समाज के प्रमुख व सामाजिक मातृशक्तियां सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। व्याख्याता निशा साहू ने पंच परिवर्तन पर कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का बोध व नागरिक कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए प्लास्टिक का त्याग, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन का संदेश दिया। श्रमुख्य वक्ता हरिओम शर्मा ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष की प्रेरक यात्रा, उसके उद्देश्यों एवं भविष्य की दिशा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज को जागरूक और संगठित रहने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि सत्यनारायण बाबा ने हिन्दुत्व विषय पर संगठित हिन्दू समाज व महानदी प्रकाट्य पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में आरएसएस के खंड संचालक गोकुल राम देवांगन, जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर, मुरली बाबा (श्रृंगी ऋषि आश्रम, सिहावा), नगरी खंड कार्यवाहक मोतीलाल, सहकार्वाह रेखराज साहू, खंड संपर्क महेंद्र नेताम, सामाजिक समरसता प्रमुख पी.आर. साहू, दिनेश्वरी नेताम सहित आरएसएस के कार्यकर्ता मंडल नगरी व फरसियां के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आयोजन में आर.एल. देव, मोहन नाहटा, नंद यादव, तुलसी साहू, परमेश्वर सोनबेर, प्रकाश बैस, उमाशंकर नागवंशी,सुरेंद्र सिंह सार, दीनदयाल यादव, निखिल साहू, संत कोठारी, शकुन कश्यप, सुलोचना सिन्हा, उमाशंकर ध्रुव, प्रेस सहित समस्त कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त सनातन धर्मावलंबियों, मातृशक्ति, युवाओं एवं प्रबुद्धजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

डोंगरगढ़ की श्रीयंत्र प्रसाद योजना नवनिर्मित भवन में भारी भ्रष्टाचार

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया औचक निरीक्षण

■ **निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल**

डोंगरगढ़ /नवप्रदेश। डोंगरगढ़ में राज्य एवं केंद्र सरकार के संयुक्त तत्वाधान में नवनिर्माणाधीन श्रीयंत्र प्रसाद योजना का भवन इन दिनों भारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। निर्माण की घटिया गुणवत्ता और कार्यप्रणाली में अनियमितताओं को देखते हुए, रविवार को डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचकर औचक निरीक्षण किया।

विधायक और कांग्रेस कमेटी ने निर्माण स्थल का जायजा लेने के बाद कई गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर किया है।

भ्रष्टाचार की मुख्य झलकियाँ

समिति का अभावः इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए किसी भी समिति का विधिवत गठन नहीं किया गया, जिससे निर्माण कार्य में पारदर्शिता का अभाव रहा और यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार को दर्शाता है।

स्थानीय प्रतिनिधियों की अनदेखीः स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नेताओं को भी इस परियोजना से संबंधित किसी भी व्यवस्था या प्रगति की जानकारी नहीं दी गई, जिससे निर्माण कार्य पर निगरानी संभव नहीं हो पाई।

अधूरा निर्माण, शुरू हुई मरम्मतः बिल्डिंग का निर्माण कार्य अभी पूर्ण भी नहीं हुआ है और पहले से ही कई जगहों पर मरम्मत (रिपेयरिंग) का काम आ चुका है। यह निर्माण की अत्यंत खराब गुणवत्ता को प्रमाणित करता है।

कार्य अवधि की अनिश्चितताः कार्य को कब शुरू किया गया और कब तक पूर्ण किया जाएगा, इसकी कोई निश्चित अवधि या समय-सीमा उपलब्ध नहीं है।

घटिया निर्माण के साक्ष्यः

- कई स्थानों पर स्लैब फटे हुए हैं और दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं।
- कई जगहों से पी.ओ.पी. की सतह पूरी तरह से उखड़ रही है।
- दीवारों में सीपेज (पानी का रिसाव) साफदिखाई दे रहा है।
- निर्मित कमरों में चमगादड़ों के झुंड का पाया जाना निर्माण कार्य की उपेक्षा और निष्क्रियता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

विधायक का वक्तव्य

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने इस पूरे मामले को जनता के पैसों की बर्बादी बताते हुए, निर्माण कार्य में शामिल ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उच्च-स्तरीय जाँच की मांग की है। उन्होंने कहा, ÷जो बिल्डिंग बनने से पहले ही टूटने लगी हो, वह किस काम की? यह सीधे तौर पर जनता के साथ धोखा है और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम इस भ्रष्टाचार की कड़ी निंदा करते हैं और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

ऑल इंडिया एथलेटिक्स स्पर्धा में पं. रविवि की पुरुष टीम बैंगलौर रवाना

धरसीवां/नवप्रदेश। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो राजीव गांधी हेल्थ साइंस विश्वविद्यालय बैंगलौर (कर्नाटक) में 12 जनवरी से 16 जनवरी 2026 को आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम आज रवाना हुई। टीम खिलाड़ियों को शारीरिक शिक्षा विभाग की संचालक प्रोफेसर डॉ. रीता वेणुगोपाल मैडम ,खेल निर्देशक प्रोफेसर डॉ. राजीव चौधरी सर ने शुभकामनाएं दी। पुरुष टीम में मनोज कुमार शासकीय महाविद्यालय अभनपुर, तोषिक कातुरे शासकीय सुखराम नागे नगरी (धमतरी) पारस तारक शासकीय महाविद्यालय महासमुंद व टीम मैनेजर, श्र राकेश कुमार पाल क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय धरसीवा एवं विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी गण व स्टाफके सदस्यों द्वारा अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

टॉप 50 बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी

■ **नहीं पटाया टैक्स तो होगी कुर्की**

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत डोंगरगांव ने राजस्व वसूली को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। लंबे समय से करों का भुगतान न करने वाले शहर के टॉप 50 बकायादारों के खिलाफ निकाय प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इन सभी बकायादारों को छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 164 (3) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया गया है।

नगर पंचायत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इन 50 करदाताओं को 3 माह पूर्व ही बिल थमा दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद उनके द्वारा राशि जमा करने में कोई रुचि नहीं दिखाई गई। अब विभाग ने इन्हें 15 दिनों का अंतिम समय दिया है। यदि इस अवधि के भीतर कर की राशि जमा नहीं की जाती, तो अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार चल संपत्ति की कुर्की हेतु कुर्की वारंट जारी कर कार्यवाही की जाएगी। निकाय प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक, केवल इन टॉप 50 बकायादारों से ही नगर पंचायत को कुल 16 लाख 96 हजार रुपये की वसूली करनी है।

एक ही करदाता पर 1,74,486.00 रुपये का कर बकाया है। सूची में शामिल सबसे कम बकाया राशि 22,312.00 रुपये है।नगर पंचायत कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि तय समय सीमा समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। कुर्की की कार्यवाही के दौरान होने वाले किसी भी नुकसान या असुविधा के लिए संबंधित करदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। निकाय ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने करों का भुगतान कर शहर के विकास में सहभागी बनें और दंडात्मक कार्यवाही से बचें।

डॉ.जेके आडिल चैंपियन्स ट्राफी टूर्नामेंट का शुभारंभ

■ **चेम्बर ऑफकामर्स और समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों के बीच खेला गया सद्भावना मैच**

भाटापारा/नवप्रदेश। डॉ. जे. के. आडिल चैंपियंस ट्रॉफी, पावर्ड बाइ चेंबर ऑफ कॉमर्स भाटापारा के अंतर्गत मिलन क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कल्याण क्लब मैदान में हुआ। यह आयोजन शहर में खेल भावना को बढ़ावा देने एवं युवा खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम हनुमान जी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लेकर किया गया, जिसके पश्चात उद्घाटन सद्भावना मैच खेला गया। उद्घाटन अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर से प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, मंत्री प्रशांत गुप्ता, मंत्री राजेंद्र पारेख विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीचंद छाबड़िया, भाटापारा इकाई अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी,

प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधर गोविंदानी,अमरजीत सिंह सलूजा उपाध्यक्ष भाटापारा इकाई , मुकेश थारानी, प्रह्लाद लछवानी, बलवंत सिंह सलूजा,

सुरेश गोडवाणी, मुकेश सोनी, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार प्रदेशाध्यक्ष एच.आर. ज्वैलर्स संचालक लक्ष्मी नारायण सोनी, अभिषेक मोदी, वरिष्ठ समाजसेवी अरुण बंटी छाबड़ा, डॉ. विकास आडील एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उद्घाटन सद्भावना मैच छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं भाटापारा समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों के टीमों के बीच मुकाबला खेला गया। चांदी के सिक्के से टॉस हुआ। टॉस जीतकर भाटापारा चेंबर ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन टीम मात्र 55 रनों पर सिमट गई। जवाब में प्रदेश टीम के खिलाड़ी राजू कंचवानी, निकेश बरड़िया एवं टीम ने मात्र दो ओवर में 56 रन बनाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

भिनोदा के मुख्य मार्ग एनएच-130बी पर कचरे का अघोषित 'वेयरहाउस'

भिनोदा/सरसींवा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भिनोदा में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शासन द्वारा सराहनीय पहल की गई है। गांव-गांव कूड़ेदान बनाए गए हैं, घर-घर कचरा संग्रहण के लिए महिला समिति गठित की गई है और समिति को मानदेय के साथ कचरा उठाने हेतु वाहन भी उपलब्ध कराया गया है। इसके बावजूद जमीनी हकीकत चिंताजनक तस्वीर पेश कर रही है। गांव के मुख्य मार्ग ह॥-130क्ष पर खुलेआम कचरा फेंका जा रहा है, जिससे यह मार्ग धीरे-धीरे कचरे के अघोषित भंडारण स्थल में तब्दील होता जा रहा है। सड़क किनारे बिखरा सड़ा-गला कचरा न केवल बदबू फैला रहा है, बल्कि मच्छर, मक्खी और अन्य रोग फैलाने वाले जीवों को भी आमंत्रित कर रहा है। इससे

स्वास्थ्य पर मंडराता गंभीर खतरा

ग्रामीणों में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, त्वचा रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि कचरा संग्रहण की जिम्मेदारी निभा रही महिला समिति स्वयं व्यथित होकर ग्रामीणों से अपील कर रही है कि कचरे को गांव के बीच या सड़क पर न फैलाएं। समिति का कहना है कि जब शासन द्वारा कचरा वाहन और जगह-जगह कूड़ेदान की सुविधा दी गई है, तो उनका उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा? खुले में कचरा फेंकने से न सिर्फ पर्यावरण दूषित हो रहा है, बल्कि सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य पर भी सीधा असर पड़ रहा है।

जोगी परिवार के करीबी रहे

टिंकू देवांगन ने विधायक दलेश्वर साहू के संग थामा कांग्रेस का हाथ!

डोंगरगांव/नवप्रदेश। क्षेत्रीय राजनीति में आज उस वक्त बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के सक्रिय नेता और जोगी परिवार के करीबी माने जाने वाले टिंकू देवांगन ने अपने समर्थकों के साथ औपचारिक रूप से कांग्रेस का दामन थाम लिया। पुराने बस स्टैंड पर आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

विधायक दलेश्वर साहू की मौजूदगी में हुआ भव्य स्वागत

पुराने बस स्टैंड स्थित धरना स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू ने टिंकू देवांगन और उनके साथ आए कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने सभी नव-प्रवेशी सदस्यों को कांग्रेस का पारंपरिक गमछा पहनाकर और तिलक लगाकर विधिवत पार्टी में शामिल किया। इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा कि कांग्रेस की रीति-नीति और विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में सभी को अपने दायित्व निर्वहन की जिम्मेदारी

धरसीवां/नवप्रदेश। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी व जिला अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई 11 जनवरी को कुशा भाऊ ठाकरे परिसर भाजपा कार्यालय में आयोजित इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल , भाजपा प्रदेश महामंत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रभारी अखिलेश सोनी, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और मां भारती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल ने कहा कि पार्टी का विस्तार और

मजबूती के लिए पार्टी विभिन्न मोर्चा का गठन करती है पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिनको जिम्मेदारी मिली है सभी लोगों को पार्टी को 100% देना है। अपने-अपने दायित्वों को सभी को ईमानदारी से निर्वहन करना है। 1 साल में सभी जातियों में कार्यकर्ता तैयार करना है। 1 साल बाद बिलासपुर में 1 लाख की रैली भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की करनी है। हम सभी को राजनीतिक व संगठन आत्मक प्रवास करना है संगठन की समस्याओं को दूर करना है ।कमजोर क्षेत्र में जाकर क्षेत्र को मजबूत करना है ।सभी जातियों उपजातियों का भला करना है उनमें नेतृत्व पैदा करना है ।हम सभी को अपने कार्यकर्ताओं के साथ सतत संवाद रखना है। उन्होंने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सभी पदाधिकारी को बधाई दी। प्रदेश महामंत्री यशवंत ने कहा कि हम सभी को जन आधार बढ़ाने के लिए कार्य करना है आने वाले दिनों में सरकार की योजनाओं को निचले स्तर तक ले जाने में पिछड़ा वर्ग मोर्चा का महत्वपूर्ण योगदान देना है प्रदेश महामंत्री वी मोर्चा प्रभारी अखिलेश सोनी ने कहा कि अलग-अलग समाज के लोगों को मोर्चा में लिया जाना है ।केंद्र व राज्य की सरकार ओबीसी कल्याणकारी सरकार है 2 साल बाद हम सभी को चुनाव में जाना है भाजपा के विचारधारा को निचले स्तर पर ले जाना है केंद्र में मोदी सरकार ने 27 ओबीसी केंद्रीय मंत्री बनाए हैं इसी तरह राज्य में 13 मंत्रियों में से 7ओबीसी मंत्री हैं। इसी तरह केंद्र सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। इसके पूर्व भाजपा पिछड़ा और मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने बैठक में उपस्थित सभी जिला अध्यक्षों को इस माह के अंत तक जिले के कार्यकरिणी बनने के निर्देश दिए। व्हाट्सएप ग्रुप व सोशल मीडिया में एक्टिव रहने के लिए निर्देशित किया। समाज प्रमुखों को सूची बनाने व आने वाले दिनों में प्रदेश कार्य समिति होने की सूचना दी। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा व् प्रदर्शन प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर ने किया। बैठक में भाजपा पिछड़ा और का मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक श्री चुन्नीलाल साहू, देवदत्त साहू, आशीष जायसवाल,निर्मला यादव, राजेंद्र नायक, हरिलाल सिन्हा, राजेन्द्र जायसवाल, तुलसी साहू, हेमराज सोनी, भागवत विश्वकर्मा, वीरेंद्र सोनी, छगन साहू,किशुन यदु , भूपेंद्र सेन नरेंद्र निर्मलकर, भूपेश चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, अखिलेश कश्यप, लक्ष्मण गौतम, तिलक साहू एवं सभी प्रदेश पदाधिकारी जिला अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

20 वर्षों के वैधानिक सुधार की अनदेखी कर रहा चुनाव आयोग : ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, 'आयोग अपने ही 20 वर्षों के वैधानिक सुधारों की अनदेखी कर रहा है, जिससे मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।' बता दें कि मुख्यमंत्री ने इससे पहले भी एक अन्य पत्र में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के समक्ष कई गंभीर मुद्दे उठाए थे।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को सोमवार को एक और पत्र लिखा है। यह उनका पांचवां पत्र है। इसमें उन्होंने वोटर लिस्ट के 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (एसआईआर) प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ियों पर चिंता जताई है।

ममता बनर्जी का दावा है कि 2002 की वोटर लिस्ट को डिजिटल बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया गया, जिससे गंभीर गलतियां हुई हैं। उनका कहना है कि इन तकनीकी खामियों की वजह से असली वोटरों को गलत तरीके से 'विसंगति' वाली श्रेणी में डाल दिया गया है। इससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह अपनी ही पुरानी प्रक्रियाओं की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में जो सुधार हुए थे, उन्हें दरकिनार कर वोटरों को फिर से अपनी पहचान साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने इसे मनमाना और संविधान की भावना के खिलाफ बताया।

वेनेजुएला पर डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान खुद को कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया

तेल कंपनियों को ट्रंप की दो टूक

बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दुनिया की दिग्गज तेल-गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी, जहां उन्होंने साफ कर दिया कि वेनेजुएला में निवेश अब सीधे अमेरिका के साथ होगा, ना कि वेनेजुएला सरकार के साथ। ट्रंप ने सुरक्षा की गारंटी देते हुए तेल उद्योग को बड़े निवेश के लिए खुला न्योता दिया। ट्रंप ने ये भी कहा कि अगर अमेरिका ने समय रहते कार्रवाई नहीं की होती, तो चीन या रूस वेनेजुएला में अपनी मजबूत मौजूदगी बना चुके होते।

खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया है। ट्रुथ सोशल पर साझा की गई इस पोस्ट में वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रमों के बाद ट्रंप को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में दर्शाने वाली एक डिजिटल रूप से संपादित तस्वीर दिखाई गई है। यह तस्वीर ऐसे वक्त पर साझा की गई है, जब ट्रंप लगातार वेनेजुएला के तेल भंडार को लेकर तेल कंपनियों के साथ बैठक कर रहे हैं और लगातार ईरान-ग्रीनलैंड पर धमकी भरे लहजे में बयानबाजी कर रहे हैं।

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई कर और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर पूरी दुनिया में भूचाल ला गया था। वहीं अब वेनेजुएला से जुड़ा एक पोस्ट कर नई सनसनी फैला दी है। अपने ट्रूथ सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट कर ट्रंप ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया है, उन्होंने इससे जुड़ी एक तस्वीर भी साझा की है। विकिपीडिया की संपादित तस्वीर में डोनाल्ड ट्रंप को जनवरी 2026 तक वेनेजुएला के वर्तमान राष्ट्रपति के रूप में दर्शाया गया। बता दें कि वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद ट्रंप ने यह भी दावा किया कि है जब तक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक अमेरिका वेनेजुएला सरकार का 'संचालन' करेगा। अमेरिका चाहता है कि उसकी तेल कंपनियां वेनेजुएला में निवेश करें। तेल उत्पादन और बुनियादी ढांचे को दोबारा खड़ा किया जाए। वेनेजुएला के तेल की वैश्विक बिक्री पर अमेरिका की पकड़ बनी रहे।

आइस के विरोध में न्यूयॉर्क की सड़कों पर उतरे हज़ारों लोग

न्यूयॉर्क(वार्ता)। अमेरिका के न्यूयॉर्क में हज़ारों प्रदर्शनकारियों ने मिनियापोलिस में रेनी गुड नाम की महिला की 'आइस' एजेंट के हाथों हुई हत्या के खिलाफ सेंट्रल पार्क से लेकर मैनहट्टन तक मार्च निकाला और ट्रंप प्रशासन का विरोध किया। उल्लेखनीय है कि एक आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंट ने मिनेसोटा के मिनियापोलिस शहर में बुधवार को कार में बैठी 37 वर्षीय महिला पर गोली चलाई थी, जिससे उसकी जान चली गयी थी। इस घटना के बाद विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी सहित समाज के कई तबकों ने आइस और ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है। न्यूयॉर्क में रविवार को हुए विरोध प्रदर्शन में रेनी गुड की हत्या के साथ-साथ राष्ट्रपति ट्रंप की सामूहिक निर्वासन नीतियों और वेनेजुएला में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई का भी विरोध किया गया।

साबरमती में दिखी भारत-जर्मनी की दोस्ती

जर्मन चांसलर और प्रधानमंत्री मोदी ने साथ मिलकर उड़ाई पतंग

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने सोमवार को गुजरात के साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026 में साथ मिलकर पतंग उड़ाई। यह नजारा भारत-जर्मनी के मजबूत होते रिश्तों का प्रतीक बन गया। फ्रेडरिक मर्ज़ प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारत की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय

संबंधों को और मजबूत करना है। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेता सबसे पहले साबरमती आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद दोनों ने अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में हिस्सा लिया. पीएम मोदी और चांसलर मर्ज़ के पतंग उड़ाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से बातचीत की और भारत-जर्मनी की साझेदारी को लेकर सकारात्मक संकेत दिए।

2026 में इसरों की पहली लांचिंग फेल

नईदिल्ली। इसरो का साल का पहला लॉन्च फेल हो गया है। क्क्स्ड्ढ-ष्ट62 मिशन से पहले पिछ्ली साल ष्ट61 भी फेल हुआ था. इस बार रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च हुआ। लेकिन तीसरे स्टेज के बाद आंकड़ा देरी से मिलने लगा. चौथा स्टेज शुरू तो हुआ लेकिन उसके बाद कोई अपडेट नहीं मिला। मिशन कंट्रोल सेंटर में सन्नाटा पसर गया। बाद में इसरो चीफ ने बताया कि तीसरे स्टेज में गड़बड़ हुई थी। रॉकेट दिशा बदल चुका था। इसलिए सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में खो गए। उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है।

लॉन्च सफल होता तो... चेन्नई के स्पेस स्टार्टअप OrbitAid Aerospace अपना पहला सैटेलाइट AayulSAT तैनात करता। यह सैटेलाइट अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स को ईंधन भरने की टेक्नोलॉजी दिखाता। यह भारत का पहला कॉमर्शियल इन-ऑर्बिट डॉकिंग और रिफ्यूलिंग इंटरफेस बनने वाला था।

त्रिपुरा के उनाकोटी में सांप्रदायिक हिंसा, 10 गिरफ्तार

अगरतला। त्रिपुरा के उनाकोटी जिले में हुई सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, शनिवार को कुमारघाट उपखंड के सैदरपार इलाके में एक स्थानीय मंदिर के लिए चंदा वसूली को लेकर हिंसा भड़क गई थी।

पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार राय ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी नई हिंसा की सूचना नहीं है। संवेदनशील इलाकों में अर्धसैनिक बलों द्वारा पैदल गश्त की जा रही है। राय ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है और इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। राय के मुताबिक, झड़पों में चार पुलिसकर्मी और छह नागरिक घायल हुए। इस बीच, कांग्रेस विधायक दल के नेता बिराजित सिन्हा ने आरोप लगाया कि उन्हें हिंसा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने से रोका गया।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (TRANS) QTR. NO.-C-40/11, FIRST FLOOR, DANGANIYA, RAIPUR (C.G.)-492 013
Website- www.cspc.co.in e-mail: - cetrans.raipur@cspc.co.in Ph.No. 0771-2574411,4450

No.02-19/Tender/P-115/1257 Raipur, Dtd: 12.01.2026

NOTICE INVITING TENDER (Through e-bidding in SAP SRM System)

Sealed tenders are invited from eligible bidders for following work:-:-

Sl.	Tender No.	Particulars of works	E.M.D. (in Rs.)	Due date of opening
1	02-19/ Tender/ P-115/1257 dtd.12/01/2026 RFx No.- 8100048873	Tender for Fabrication (on labour contract basis) of 988 MT EHV Tower and Substation Structure at Workshop Dn. Bhilai on labour contract basis.	Rs. 36,010/-	03/02/2026 14:30Hrs.

Note: Other terms & condition, details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

Executive Director (Trans.)
CSPTCL: Raipur (C.G.)

SAVE ELECTRICITY S-46533/2

हिंदी पर बिफरे मनसे प्रमुख, दी कड़ी चेतावनी

मुंबई। महाराष्ट्र में 15 जनवरी को बृहन्मुंबई महानगरपालिका सहित 29 निकाय में चुनाव होना है। ऐसे में मुंबई में एक रैली को संबोधित करते हुए रविवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अध्यक्ष राज ठाकरे ने यूपी-बिहार से आए लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए नया विवाद खड़ा कर दिया। इस रैली में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया था। दरअसल, राज ठाकरे बीएमसी चुनाव को लेकर दादर स्थित शिवतीर्थ मैदान में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मराठी एकता की हुंकार भरी साथ ही राज्य की मराठी भाषा, जमीन और पहचान पर गंभीर खतरा भी जताया।

।। न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ।।

रा.प्र.क्र.-202601100800016/अ-6 / वर्ष 2025-2026

ग्राम- बरहापुर / प.ह.नं.- 14

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि रा.प्र.क्र.-202601100800016 / अ-6 / वर्ष 2025-2026 में आवेदिका/क्रेता श्रीमती दुर्गा यादव पति छत्रपाल चंदेल जाति राउत निवासी बरहापुर तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा नामांतरण कराने आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बरहापुर प.ह.नं. 14 स्थित खसरा नंबर 1472/10 का टुकड़ा रकबा 0.10 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा क्रमांक CG-2024-25-114-1-2395 दिनांक 19.11.2024 के माध्यम से विक्रेता बलदाऊ सिंह वर्मा पिता सुखराम सिंह वर्मा साकिन जाताधर्रा से क्रय कर नामांतरण की मांग किया गया हैं। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 28/01/2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

आगामी पेशी दिनांक 28/01/2026

जारी दिनांक 05/01/2026

तहसीलदार
धमधा

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा 'जन नायकन' का मामला

नई दिल्ली। विजय की फिल्म 'जन नायकन' का मामला अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। निर्माता ने मद्रास हाई कोर्ट के एक अंतरिम आदेश को चुनौती दी है। 9 जनवरी को मद्रास हाई कोर्ट ने एक सिंगल जज के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को 'जन नायकन' को तुरंत सेंसर सर्टिफिकेट देने का निर्देश दिया गया था।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली
रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website:-risali.urbanecg.gov.in

क्र./ लो.क.वि./2025/2086 **रिसाली, दिनांक 9/01/26**

// निविदा सूचना//

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से लो.क.वि. भवन एसओआर 01.01.2015 एवं रोड एसओआर 01.01.2015 तथा इलेक्ट्रीकल एसओआर 2020 के आधार पर प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्रं.	कार्य का नाम	निविदा लागत (रू. लाख में)
1	वार्ड क्र. 09 डी.पी.एस रिसाली सेक्टर अंतर्गत ब्लॉक नं. 275 से 281 तक नाली निर्माण कार्य। (महापौर निधि)	7.50
2	वार्ड क्र. 20 स्टेशन मरोदा में आजाद मार्केट के पास चबुतरा निर्माण कार्य। (पार्षद निधि)	2.00
3	वार्ड क्र. 21 सूर्या नगर स्टेशन मरोदा आंगनबाड़ी एवं एसएलआरएम सेंटर के पास चुबतरा निर्माण कार्य। (पार्षद निधि)	9.00

नियम एवं शर्तें तथा कार्यों का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

निधन

राजनांदगांव। अत्यंत व्यथित हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि राजनांदगांव गौड़ ब्राह्मण समाज के श्री शिवकुमार बसोतिया तुमड़ीबोड वाले(महाराज) वर्तमान निवास अनुपम नगर कलरहाइट कालोनी के सुपुत्र : शुभम कृष्ण का हृदयघात से दुःखद गोलोक धाम गमन(निधन) आज दिनांक 12 जनवरी 2026,सोमवार को हो गया।जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 13 जनवरी 2026, मंगलवार को प्रातः 10. बजे निवास स्थान ङ्कअनुपम नगर कलर हाइट कॉलोनी,राजनांदगांव से मुक्तिधाम, जाएगी।

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
-: सार्वजनिक सूचना :-

क्रमांक /56/भू.अ.प्र.क्र ./202509210100001/अ/82 वर्ष 2024-25, बलौदाबाजार, दि. 07/01/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत् जिला बलौदाबाजार के भाटापारा हावड़ा रेल मार्ग के कि.मी. 768/16-18 एस.सी. नंबर 386 बोड़तरा गेट पर आर.यू.बी. का निर्माण कार्य हेतु **ग्राम-बोड़तरा, प.ह.नं.-13, तहसील-भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)** के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण **लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, रायपुर** (छ.ग.) के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

क्र.	भू-धारक का नाम	अर्जित खसरा नं.	कुल रकबा (हे. में)	अर्जित रकबा (हे. में)	भूमि का किस्म
1	(1) रिकचंद, पिता नोहरसिंग (2) मन्नू, छन्नू पिता नोहरसिंग	314	0.040	0.012	असिंचित मुख्य मार्ग
2	टेकराम पिता रामप्रसाद	313	0.028	0.012	असिंचित मुख्य मार्ग
3	(1) गजेन्द्रनारायण, कपिलनारायण पिता संतोष (2) वली दादा नारद पि श्रीराम कुर्मी	312	0.040	0.008	असिंचित मुख्य मार्ग
4	खोदिनबाई बेवा बोधकुमार, अशोक, अश्वनी, प्रमोद, विनोद, मुक्तेश्वरी, दमयंती पित्ता बोधकुमार कुर्मी	311	0.101	0.012	असिंचित मुख्य मार्ग
5	बाबा भगवान राम ट्रस्ट, संस्थापक अध्यक्ष अघोरेश्वर भगवान रामजी	307/1	0.478	0.036	असिंचित मुख्य मार्ग
6	देवन्ती कुमारी पति मनीष चौरसिया	310/2	0.046	0.012	परिवर्तित मुख्य मार्ग
	योगः-	**06**	**0.733**	**0.092**	

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस सार्वजनिक सूचना प्रकाशन की तिथि के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आधार सहित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) / भू-अर्जन अधिकारी, भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उसके पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

कलेक्टर
बलौदाबाजार भाटापारा

जी-252605956/2

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी तिथि 31/01/2026

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **31/01/2026** को **12.00** बजे से दोपहर **2.00** बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 30/01/2026, ईएमडी जमा एवं ई-नीलामी की तिथि: 31/01/2026

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
श्रीमती अंबाती अरुणा राव पत्नी अंबाती चंद्र शेखर राव एवं अंबाती चंद्र शेखर राव पुत्र अंबाती वेंकट कुमार मूर्ति, वार्ड नं. 1, शंकर नगर, सिटी मोर्चरी के पीछे महासमुंद, (छ.ग.) 493445	प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मचेवा में, पीसी नं. 41 आर.आई.सी. तहसील एवं जिला- महासमुंद (छ.ग.) क्षेत्रफल 402.85 वर्ग फुट में स्थित मकान नं. ईडब्ल्यूएस/बीएल-05/ एसएफ-202.	24/10/2024 07/01/2025 ₹ 6,43,682.78 12.01.2026 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 4,70,000/- ₹ 47,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Yogesh Ranga (Mo. 8468998989) Mahasamund Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005262 Email:cb5262@canarabank.com
श्री कय्युम खान पुत्र- साबित खान, वार्ड नं. 26, शराफ चाल के पास, तहसील रोड, चाम्पा (छ.ग.) 495671	खसरा नं. 416/2, ग्राम- महुदा, प.ह.नं. 01, आर.एन.एम. एवं तहसील- चाम्पा, जिला- जांजगीर-चाम्पा, क्षेत्रफल 5232 वर्गफीट में स्थित परिवर्तित भूमि। **चौहद्दीः पूर्व-** रास्ता, **उत्तर-** मंजु की बचत भूमि, **पश्चिम-** महेश्वर की भूमि, **दक्षिण-** जगराम की भूमि।	01/03/2025 17/05/2025 ₹ 12,73,418.05 12.01.2026 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 17,27,000/- ₹ 1,72,700/- ₹ 10,000/-	Mr. Ujjawal Prakash Dewangan (Mo. 9516009443) Champa Branch A/c. No. 209272946 CNRB0004306 Email:cb4306@canarabank.com
1. मेसर्स सत्या एग्रो, प्रो. रिया जैन, दुकान नं. 2, नेचर सिटी के सामने, सकरी मुंगेली रोड, उसलापुर, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 **2. रिया जैन पुत्री- सुनील कुमार**, पुष्पुंज भारती नगर, अयाब मजीद, बिलासपुर (छ.ग.) 495001	खसरा नं. 532/1, क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट= 185.873 वर्ग मीटर, अपरिवर्तन के बाद, नया खसरा नं. 532/26, प.ह.नं. 28/04, मौजा- सीपत, महल नंबर- 03, आरएनएम एव ब्लॉक- मस्तूरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) **चौहद्दीः पूर्व-** निस्तारी रास्ता, **उत्तर-** शासकीय भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता की भूमि, **पश्चिम-** विक्रेता की भूमि।	10/01/2025 25/03/2025 ₹ 20,50,358.40 12.01.2026 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 10,80,000/- ₹ 1,08,000/- ₹ 10,000/-	Mr. Nirbash Sahu (Mo. 9516009439) Vyapar Vihar, Bilaspur Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005979 Email:cb5979@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तेंः- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्तारकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.bankeauctions.com** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 11.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि **(EMD)** आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक **31/01/2026** को सुबह 11.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in** पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल **www.bankeauctions.com** में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को **दिनांक 31/01/2026** को सुबह 11.00 बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। **अ.** ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। **ब.** पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। **स.** इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। **द.** इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रकिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्च/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें **eauction@ccsl.co.in** अथवा सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in** पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें। (नोटः नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 13.01.2026 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 12.01.2026 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरीं

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई जंबूरी का आयोजन : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय जंबूरी में दो करोड़ रुपया के अस्थाई टॉयलट बनाने पर सवाल खड़ा करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय स्काऊट गाईड जंबूरी की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिलना गौरव की बात थी।लेकिन जंबूरी का आयोजन भी भाजपा सरकार के लिए अवैध कमाई का जरिया बन गया।जिस प्रकार प्रदेश स्काऊट गाईड के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जंबूरी के आयोजन में 10 करोड़ रुपया की अनिमियता के आरोप लगाये है और जंबूरी के आयोजन को रद्द किये।उसके बाद मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के द्वारा बिना जांच के आरोप को खारिज करना एवं बृजमोहन अग्रवाल और गजेंद्र यादव के बीच अध्यक्ष पद को लेकर छिड़ी नूरा कुश्ती से प्रदेश की छवि देश मे धूमिल हुई है।जम्बूरी में देश के कोने कोने से बच्चे शामिल हो रहे है।भाजपा सरकार आखिर उन बच्चों के बीच छत्तीसगढ़ की क्या छवि गढ़ रही है?बच्चो को क्या सीख दे रही है?पूरा देश को पता चल गया भाजपा सरकार का मूल काम भ्रष्टाचार करना है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई सरकारी कार्य का काम कमीशन फिक्स कर पहले चहेते को दे दिया जाता है।

2 साल के भाजपा शासनकाल में महिलायें असुरक्षित

रायपुर/नवप्रदेश। कोरबा के बांकीमोंगरा थाना में पुलिस और जरूरी सेवाओं के वाहन डायल 112 के चालक द्वारा वाहन में ही एक महिला के साथ सामूहिक दुराचार की घटना भाजपा सरकार की पुलिसिंग का दागदार चेहरा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यजनक और प्रदेश को शर्मसार कर देने वाली है। इस घटना ने छत्तीसगढ़ की सरकार और पुलिस के चेहरे पर कालिख पोत दी है। एके नंबर सब्बो बर का टैग लाईन वाली डायल 112 वाहन इतनी भयानक हो जायेगी इसकी कल्पना भी नहीं थी। प्रदेश कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी ज्यादा बिगड़ चुकी है कि पुलिस और उसके सहयोगी गैंगरेप जैसी घृणित घटनाओं को अंजाम दे रहे है। डायल 112 वाहन कानून व्यवस्था को बनाये रखने तथा पुलिस और जरूरी सेवाओं की आम आदमी तक त्वरित पहुंच की आपातकालीन सेवा है। उसका चालक यदि गैंगरेप करता है तो इस प्रदेश की सुरक्षा का भगवान ही मालिक है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोरबा के बांकी मोगरा थाना क्षेत्र का यह मामला अपवाद नहीं है पूरे प्रदेश में पुलिस के पीसीआर वैन और डायल 112 वाहन अपराधियो के संरक्षक बन चुके है। प्रदेश में नशे के पदार्थ बेचने वाला तथा अपराधियो के अड्डो के पास पीसीआर वैन के कर्मचचारी संरक्षण देते मिल जायेंगे। इनका काम अपराध को रोकना कम बढ़ावा देना अधिक हो गया है।

पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, गैंगवार में युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई इलाकों में बढ़ते अपराध के बीच एक बार फिर गैंगवार की घटना सामने आई है। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हुए आपसी संघर्ष में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुरानी रंजिश के चलते दो गुटों के बीच विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान चाकूबाजी की गई, जिसमें आदित्य कुर्रे और अभय सारथी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल इलाज के लिए मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान आदित्य कुर्रे ने दम तोड़ दिया, जबकि अभय सारथी की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड व्हीलचेयर का वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। सक्षम संस्था के तत्वावधान में अल्टियस कंपनी के सहयोग से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु मोटराइज्ड व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 11 जनवरी 2026 को श्रीराम मंदिर, वाल्मीकि सभागृह, वीआईपी रोड, रायपुर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भुवनेश यादव जी, सचिव, समाज कल्याण विभाग एवं आयुक्त, दिव्यांगजन, छत्तीसगढ़ शासन थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री वेदव्रत सिरमौर जी (आईपीएस) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री उज्ज्वल पोर्वाल जी उपस्थित रहे। अल्टियस कंपनी की ओर से श्री राधाचरण गुप्ता जी (महाप्रबंधक) एवं श्री रविंद्र कोपरगांवकर जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सक्षम के प्रांत संगठन मंत्री श्री रामजी राजवाड़े जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि श्री भुवनेश यादव जी का स्वागत श्रीमती अंजली चावड़ा (सह सचिव) एवं श्री अविनाश चटर्जी ने किया।

वेदव्रत सिरमौर जी का स्वागत श्री राजेश नायक एवं श्री शरद चंद्रह्ढ द्वारा किया गया।

उज्ज्वल पोर्वाल जी का स्वागत श्री संजीव कुमार सोनी एवं श्री खेमराज सेन ने किया।

राधाचरण गुप्ता जी का स्वागत श्रीमती इंदिरा जैन द्वारा किया गया।

जैनेंद्र जैन जी का स्वागत शिवकांत दुबे, श्री अनूप पांडेय का स्वागत रोहन दीक्षित × सुभाष जंघेल, ने किया। श्रीमती कुंजलता जैन - संगीता एवं डॉ. संजू उपाध्याय -- डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला जी द्वारा किया गया

रविंद्र कोपरगांवकर जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सक्षम, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनुषांगिक संस्था है और दिव्यांगजनों की सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। मोटराइज्ड व्हीलचेयर योजना हेतु कई बैठकों के बाद यह कार्य संभव हो पाया।

उन्होंने बताया कि देश के 7 प्रांतों में कुल 308 मोटराइज्ड व्हीलचेयर स्वीकृत हुई हैं, जिनमें से छत्तीसगढ़ राज्य को 58 दिव्यांगजनों को यह सुविधा मिल रही है। इसके लिए उन्होंने अल्टियस की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

आंजनेय यूनिवर्सिटी में वैश्विक शैक्षणिक सहयोग की नई पहल

❑छह देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल का आगमन

रायपुर/नवप्रदेश। आंजनेय यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं संस्थागत सहयोग को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत छह देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का आगमन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं प्रतिनिधिमंडल के मध्य उच्च शिक्षा, शोध, अकादमिक आदान-प्रदान, संयुक्त परियोजनाओं तथा सांस्कृतिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। इस दौरान कैमरून गणराज्य से सिल्वी-मिशेल एम्पोन टीएक, चाड से हिसेन ओउमार सेइदू, गिनी से अली बदारा सिसोको, साइकू ओउमार डियाल्लो, तिमोर-लेस्ते डेमोक्रेटिक से श्री कार्लितो नुनेस और क्यूबा से सुश्री ग्वाडालूपे दे रेग्ला प्रोमेता गोमेज शामिल रहीं। अतिथियों का विश्वविद्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक

शैली से आत्मीय स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल ने चर्चा में कहा कि अंतरराष्ट्रीय संवाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं साथ ही आंजनेय यूनिवर्सिटी को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंच से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

स्वामी विवेकानंद जयंती, सीएम साय बोले-भारत युवाशक्ति वाला देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के मौके पर प्रदेश के युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और विचार आज भी भारत की युवाशक्ति के लिए ऊर्जा, दिशा और आत्मविश्वास का सबसे बड़ा स्रोत हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को यह विश्वास दिया कि वे स्वयं अपने भविष्य के निर्माता हैं। उनके विचारों ने सेवा, आत्मबल और राष्ट्रप्रेम को जीवन का उद्देश्य बनाने की प्रेरणा दी। आज जब भारत अमृतकाल की ओर अग्रसर है, तब विवेकानंद जी की शिक्षाएँ युवाओं को जिम्मेदार, आत्मनिर्भर और राष्ट्रहित के प्रति सजग नागरिक बनने का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव का विषय है कि स्वामी विवेकानंद का जीवन रायपुर से भी जुड़ा रहा है। यहां की धरती पर बिताया गया उनका समय प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना और वैचारिक परंपरा को विशेष पहचान देता है।

विवेकानंद जी ने युवाओं को आत्मविश्वास चरित्र और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाया : वर्मा

❑राष्ट्रीय युवा दिवस पर रायपुर में 'स्वदेशी संकल्प दौड़'

रायपुर/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रायपुर में युवाओं के उत्साह और राष्ट्रप्रेम का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर सुभाष स्टेडियम से स्वामी विवेकानंद सरोवर तक ÷स्वदेशी संकल्प दौड़÷ का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, स्वदेशी भावना और सकारात्मक सोच का विकास करना रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर स्वदेशी संकल्प दौड़ को रवाना किया तथा उपस्थित युवाओं को स्वदेशी अपनाने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में धरसीवां विधायक श्री अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, निजी विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष श्री विजय कुमार गोयल, सचिव उच्च शिक्षा विभाग डॉ. एस. भारतीदासन,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे।

रायपुर में 'स्वदेशी संकल्प दौड़'

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार का होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन नहीं बल्कि व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का माध्यम भी है। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार उसकी युवा शक्ति होती है। भारत आज आज़ादी के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और देश की जनसंख्या में युवाओं की बड़ी भागीदारी इसे विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाला दशक युवा शक्ति के परिश्रम, ऊर्जा और नवाचार से भारत को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

लक्ष्य से कम धान खरीदी करने रकबा समर्पण का षड्यंत्र भाजपा का किसान विरोधी चरित्र: कांग्रेस

❑ जारी टोकन और वास्तविक खरीदी में अंतर बढ़ाने का नोडल अधिकारियों को दिया जा रहा लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में जानबूझ कर व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि इस खरीफ सीजन के धान खरीदी को पूरा होने में अब बस एक पखवाड़ा ही बचा है। यही वो समय है जब बड़े किसानों का धान मंडी में आता है, ऐसे समय में खरीदी को नियंत्रित करने के लिए बहुत अव्यावहारिक शर्त धान खरीदी के लिये नियुक्त नोडल अधिकारियों के सामने रखा गया है। खरीदी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को जारी निर्देश में साफतौर पर कहा गया है कि उपार्जन केंद्र में प्रतिदिन काटे गए टोकन और वास्तविक खरीदी में ज्यादा से ज्यादा अंतर लाना है, मतलब जितना टोकन काटा गया है, उतना धान मत खरीदो। धान खरीदी में किसानों को धान बेचने से रोकने की कई तरह से कोशिश की गई है जिसका नतीजा है कि इस बार धान हर सोसाइटियों में अब तक कम खरीदा गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा है कि प्रदेश में अभी भी करीब 5 लाख ऐसे किसान हैं, जिन्होंने एक बार भी धान नहीं बेचा है। अब अंतिम के 15 दिनों में धान की आवक तेज होगी, इसी को रोकने दुर्भावना पूर्वक किसान विरोधी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। एक तरफ प्रतिदिन टोकन की मात्रा में यह सरकार कटौती कर रही है, दूसरी तरफ सत्यापन के लिए अलग

फार्मूला अपनाया जा रहा है ताकि किसानों को अपना पूरा धान बेचने से रोका जा सके। भौतिक सत्यापन के लिए अलग से ऐप बनाया गया है जिसकी ट्रेनिंग पटवारियों को दी जा चुकी है। बिना सत्यापन के किसी भी किसान का धान नहीं खरीदना है। पिछले साल की खरीदी के हिसाब से भौतिक सत्यापन करने का आदेश देकर दबाव बनाया जा रहा है, जिसका विरोध पटवारियों ने किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने रकबा समर्पण के नाम पर धान कम खरीदने का आरोप लगाते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के किसान जान चुके हैं कि ये डबल इंजन वाली भाजपा सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती।

सोलर पैनल से दूर हुई चिंताराम की बिजली बिल की चिंता

रायपुर/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' ग्रामीण अंचलों में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के माध्यम से जहां लोगों को बढ़ते बिजली बिलों से राहत मिल रही है, वहीं वे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड खैरागढ़ अंतर्गत ग्राम सनडोंगरी के शिक्षक चिंताराम कंवर ग्रामीणों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आए हैं। उन्होंने अपने निवास की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित कर यह सिद्ध कर दिया कि सौर ऊर्जा भविष्य की सबसे किफायती, स्वच्छ एवं टिकाऊ ऊर्जा है। चिंताराम कंवर ने बताया

कि उन्हें इस योजना की जानकारी विद्युत विभाग द्वारा चलाए गए जनसंपर्क अभियान के माध्यम से प्राप्त हुई। योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल पंजीयन कराया और मात्र एक माह के भीतर उनके घर में सोलर संयंत्र की स्थापना पूर्ण हो गई। इस परियोजना के अंतर्गत उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन से कुल 1 लाख 08 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा दी जा रही भारी सब्सिडी एवं आसान मासिक किश्त की सुविधा से उन पर पड़ने वाला आर्थिक भार काफी कम हो गया है। वर्तमान में वे न केवल मुफ्त बिजली का लाभ ले रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं। चिंताराम कंवर की इस पहल से प्रेरित होकर जिले के अन्य ग्रामीणजन भी अब सौर ऊर्जा को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिससे जिले में हरित ऊर्जा की ओर एक मजबूत कदम देखने को मिल रहा है।

जेसीआई रायपुर मेडिको सिटी चैप्टर की नई कार्यकारिणी ने संभाला प्रभार

रायपुर/नवप्रदेश। जेसीआई रायपुर मेडिको सिटी चैप्टर विगत कई वर्षों से रायपुर में अपनी सोशल और ऐकडेमिक रूप में दे रहा है। रविवार को इस साल 2026 की नई कार्यकारिणी का पदग्रहण समारोह आयोजित किया गया । डॉ निखिल मोतीरमानी ने अध्यक्ष और डॉ अविनाश तिवारी ने सेक्रेटरी पद पर अपना प्रभार ग्रहण किया । डॉ निखिल मोतिरामानी एक हृदय रोग विशेषज्ञ है और अपनी सेवायें मोतीरमानी हार्ट क्लिनिक शंकर नगर में डायरेक्टर के रूप में कार्यरत है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में हमारे रायपुर के महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी ने की । उन्होंने सभी डॉक्टर के बीच अपने विचार रखे

। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ़ ऑनर जेसी देवेश मरोड़िया जी ने की जो अभी जे ए सी के जोन चेयरमैन है । 2025 के अध्यक्ष डॉ विकास गोयल ने साल भर हुई गतिविधियों की जानकारी दी और सभी सदस्यों का सम्मान किया । इस संस्था द्वारा समाज में पहुँच कर सेहत के देखभाल के लिए कैम्प आयोजन करना, नवीन तकनीकी के बारे में संघोष्टिया और बाकी अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर डॉ विनीता देवांगन ने पद ग्रहण किया । इस कार्यक्रम में डॉ मनीष गुप्ता , डॉ जितेंद्र सराफ, डॉ अनिल गुप्ता , डॉ सुमेधा श्रीवास्तव, डॉ के के साहू , डॉ आनंद बंसल, डॉ विकास भोजसिया और शहर के अनेक डॉक्टर उपस्थित थे।

ग्रीन आर्मी के महाराजबंध तालाब बचाओ अभियान का भव्य समापन

32 दिनों का जल शुद्धिकरण अभियान, 74 ट्रक कचरा बाहर, वायु शुद्धिकरण हेतु 1008 अग्निहोत्र

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रीन आर्मी द्वारा संचालित महाराजबंध तालाब बचाओ एवं जल शुद्धिकरण अभियान का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह अभियान 11 दिसंबर से प्रारंभ होकर 11 जनवरी तक लगातार 32 दिनों तक चला, जिसमें तालाब की सफाई, संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए निरंतर श्रमदान किया गया। अभियान के दौरान कुल 74 ट्रक कचरा एवं मलबा महाराजबंध तालाब से बाहर निकाला गया, जिससे तालाब की स्वच्छता, जल प्रवाह और पर्यावरणीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला।

समापन अवसर पर वायु शुद्धिकरण हेतु 1008 लोगों द्वारा 1008 अग्निहोत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही, भविष्य में तालाब की नियमित देखरेख और संरक्षण के उद्देश्य से 25 सदस्यों की महाराजबंध संरक्षण समिति का गठन भी किया गया। इस अवसर पर माननीय सुनील सोनी जी, विधायक तथा पूज्य महंत राम सुंदर दास जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माधव सेवा आश्रम, भोपाल से नलिनी दीदी, डॉ. पोद्दार सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े व्यक्तित्वों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्रीन आर्मी द्वारा बताया गया कि इस अभियान की रूपरेखा दो माह पूर्व तैयार की गई थी तथा संबंधित अधिकारियों एवं जन-प्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर तालाब सफाई हेतु निवेदन किया गया था। अपेक्षित कार्रवाई न होने की स्थिति में स्थानीय नागरिकों के सहयोग से स्वयं श्रमदान कर सफाई कार्य प्रारंभ किया गया, जो आगे चलकर एक व्यापक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। अभियान के दौरान नगर निगम द्वारा भी कुछ दिनों तक सहयोग प्रदान किया गया, जिसके अंतर्गत जेसीबी मशीन एवं श्रमिक उपलब्ध कराए गए, जिससे मलबा हटाने के कार्य में सहायता मिली।

न्यूज गैलरी

ब्लॉक मुख्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण किया

धरसींवां/नवप्रदेश। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर में ग्राम पंचायत ब्लॉक मुख्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया, स्थल को प्रेरणा मंच के रूप में घोषित किया गया, उक्त

अवसर में मुख्य आतिथ्य जनपद अध्यक्ष श्री मति शकुंतला ढीलेन सेन व अध्यक्षता पूजा अश्विनी वर्मा विशिष्ट आतिथ्य हेमंत वर्मा पत्रकार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष केशरवानी,भूपेन्द्र कसार पूर्व जनपद सदस्य, सरपंच साहिल खान व समस्त पंच उपस्थित हुए, दाउ पोषण लाल हायर सेकेण्डरी स्कूल परसतराई के विद्यार्थियों द्वारा स्वामी के जीवन पर व्याख्यान माला प्रतिस्पर्धा आयोजित कि गई, सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, शालेय संस्था प्रमुख चौहान व पीला राम साहू व्याख्याता,ने स्वामी के राह में चलने विद्यार्थियों को अनुग्रहित किया,मु का अधिकारी द्वारा धरसींवा के इस क्षेत्र को प्रेरणा स्थल धरसींवा विखं स्तरीय सवारने की बात कही।

विश्वकर्मा समाज परिक्षेत्र नगरी की बैठक अमाली में सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। विश्वकर्मा समाज परिक्षेत्र नगरी की महत्वपूर्ण बैठक ग्राम अमाली में आयोजित की गई। बैठक में जिला कमेटी के समक्ष परिक्षेत्र कमेटी का पुनर्गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय करने पर चर्चा की गई। पुनर्गठित परिक्षेत्र कमेटी में अध्यक्ष के रूप में समारू राम विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष मनेश्वर विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष नारद विश्वकर्मा तथा सचिव नंदकुमार विश्वकर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सह सचिव के रूप में रवि कुमार विश्वकर्मा तथा सलाहकार के रूप में लखन लाल विश्वकर्मा एवं गजेंद्र विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया। समाजसेवक के रूप में नंदलाल विश्वकर्मा का चयन किया गया। इसी बैठक में महिला प्रभाग की भी घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष रुक्मणी विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रमतुला विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष मीना विश्वकर्मा, सचिव किरण बाई विश्वकर्मा, सह सचिव पुनिया विश्वकर्मा तथा सलाहकार के रूप में मीरा बाई एवं देवकी बाई को दायित्व सौंपा गया।

गुरु घासीदास मंदिर निर्माण भूमि पूजन में शामिल हुए मनोज बंजारे

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम बंजारी, कुरूद, धमतरी में पूज्य संत बाबा श्री गुरु घासीदास जी के मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंजारे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सतनामी समाज के पूज्य संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी का मंदिर निर्माण ग्राम बंजारी में किया जा रहा है जिसके भूमि पूजन में शामिल होने वे आज यहां आए थे। उनके साथ ही ग्राम बंजारी के सरपंच, उपसरपंच एवं पंच गण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मंदिर का निर्माण सामाजिक सहयोग के द्वारा किया जा रहा है जो समस्त मानव समाज को गुर घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलने हेतु प्रेरणा देता रहेगा। इसके साथ ही मड़ई मेला का आयोजन किया गया जिसका समस्त ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया।

110युवाओं ने किया काव्य पाठ

भाटापारा/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जिला के लगभग 110 युवाओं ने काव्य पाठ, स्वामी विवेकानंद जी का अमर संदेश पर आधारित भाषण - युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और राष्ट्रनिर्माण के पथप्रदर्शक एवं रंगोली - युवा शक्ति प्रतियोगिता में भाग लिया। खेल अधिकारी श्रीमती प्रीति बंछोर बिजौरा ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में साक्षी अग्रवाल ने प्रथम, श्रद्धा त्रिपाठी ने द्वितीय एवं दिपांशु तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार काव्य पाठ प्रतियोगिता में सोनल वर्मा ने प्रथम एवं नसरीन निशा ने द्वितीय एवं प्रफुल्ल ने तृतीय स्थान, रंगोली प्रतियोगिता में पल्लवी ने प्रथम सिमरन ने द्वितीय एवं ने तेजल वर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मंत्री के हाथों सम्मानित हुए अमरजीत सलूजा

भाटापारा/नवप्रदेश। नवविकास दृष्टि कॉन्क्लेव एवं सम्मान समारोह का आयोजन कल, आज और कल थीम पर जिला ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज, व्यापार, शिक्षा एवं विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेंबर ऑफकॉमर्स भाटापारा इकाई के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा को व्यापारिक, सामाजिक एवं खेल क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और उपलब्धियों के लिए श्री टंकराम वर्मा उच्च शिक्षा एवं राजस्व मंत्री,के द्वारा सम्मानित किया गया।इस सम्मान समारोह में अनेक विशिष्ट अतिथियों सहित जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत के पदाधिकारी तथा गणमान्य नागरिक शामिल थे। अमरजीत सिंह सलूजा को यह सम्मान चेंबर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से व्यापारियों के हित में किए गए कार्य,अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से मेडिकल कैंप, रेलवे स्टेशन में वाटर कूलर स्थापना, जीएसटी, मंडी टैक्स सहित व्यापारिक समस्याओं पर सक्रिय भूमिका, तथा खेल जगत में ग्रैपलिंग एवं कुरान एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में खिलाड़ियों द्वारा जिला एवं राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक अर्जित करने जैसी उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया।

छात्र- छात्राओं को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

भाटापारा/नवप्रदेश। किरण इंवेट फ्यूजन वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा शासकीय उ मा शाला तरेंगा भाटापारा में कवच, आत्म सुरक्षा, व्यक्तित्व निर्माण, स्वास्थ जागरूकता महाअभियान का आयोजन किया गया। इसमें समाज सेवी अरूण बंटी छाबड़ा द्वारा छात्राओं को स्वेटर वितरित कर गुरुजन का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण पुलिस थाना प्रभारी हेमन्त पटेल ने हेलमेट पहनने, सिग्नल का ध्यान रखने, सड़क सुरक्षा, गाड़ी का बीमा कराने के फायदे ,तीन

सवारी न चलना, पढ़ाई कैरियर में ध्यान देना की बाते साझा की। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने,ओवर लोड वाहन ना चलाने, गाड़ी चलाते हुए मोबाइल का उपयोग न करने की जानकारी दी।श्री पटेल ने साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए फ्राड का शिकार ना होने की बात कहते हुए अपने आप को सुरक्षित रखने की जानकारी दी ।

इस दौरान डॉ वीणा साहू ने कवच आत्म सुरक्षा व्यक्तिव का निर्माण के बारे में जानकारियां दी। सीमा मल ने छात्राओं को कवच सारांश समझाया और छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

लगभग 340 बच्चों ने इस कैंप में भाग लिया और विभिन्न विषयों पर बहुत ही उमंग के साथ छात्राओं ने सुना और सवाल के जवाब भी दिए। इस कार्यक्रम में अतिथियों के अलावा सुरज शर्मा एडवोकेट नरेंद्र देवांगन अशोक श्रीवास्तव जिला विधी सेवा प्राधिकरण विभाग एवं स्कूलों के प्राचार्य चंद्राजी ,कुर्रे सर शिक्षक-शिक्षिका सहित समाज सेवी उपस्थित रहे।

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के लिए प्रेरणा और अनुसरणीय है: अरुण साव

■ **राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद के विशालकाय प्रतिमा स्थापित**

कुरूद/नवप्रदेश। आज स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती है, आप सभी को विवेकानंद जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ । आज का दिन और स्वामी जी की बात ना हो यह संभव नहीं... यूँ तो स्वामी जी ने ने अपने जीवनकाल में बहुत सारे अविस्मरणीय कार्य किए हैं। उनमे से एक यादगार कार्य रहा शिकागो का 1893 का महासम्मेलन भी है। यह भारत की ओर से शिकागो विश्व धर्म महा सभा में जो बात भारत की तरफसे रखी वह इतिहास में एक अमर अध्याय है । भारत की आत्मा का उद्घोष था, जिसने पश्चिम की भूमि पर अपने स्वरूप सहिष्णुता और सार्वभौमिक प्रेम की पहचान कराई। उन्होंने जिस आत्मविश्वास के साथ-गहनता, और करुणा के साथ

मानवता की एकता का संदेश दिया, उसने न केवल उस समय के श्रोताओं को को मंत्रमुग्ध किया, बाकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अमिट प्रेरणा का स्त्रोत बना दिया। उक्त बाते मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम अरुण साव ने नगरपालिका की सौग़ात देते हुए स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा अनावरण, स्वामी विवेकानंद मंगल भवन लोकार्पण करते हुए कहा। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कुरूद पुरे छत्तीसगढ में एक अलग पहचान बनाने वाली पालिका के रूप में तेज गति से आगे बढ़ रहा है. हम सदैव कुरूद विकास के लिए आगे रहेंगे, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर और कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर के तारीफ़करते हुए कहा् यहाँ कोई काम रुकने वाला नहीं है. नगर विकास के लिए लगभग दो करोड़ की घोषणा भी किये। *नगर के हृदय स्थल केनाल रोड मे राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद जयंती महोत्सव में हुआ स्वामी विवेकानंद जी के विशालकाय प्रतिमा का अनावरण, सर्व सुविधा युक्त स्वामी विवेकानंद मंगल भवन हुआ लोकार्पित। इस पुण्य अवसर पर कुरूद को विधिवत मिला नगरपालिका बनने की सौग़ात। विभागीय मंत्री अरुण साव ने कुरूद के चहुंओर विकास कार्यों मे 17 करोड़ से अधिक लोकार्पण-शिलान्यास करते हुए कुरूद नगरवासियों को दिये बधाई। छत्तीसगढ के उपमुख्यमंत्री और नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव, विधायक अजय चन्द्राकर, सांसद रूप कुमारी चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, पूर्व अध्यक्षगण निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर के साथ गणमान्य अतिथियों मे एल.पी.गोस्वामी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहु, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहु एवं समस्त पार्षदगणों के आतिथ्य मे संपन्न हुआ !

पंचकोशीय यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का पटवा में स्वागत

■ **फूल माला भेंट कर स्वागत किया गया**

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। ग्राम पटेवा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष 12 जनवरी सोमवार को पंचकोशीय यात्रा का प्रथम पड़ाव पटेवा के पटेश्वर नाथ से यात्रा प्रारंभ हुआ द्वितीय पड़ाव चंपारण के चम्पेश्वर नाथ, तृतीय पड़ाव बम्हनी के ब्रम्णेश्वर नाथ, चतुर्थ पड़ाव फिंगेश्वर के फणिकेश्वर नाथ, पंचम पड़ाव कोपरा के कोपेश्वर नाथ और अंतिम पड़ाव त्रिवेणी संगम राजिम कुलेश्वरनाथ महादेव का दर्शन कर श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण करने पदयात्रा करते हैं। पंचकोशी धाम यात्रा में आए श्रद्धालुओं को परदेसी राम साहू, पुलिसवारी साहू, कुशल साहू एवं समस्त परिवार के द्वारा सभी श्रद्धालुओं का फूल माला भेंट कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं में बरोंडा से लक्ष्मी राम साहू, निर्मला साहू, अजय साहू, गोपाल साहू, चतुर पटेल, चुवाराम, नंदिनी वर्मा, गोमती साहू, चौक भाई साहू, केवड़ा साहू, हिरौनी तारा साहू, दुल्हाऊद्दीन साहू, वेद राम साहू, सोमनाथ साहू एवं लगभग 2000 श्रद्धालुओं ने पंचकोशी धाम की यात्रा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत पटेवा के सरपंच कृष्णा यशवंत साहू एवं समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

यातायात एवं हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन

हेलमेट लगा कर वाहन चलाने की अपील की

नगरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक धमतरी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत धमतरी पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु निरंतर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में आज नगरी थाना द्वारा यातायात जागरूकता एवं हेलमेट अभियान के अंतर्गत पुलिस कर्मियों द्वारा बाइक रैली निकालकर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नगरी नगर में भव्य यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन चालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से

हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देने हेतु समझाइश दी गई।

नगरी थाना प्रभारी चक्रधर बाघ ने नागरिकों को संदेश दिया कि हेलमेट केवल नियम पालन का साधन नहीं, बल्कि एक जीवन रक्षक सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाए जा रहे इस अभियान में बच्चों, युवाओं एवं ग्रामीण नागरिकों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि जनसहयोग से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

खेलों से युवाओं के व्यक्तित्व का निर्माण होता है : मुकेश

शहीद नोहर सिंह का बलिदान सदैव प्रेरणा देगा

पिथौरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत छबर्रा में आयोजित शहीद नोहर सिंह ठाकुर स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रदेश सचिव नरेंद्र सेन ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भीथीडीह उपसरपंच शैलेन्द्र डडसेना एवं ग्राम पंचायत की सरपंच नंदिनी दीवान उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि मुकेश यादव ने अपने ओजस्वी संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि अनुशासन और संघर्ष की सीख देते हैं। उन्होंने शहीद नोहर सिंह ठाकुर के त्याग को नमन करते हुए क्षेत्र के युवाओं को खेल और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

इस प्रतियोगिता में लोहारडीह की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ठकुरीपाली को द्वितीय, पाटनदादर को तृतीय और परसापाली को चतुर्थ स्थान से संतोष करना पड़ा।

इस अवसर पर उपसरपंच श्याम सेन, शहीद परिवार से रणजीत ठाकुर सहित रूखमणी सेन, विष्णु ठाकुर, मुकेश पटेल, काशी धीवर, भगवनंतीन निर्मलकर, शीला पटेल, संतलाल सिन्हा, घनश्याम पटेल, अशोक नंद, गुणसागर पटेल, भागीरथी ध्रुव, शत्रुघन सिन्हा, जयभगवान निर्मलकर, तेजराम दीवान, सूरज यादव और धनसिह दीवान व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे, जिन्होंने मुकेश यादव के विचारों और खिलाड़ियों के खेल की सराहना की।

गरियाबंद पुलिस ने ''एक शाम शहिदो'' के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस द्वारा रजत जयंती 2025-26 समारोह के समापन अवसर पर '' एक शाम शहीदों के नाम'' देशभक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन पुलिस लाइन गरियाबंद में किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले के कलेक्टर श्री बी.एस.उईके, पुलिस अधीक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री धीरेन्द्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री रिखी यादव, डीएसपी लितेश सिंह, एसडीओपी निशा सिन्हा, डीएसपी गरिमा दादर,डीएसपी गोपाल वैश्य, डीएसपी मंजूलता राठौर एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी

को वीर जवानों के बलिदान से अवगत कराना और उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ आज दोपहर 3:00 बजे किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र/छात्राओं के द्वारा शहिदों को याद कर देश भक्ति गीत एवं डांस प्रस्तुत किया गया। साथ ही कराओके गीत ग्रुप के द्वारा देषभक्ति गीत का प्रस्तुती कर वीर सपूतों के शहादत को चरितार्थ किया गया। जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया कि, यह आयोजन उन वीरों के प्रति हमारी एक छोटी सी श्रद्धांजलि है, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के शहादत को नमन किया गया।

अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोपी पिता को जीवन पर्यंत तक आजीवन कारावास

भाटापारा/नवप्रदेश। एक दरिंदा पिता द्वारा अपनी ही सगी पुत्री के साथ बलात्संग कर रिश्तों को शर्मशार करने वाले आरोपी पिता को प्राकृत मृत्यु होने तक आजीवन कठोर कारावास एवं आर्थिक दंड की सजा से अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने दंडित किया है।घटना भाटापारा शहर थाना अंतर्गत ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड की है । विशेष लोक अभियोजक भाटापारा संजय बाजपेयी ने इस प्रकरण के बारे मे बताया कि पीड़ित की माँ ने दिनांक 14.09.2023 को थाना मे उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने पति व बच्चों के साथ अपने मायके में पिताजी के साथ रहती है। उसका पति विष्णु पवार जो रोजी-मजदूरी का कार्य करता है जो उन लोगों की अनुपस्थिति में दिनांक 26.04.2023 को उसकी नाबालिग पुत्री जिसकी उम्र 9 वर्ष है, के साथ अकेला पाकर दैहिक शोषण किया है। जिसकी जानकारी होने पर वह अपने पति से पूछी तो घटना को स्वीकार करते हुए रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी दिया है और घटना के बाद से उसे व उसकी नाबालिग पुत्री को छोड़कर अपने गाँव मनसर चला गया है।

शिव महापुराण | **खेतों में आग लगाने से वातावरण व नकारात्मक प्रभाव मानव जीवन पर भी पड़ता है, अग्नि जलाना दोषपूर्ण कर्म है**

कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक गिरी बापू जी महाराज

नगरी/नवप्रदेश। जो व्यक्ति सत्संग नहीं करता, उसके जीवन में खान-पान, वाणी और व्यवहार में विवेक का अभाव हो जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सत्संग को अपनाना चाहिए

देऊरपारा सिहावा स्थित पावन कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक गिरी बापू जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित 828वीं श्री शिव महापुराण कथा के आठवें दिवस श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और संपूर्ण परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

अपने प्रेरक प्रवचन में गिरी बापू जी

महाराज ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खेतों में फसल अवशेष जलाना महापाप के समान है। इससे न केवल छोटे-छोटे जीव-जंतुओं की मृत्यु होती है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंचती है। उन्होंने कहा कि खेतों में आग लगाने से वातावरण प्रदूषित होता है और इसका नकारात्मक प्रभाव मानव जीवन पर भी पड़ता है। अग्नि जलाना दोषपूर्ण कर्म है, जिससे जीवन में दरिद्रता और कष्ट आते हैं।

गिरी बापू जी महाराज ने अपने प्रवचन में जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में सोना-चांदी या धन का महत्व नहीं, बल्कि गुणों का महत्व होता है। गुणवान व्यक्ति की हर स्थान पर प्रतिष्ठा होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में ऊंच-नीच का भाव नहीं रखना चाहिए, बल्कि विवेक से आचरण करना चाहिए। विवेक और विनय (विनायक) जीवन के प्रमुख आधार हैं।

उन्होंने सत्संग के महत्व को रेखांकित करते हुए तुलसीदास जी का उल्लेख किया और कहा कि जिसके जीवन में विवेक होता है, वह आहार-विहार और विचार—तीनों में संतुलन रखता है। ऐसे व्यक्ति दीर्घायु होते हैं। रामचरितमानस के माध्यम से उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति सत्संग नहीं करता, उसके जीवन में खान-पान, वाणी और व्यवहार में विवेक का अभाव हो जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सत्संग को अपनाना चाहिए, जिससे विवेकपूर्ण और सदाचारयुक्त जीवन का निर्माण हो सके। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर धर्म, सदाचार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश आत्मसात करते नजर आए।

महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

भाटापारा /नवप्रदेश। नगर की श्री पंचमुखी हनुमान यज्ञ आयोजन समिति के द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर विगत 15 वर्षों से जनकल्याणार्थ यज्ञ का धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है इसी क्रम में इस वर्ष हरिहरात्मक यज्ञ किया जाना है जिसकी तैयारी एवं रुपरेखा बनाने हेतु एक आवश्यक बैठक यज्ञ स्थल में आहुत की गई जिसमें यज्ञ आयोजन में होने वाले समस्त कार्यक्रमों की तैयारी को अंतिम रूप प्रदान किया गया जिसमें 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे रामनाम सप्ताह मंडप से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। 19 जनवरी को मंडप प्रवेश के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा दोपहर के सत्र में 19 जनवरी से 25 जनवरी तक प्रति दिन दोपहर 3=30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन स्तुति बहनजी कानपुर द्वारा किया जाएगा 20 तारीख को

रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा सुंदरकांड का पाठ होगा 22 व 23 जनवरी को बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार संस्था द्वारा कराया जाएगा 23 जनवरी को ही रात्रि में श्याम भजन आयोजित है जिसमें बिलासपुर की नेहा पाण्डेय द्वारा श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी 24 जनवरी को हनुमान चालीसा पाठ समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ 25 जनवरी भागवत कथा विश्राम 27 तारीख को राजनांदगांव के गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का वाचन किया जाएगा।

कभी सत्ता व संगठन के लिए 'संकटमोचक' रहे बृजमोहन 'संकट सृजक' कैसे बने?

सर पर सत्ता का ताज जब तक रहा बने रहे संकटमोचक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य में भाजपा की सत्ता होने के बावजूद पार्टी में अभूतपूर्व गदर मची है। आम तौर पर भाजपा को अनुशासन और कैडर बेस पार्टी माना जाता है। यहां अनुशासनहीनता को बर्दाश्त करने की परंपरा ही नहीं रही। मगर, ताजा घटनाक्रमों में पार्टी का अनुशासन तार-तार हो रहा है। अनुशासनहीनता की आंच से संगठन के साथ ही राज्य सरकार की साख को भी धक्का लग रहा है।

पार्टी में ताजा घमासान बालोद जिले में हो रहे नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी को लेकर मचा है। प्रदेश के कद्दावर मंत्री रह चुके वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस आयोजन के मामले में न सिर्फ स्काउट एंड गाइड, बल्कि शिक्षा विभाग सहित पूरी साय सरकार को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। विवाद शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले स्काउट एंड गाइड से जुड़ा है। लेकिन, बृजमोहन के अदालत जाने के फैसले से भाजपा सरकार पर उंगली उठने लगी है। कांग्रेस को भाजपा सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल गया है।

सांसद बृजमोहन को डेढ़ साल पहले लोकसभा चुनाव की टिकट मिलने के बाद शिक्षा मंत्री पद छोड़ना पड़ा। राज्य सरकार में सबसे सीनियर मंत्री के रूप में स्थापित रहे बृजमोहन को सांसद बनने के बाद केंद्र में मंत्री पद मिलने की उम्मीद थी। यह उम्मीद जैसे ही टूटी, बृजमोहन का गुस्सा फूटने लगा। लेटर बम से फूटने वाला गुस्सा अब अदालत तक पहुंच चुका है। निशाने पर राज्य की साय सरकार है।

याद रखना होगा कि 15 साल के रमन शासनकाल में बृजमोहन अग्रवाल को सरकार में मुख्यमंत्री के बाद सबसे ज्यादा अहमियत मिलती रही। रमन

सरकार में ÷ नंबर 2÷ कहे जाने वाले बृजमोहन अग्रवाल को छत्तीसगढ़ भाजपा और रमन सरकार का संकटमोचक भी कहा जाता था। लेकिन, अब मोहन की भूमिका बदल गई है। मंत्री पद से हटाए जाने के बाद से संकटमोचक बृजमोहन ने पार्टी के लिये ÷संकट सृजन÷ का काम शुरू कर दिया है।

पहले भी फोड़ चुके हैं कई लेटर बम

दिसंबर 2025 में जमीन की कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ में ज़मीन की कीमतें अचानक बढ़ गई। सांसद बृजमोहन ने इसे 'इकोनॉमी पर सीधा हमला' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इतना बड़ा बदलाव करने से पहले न तो कोई स्टडी की और न ही लोगों की राय ली। बृजमोहन ने इस फ़ैसले को ÷जनविरोधी÷ और ÷आर्थिक अन्याय÷ बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चिट्ठी लिखकर गाइडलाइन को तुरंत रोकने की मांग भी की

बृजमोहन ने 13 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा जिसमें उन्होंने राजधानी रायपुर में ला एंड ऑर्डर का मुद्दा उठाया. उन्होंने राजधानी में क्राइम के नए-नए तरीके, साइबर अपराध बढ़ने पर चिंता जताई।

बृजमोहन ने इससे पहले भी दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने की मांग की थी।

बृजमोहन अग्रवाल ने यातायात व्यवस्था चौपट होने पर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। यातायात की गंभीर स्थिति एवं पंजीकृत वाहनों के बढ़ते दबाव को रोकने के लिये पुलिस बल बढ़ाने कहा। बृजमोहन अग्रवाल ने 22 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री को लेटर लिखा। अप्रैल में ही 45 डिग्री का तापमान होने के कारण बच्चों के स्कूलों में समय से पूर्व ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की।

4 मई 2025 को बृजमोहन ने रायपुर के शासकीय हार्ट अस्पताल में मरीजों को इलाज न मिलने का मुद्दा उठाया। पत्र में उन्होंने एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में ओपन हार्ट सर्जरी और बायपास सर्जरी न होने का जिक्र करते हुए तत्काल सुविधा शुरू करने की मांग की। बृजमोहन के लगातार लेटर बम से भाजपा सरकार पर सवाल उठने लगे हैं।

क्या बृजमोहन ने क्रास कर दी पार्टी की रेड लाइन ?: प्रदेश के दिग्गज भाजपा नेता अब मानने लगे हैं कि बृजमोहन ने खुले आम बयानबाजी करने के साथ ही लेटर बन और अब अदालत में केस दायर कर पार्टी की रेड लाइन क्रास कर दी है। पार्टी के अंदरखाने में आवाज फूटने लगी है कि बृजमोहन को मुख्यमंत्री न बन पाने का मलाल है। राज्य में भाजपा की चौथी बार सरकार बनने के बाद तो मंत्री पद भी सिर्फ 6 महीने के लिये मिला। सवाल किये जा रहे हैं कि लेटर बम से लेकर अदालत तक जाने का बृजमोहन का रास्ता क्या उन्हें पार्टी से बाहर कर देगा?

जंबूरी विवाद को इस तरह समझें

बालोद जिले में राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 9 जनवरी को शुरू हुआ। जंबूरी शुरू होने से एक हफ्ते पहले ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खुद को भारत स्काउट गाइड के राज्य परिषद का अध्यक्ष बताते हुए आयोजन को स्थगित करने की घोषणा कर दी। इस मामले को लेकर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की। याचिका में कहा गया है कि वे ही अध्यक्ष हैं। उनको पद से हटाने का प्रस्ताव असंवैधानिक है। दरअसल, जंबूरी का आयोजन स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के नेतृत्व में किया गया। गजेंद्र खुद को स्काउट गाइड का अध्यक्ष बता रहे हैं। इधर, बृजमोहन ने खुद को अध्यक्ष बताते हुए दावा किया है कि 10 करोड़ की वित्तीय अनियमितता के कारण आयोजन को रद्द करने का फैसला किया गया है। स्काउट गाइड के अध्यक्ष पद पर वे लगातार काम करते आ रहे हैं। उन्हें बिना जानकारी दिए आयोजन करना गलत है। लेकिन यह आयोजन विवादों के साथ संपन्न हो गया।

न्यूज गैलरी

ट्रेडिंग का झांसा देकर लाखों की ठगी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। साइबर पुलिस ने बताया कि शहीद वीरनारायण सिंग नगर खुर्सीपार निवासी मनीष कुमार गजपाल को आनलाईन ट्रेडिंग एप का झांसा देकर ठगी किया गया। अज्ञात ने पीड़ित के मोबाइल के वाटस्अप पर लिंक भेजा गया। जिसे ज्वाईन करने पर ट्रेडिंग करने की जानकारी दी गई। माह दिसम्बर में ट्रेडिंग में अपना पैसा लगाने को तैयार हुआ। एपलिकेशन को इन्स्टाल कराया गया। जिसमें ट्रेडिंग की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। झांसे में आकर अलग-अलग समय पर कुल ट्रेडिंग के नाम पर कुल 13.90 लाख रूपये का ठगी किया गया। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। फिलहाल ठगी के मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

दुकान के गल्ले से कैश पार करने वाले तीन गिरफ्तार

भिलाईनगर/नवप्रदेश। पाइप सेनेटरी दुकान के गल्ले से सवा दो लाख रुपए कैश की चोरी करने वाले तीन आरोपियों को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मैत्री नगर रिसाली निवासी उमाकांत यादव (54 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी साई ट्रेडर्स के नाम से पाइप सेनेटरी की दुकान है। दुकान के कैश काउन्टर के गल्ले के लॉकर का ताला तोड़कर कुल 2 लाख 25 हजार रुपए की रकम किसी अज्ञात ने चोरी कर ली। प्रकरण में पुलिस ने धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच में लिया। विवेचना के दौरान तीन संदिग्धों की जानकारी मिली। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम ग्राम धनोरा निवासी तेजेश्वर जांगड़े उर्फ चिंटू (20 वर्ष), राकेश यादव उर्फ पाकू (20 वर्ष) और गोपी किशन साहू (21 वर्ष) बताए। 28-29 दिसंबर की रात पाइप सेनेटरी दुकान के कैश काउण्टर का गल्ला तोड़कर उसमें रखे रूपए चोरी करना स्वीकार किए।

फेटो-2- नपा उपाध्यक्ष निरीक्षण करते

स्वर्ण पदक के साथ किरण राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 23वीं सीनियर (महिला एवं पुरुष) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन कर्मा फिटनेस पचपेड़ी नाका रायपुर में 9 से 11 जनवरी तक आयोजित किया गया। आयोजन में महासमुंद जिले से पुरुष वर्ग में 60 किलो कैटेगरी में शंकर लाल एवं 65 किलो कैटेगरी में खोमन निषाद तथा महिला वर्ग में 53 किलो कैटेगरी में किरण बघेल शामिल हुए। किरण ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता एवं राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। किरण के स्वर्ण पदक जीतने एवं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला वेटलिफ्टिंग संघ महासमुंद अध्यक्ष खिलावन बघेल, खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे, सचिव गणेशराम कोसरे, कोषाध्यक्ष सुमित बघेल, दिनेश राव भोसले, गुरदीप सिंह छाबड़ा, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र देवांगन, इंद्राणी भास्कर आदि ने हर्ष जताया है।

18 जनवरी को जुटेंगे 4500 'पुलिस मितान'

रायपुर पुलिस का महा-अभियान: 10% सड़क हादसे कम करने का लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी में बेकाबू होते सड़क हादसों पर लगाम कसने के लिए रायपुर पुलिस अब 'जनभागीदारी' का सहारा लेने जा रही है। सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी और मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के बाद पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में 10 फीसदी कमी लाने का लक्ष्य रखा है। इस मिशन को धरातल पर उतारने के लिए आगामी 18 जनवरी को एक बड़ा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में 4500 पुलिस मितानों को सक्रिय किया जाएगा।

खरोरा हादसे के बाद उपजा 'पुलिस मितान' का कांसेप्ट

सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस मितानों की अवधारणा खरोरा रोड पर हुए उस भीषण हादसे के बाद शुरू हुई थी, जिसमें 14 ग्रामीणों की मौत हो गई थी। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह की पहल पर गांव-गांव के युवाओं, ट्रांसपोर्टरों और पंचायत प्रतिनिधियों को इस अभियान से जोड़ा गया।

> 18 जनवरी के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। पुलिस मितान न केवल घायलों की मदद कर रहे हैं, बल्कि जागरूकता अभियान की अहम कड़ी बन चुके हैं। उन्हें आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।
>
> **डॉ. प्रशांत शुक्ला,** एएसपी ट्रैफिक, रायपुर

2025 के डराने वाले आंकड़े: राजधानी में 618 मौतें

साल 2025 सड़क सुरक्षा के लिहाज से राजधानी के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। आंकड़ों के मुताबिक: कुल हादसे 2063 एक्सीडेंट दर्ज किए गए। इन हादसों में 618 लोगों ने अपनी जान गंवाई, वहीं 1382 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं, पूरे प्रदेश की बात करें तो 2025 में 15,290 सड़क हादसे हुए, जो 2024 की तुलना में 2.91त्न अधिक हैं।

क्या करेंगे पुलिस मितान?

1. **फर्स्ट एड:** घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाने और प्राथमिक उपचार में मदद।
2. **जागरूकता:** माल वाहक वाहनों में सवारी न बैठाने और ट्रैफिक नियमों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना।
3. **ट्रैफिक मैनेजमेंट:** जरूरत पड़ने पर ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर व्यवस्था संभालना।

प्रांतीय स्तर पर मिली नियुक्ति, शुभचिंतकों में हर्ष

योगेश्वर देशमुख बने भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश सहसंयोजक

बालोद/नवप्रदेश। मूलतः ग्राम जगन्नाथपुर जिला बालोद के रहने वाले योगेश्वर देशमुख को भाजपा किसान मोर्चा में प्रांतीय टीम में जगह मिली है। उन्हें रसायन एवं उर्वरक बीज प्रकल्प के अंतर्गत प्रदेश सहसंयोजक सहसंयोजक बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से उनके जन्म भूमि ग्राम जगन्नाथपुर सहित उनके सभी शुभचिंतकों और समाज में हर्ष का माहौल है।

सभी ने उन्हें बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति व प्रदेश नेतृत्व द्वारा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर द्वारा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रकल्प के प्रदेश सह संयोजक के पद पर उन्हें नियुक्त किया गया है।

श्री देशमुख ने इस नियुक्ति पर भाजपा और किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। साथ ही उन्होंने सभी शुभचिंतकों व बधाई देने वालों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग, मार्गदर्शन आशीर्वाद से मुझे ये पद प्राप्त हुआ है। बता दे की योगेश्वर देशमुख छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष पद भी हैं। समाज सेवा के साथ समाज को आगे बढ़ाने में भी उनका अहम योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ भाजपा ने ग्रामीण इलाकों में अपनी पकड़ और मजबूत करने के लिए किसान मोर्चा की इस नई टीम का एलान किया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से जारी इस सूची में जगन्नाथपुर बालोद जिले के योगेश्वर देशमुख को प्रदेश सहसंयोजक जैसी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

श्री योगेश्वर देशमुख कृषि और रसायन के क्षेत्र में लंबे समय से काम कर रहे हैं। उन्हें किसानों से संबंधित मुद्दों को लेकर बखूबी जानकारी है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि इस नई टीम की नियुक्ति और फेरबदल के पीछे का असली मकसद किसानों के साथ सीधा रिश्ता जोड़ना है।

फाफाडीह में डेयरी संचालक पर 5 हजार रुपए जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम जोन-2 कमिश्नरी ने रमनमंदिर वार्ड अंतर्गत फाफाडीह एरिया में चल रही महामाया डेयरी पर गंदगी फैलाने के कारण 5 हजार जुर्माना लगा दिया। जोन कमिश्नर आरके डोंगरे ने बताया कि यह डेयरी बस्ती क्षेत्र में है। डेयरी से निकले मवेशियों के गोबर व गंदे पानी के कारण लगातार बदबू फैल रही थी। नागरिक डेयरी संचालक धर्मराज साहू को गंदगी हटाने और रोजाना सफाई करने लगातार बोलते रहे, उनकी बातों को अनसुना किया गया। तदुपरांत निगम में शिकायत के बाद जोन के सफाई अधिकारी रवि लावनिया और उनकी टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण करने के बाद गंदगी फैलाने की पुष्टि कर दी।

मानव-हाथी द्वंद्व रोकथाम में गरियाबंद जिले को मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट पुरस्कार 2025

गरियाबंद/नवप्रदेश। मानव-हाथी द्वंद्व की प्रभावी रोकथाम एवं जनहानि में उल्लेखनीय कमी लाने के लिए गरियाबंद जिले को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जिले में लागू की गई एलिफेंट ट्रैकिंग अलर्ट एप एवं एआई आधारित ट्रैकिंग प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया।

कलेक्टर बीएस उईके ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि गरियाबंद जिला उड़ीसा सीमा से लगते हुए धमतरी एवं महाराष्ट्र के गढ़चिरौली सीमा तक फैले हाथियों के विचरण क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिले में स्थित सीतानदी टाइगर रिजर्व, जिसमें गरियाबंद एवं धमतरी जिलों के वन क्षेत्र शामिल हैं, लगभग 125 ग्रामों से घिरा हुआ है। इस क्षेत्र में मानवङ्कहाथी द्वंद्व एवं जनहानि की संभावनाएं अधिक रहती हैं। इन चुनौतियों को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग द्वारा हाथी मित्र दल के माध्यम से एआई आधारित ट्रैकिंग कर हाथियों की लोकेशन का पता लगाया जाता है।

एलिफेंट ट्रैकिंग अलर्ट एप के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में डिजिटल अलर्ट एवं ग्राम स्तर पर पूर्व सूचना जारी की जाती है, जिससे ग्रामीणों को समय रहते सतर्क किया जा सके। इस पहल के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 के बाद से जनहानि एवं मुआवजा वितरण में उल्लेखनीय कमी आई है। सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि वर्ष 2022 में मानवङ्कहाथी द्वंद्व के कारण लगभग 78 लाख रुपये का मुआवजा तथा 6 जनों की मृत्यु हुई थी। वहीं वर्ष 2023 में यह आंकड़ा घटकर 22 लाख रुपये एवं 3 मृत्यु, वर्ष 2024 में 15 लाख रुपये एवं शून्य मृत्यु, तथा वर्ष 2025 में 10 लाख रुपये मुआवजा एवं 1 मृत्यु तक सीमित हो गया है।

रिटायर बीएसपी अफसर ने लालच में गंवाए 28.50 लाख रुपए

भिलाईनगर/नवप्रदेश। ऑनलाइन ट्रेडिंग और आईपीओ में भारी मुनाफे का प्रलोभन देकर साइबर ठगों ने भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त एक अधिकारी से 28 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना भिलाईनगर में आरोपियों के विरुद्ध धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि आर राजू वर्ष 2024 में सीनियर मैनेजर के पद से बीएसपी से सेवानिवृत्त हुए हैं। इस दौरान मिली रकम स्टेट बैंक आफ इंडिया, यश बैंक व अन्य बैंकों में जमा किया था। वह रिलायंस, टाटा व अन्य कंपनियों में ट्रेडिंग करते थे। 17 सितंबर को कियारा शर्मा स्टीट्यूशनल स्टाक ब्रोकर की असिसटेंट ने प्रार्थी के मोबाइल नंबर वाटसएप काल किया और बताया कि उनके वाटसएप ग्रुप के माध्यम से ट्रेडिंग करने पर 90 प्रतिशत लाभ प्राप्त होगा। इसके बाद प्रार्थी को के-999 फाइनेंसियल फ्री क्लब में जोड़ा गया। ग्रुप में 59 मेम्बर थे। प्रार्थी ने उक्त ग्रुप के माध्यम से टाटा, मारुति, रिलायंस व अन्य कंपनियों में ट्रेडिंग की। 70 हजार रुपये की ट्रेडिंग में उसे 50 हजार का लाभ हुआ। इसके बाद आइपीओ में लिस्डेट कंपनी में शेयर खरीदने के लिए प्रलोभन दिया गया।

अब स्टेशन पर कार पार्किंग हुई महंगी

2 घंटे के 30 की जगह 50 रुपए और एक दिन का 200 लगेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में अब गाड़ी खड़ी करना पहले से महंगा हो गया है। स्टेशन के पार्किंग में 2 घंटे गाड़ी खड़ी करने के लिए पहले 30 रुपए देने पड़ते थे, लेकिन अब 50 रुपए देने पड़ेंगे। इसी तरह पहले एक दिन के लिए 200 रुपए चार्ज देना पड़ता था, लेकिन अब 250 रुपए देने होंगे।

रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग हुई महंगी

इसकी सबसे बड़ी वजह जो सामने आई वह है, स्टेशन की पार्किंग का ठेका इस साल 30 लाख के बजाय एक करोड़ में गया है। टेंडर की रकम दोगुना से भी ज्यादा होने से ही पार्किंग शुल्क बढ़ा दिया गया है। इसका सीधा असर अब आम लोगों पर ही पड़ेगा।

8 जनवरी से लागू हुई किमतें: स्टेशन में हर दिन 70 हजार से ज्यादा लोग आना-जाना करते हैं। इसमें बड़ी संख्या में लोग गाड़ियों से आना-जाना करते हैं। यही वजह है कि स्टेशन की पार्किंग हर समय पैक ही रहती है। नया पार्किंग शुल्क 8 जनवरी से लागू हो चुका है।

रोजाना के यात्रियों की बढ़ी परेशानी

रेलवे के अफसरों के अनुसार नया टेंडर तीन साल के लिए जारी किया गया है। यानी अभी लोगों को तीन साल तक बढ़ा हुआ शुल्क ही देना होगा। अचानक पार्किंग शुल्क बढ़ने की वजह से स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को रोजाना कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। स्टेशन में अभी गाड़ी खड़ी करने को लेकर कई तरह के विवाद होते रहते हैं। खासतौर पर गाड़ी को नुकसान या चोरी होने पर ठेका लेने वाले तुरंत अपना हाथ खड़े कर देते हैं। वे रेलवे पुलिस के पास उन्हें भेज देते हैं। इससे लोगों को काफी नुकसान होता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com